

ईरान में युद्ध के हालात से तय होगी शेयर बाजार की चाल - 12



पेट्रोल-डीजल मूल्य स्थिर रखने का बोझ अब रिफाइनरी भी भुगतेंगी - 12




कांग्रेस ने असम के स्वास्थ्य बजट से हर साल 150 करोड़ रुपये हड़पे - 13



गिल और मंधाना को बीसीसीआई के शीर्ष पुरस्कार से नवाजा गया - 14


आज का मौसम | 31.0° अधिकतम तापमान | 17.0° न्यूनतम तापमान | सूर्योदय 06.21 | सूर्यास्त 06.21

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

बरेली

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष द्वादशी उपरांत 09:41 त्रयोदशी विक्रम संवत 2083

सोमवार, 16 मार्च 2026, वर्ष 7, अंक 110, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## एलपीजी सिलेंडर नहीं रख सकेंगे पीएनजी उपभोक्ता

नई दिल्ली, एजेंसी

- सरकार ने लगाई रोक, वैश्विक स्तर पर ऊर्जा आपूर्ति में संकट के चलते लिया फैसला



सरकार ने पाइप वाली रसोई गैस (पीएनजी) का कनेक्शन रखने वाले वाले परिवारों के लिए सब्सिडी वाला एलपीजी कनेक्शन रखने या लेने पर रोक लगा दी है। इस बीच, वैश्विक स्तर पर ऊर्जा आपूर्ति में संकट के चलते क्षेत्र के नियामक ने शहर गैस वितरण कंपनियों से अपने पीएनजी ढांचे का विस्तार तेजी से करने को कहा है, जिससे रसोई गैस की आपूर्ति पर दबाव कम किया जा सके।

इसके तहत अब पीएनजी कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं के लिए अपने घरेलू एलपीजी कनेक्शन को सरेंडर करना जरूरी हो गया है। संशोधित आदेश में कहा गया है, वितरक उन उपभोक्ताओं को भरा गैस सिलेंडर नहीं देंगे, जिनके पास पहले से एलपीजी कनेक्शन हैं। इस कदम का मकसद उन घरों के लिए एलपीजी आपूर्ति को प्राथमिकता देना है जिनके पास पाइप के जरिये गैस की आपूर्ति की सुविधा नहीं है।

## ईरान के सबसे बड़े शहर इस्फहान पर भीषण हमले, 20 की गई जान

- ईरान ने यूएई के लोगों से तीन बंदरगाह खाली करने को कहा
- खाड़ी देशों और इजराइल पर ईरान ने मिसाइल-ड्रोन दागे

काहिरा, एजेंसी



ईरान ने हमलों को व्यापक करने की धमकी दिए जाने के बीच इजराइल और फारस की खाड़ी के आसपास के पड़ोसी देशों पर हमले किए। वहीं, अमेरिका-इजराइल ने ईरान के सबसे बड़े इस्फहान शहर पर जबरदस्त हवाई हमले किए। हमले में एक फैक्ट्री को निशाना बनाया गया, जिसमें 20 लोगों के मारे जाने की खबर है।

ईरानी शहर इस्फहान पर हमले के कुछ ही घंटों बाद, ईरान ने इजराइल के मध्य और दक्षिणी हिस्सों पर मिसाइलों की बौछार कर दी। रविवार को पूरे इजराइल में सायरन बजते रहे। रिपोर्टों के अनुसार, ईरान ने इन हमलों में क्लस्टर युद्ध सामग्री का उपयोग किया है, जिससे इजराइल के हवाई रक्षा तंत्र पर दबाव बढ़ गया है। ईरान ने दावा किया कि उसने पुलिस मुख्यालय और सेटेलाइट संचार केंद्र को निशाना बनाया है।

बहरीन, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात ने रविवार को अपने निवासियों को चेतावनी दी कि वे उनकी ओर आ रहीं मिसाइल रोकने की दिशा में कदम उठा रहे हैं। इससे पहले, ईरान ने लोगों से संयुक्त अरब अमीरात के तीन बंदरगाहों को खाली करने का आग्रह किया था। यह पहली बार है जब ईरान ने किसी पड़ोसी देश की गैर-अमेरिकी परिसंपत्तियों पर हमले की खुले तौर पर धमकी दी। ईरान ने कोई साक्ष्य दिए बिना कहा कि अमेरिका ने ईरान के तेल निर्यात के मुख्य टर्मिनल वाले खार्ग द्वीप पर हमला करने के लिए संयुक्त अरब अमीरात में बंदरगाहों, डॉक और ठिकानों का इस्तेमाल किया।

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा, अमेरिका ने संयुक्त अरब अमीरात से खार्ग व अबू मूसा द्वीपों पर हमले किए। उन्होंने कहा कि यह स्थिति खतरनाक है और ईरान कोशिश करेगा कि 'वहां किसी भी आबादी वाले इलाके पर हमला न किया जाए।

### भारत का टैंकर यूएई के फुजैराह से तेल भरने के बाद सुरक्षित निकला

नई दिल्ली। तेल टर्मिनल पर हमले के बावजूद यूएई के फुजैराह से तेल भरने के बाद भारतीय ध्वज वाला कच्चे तेल का एक टैंकर सुरक्षित निकल गया है। सरकार ने रविवार एक अद्यतन सूचना में कहा कि वह पश्चिम एशिया में स्थिति पर करीब से नजर रख रही है और स्थिर ईंधन आपूर्ति और समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित कर रही है। जग लाडकी नाम का यह जहाज, जिसमें लगभग 80,800 टन मुरबन कच्चा तेल है, फुजैराह से भारतीय समय के अनुसार 10 .30 बजे निकला और इस पर सवार सभी सदस्य सुरक्षित हैं, और अब यह भारत के लिए रवाना हो गया है। 'जग लाडकी' चौथा भारतीय ध्वजवाहक जहाज है जो युद्ध क्षेत्र से बिना किसी नुकसान के बाहर निकला है।

## पश्चिम बंगाल-तमिलनाडु व असम समेत 5 राज्यों में चुनाव घोषित, नतीजे 4 मई को

### चुनाव आयोग ने तारीख का किया एलान, 23 और 29 अप्रैल को बंगाल में होगी वोटिंग

- तमिलनाडु में 23 अप्रैल, असम और केरल-पुडुचेरी में 9 अप्रैल को डाले जाएंगे वोट

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग ने रविवार को पश्चिम बंगाल, केरल, असम, तमिलनाडु और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा की। सभी राज्यों में मतगणना 4 मई को होगी। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि बंगाल में दो चरण में 23 और 29 अप्रैल को मतदान होगा। उन्होंने बताया कि तमिलनाडु की 234 सदस्यीय विधानसभा के लिए 23 अप्रैल को मतदान होगा। कुमार ने बताया कि केरल, असम और पुडुचेरी के लिए नौ अप्रैल को एक चरण में मतदान होगा।

उन्होंने बताया कि चारों राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए 824 सीटों पर मतगणना चार मई को होगी। चुनाव हिंसा या प्रलोभन से मुक्त होने चाहिए और आयोग किसी भी उल्लंघन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगा। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। कुमार के साथ दो निर्वाचन आयुक्त - सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी भी मौजूद थे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा, शुद्ध मतदाता सूची हमारे लोकतंत्र की आधारशिला है, किसी भी पात्र मतदाता को हटाया नहीं जाना चाहिए और किसी भी अपात्र मतदाता को शामिल नहीं किया जाना चाहिए। वहीं, गोवा, कर्नाटक, नगालैंड, त्रिपुरा की पांच सीटों पर उपचुनाव 9 अप्रैल को होंगे जबकि गुजरात व महाराष्ट्र की तीन सीटों पर 23 अप्रैल को उपचुनाव होंगे।




नई दिल्ली में चुनाव के बारे में घोषणा करते मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार।

**राज्यों में विधानसभा की संख्या**

| | |
|---|---|
| तमिलनाडु | 234 |
| प. बंगाल | 294 |
| केरल | 140 |
| असम | 126 |
| पुडुचेरी | 33 |

### चुनाव के लिए 824 निर्वाचन क्षेत्र तय, 17.4 करोड़ मतदाता डालेंगे वोट

पांच राज्य विधानसभाओं के 824 निर्वाचन क्षेत्रों के चुनावों में कुल 17 .4 करोड़ मतदाता मतदान के पात्र हैं। उन्होंने बताया कि चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में 2 .19 लाख मतदान केंद्रों पर मतदान होगा, जहां 25 लाख चुनाव अधिकारी ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। उन्होंने कहा कि चारों राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश के कुल मतदाताओं की संख्या ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, दक्षिण अफ्रीका, जर्मनी और कनाडा की जनसंख्या के बराबर है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि 20 देशों के चुनाव निकायों के प्रतिनिधि भारत के लोकतंत्र के उत्सव का अनुभव प्राप्त करने के लिए चुनाव वाले राज्यों का दौरा करेंगे। कुमार ने बताया कि असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में प्रति मतदान केंद्र पर मतदाताओं की औसत संख्या 750-900 है। एसआईआर के दौरान अच्छा काम करने के लिए बीएलओ को बधाई भी दी। बताया कि सभी मतदान केंद्रों पर तैनात पीठासीन अधिकारी हर दो घंटे में मतदान प्रतिशत अपलोड करेंगे।

### चुनावी राज्यों में कई मतदान केंद्र होंगे अनूठे

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार जिले में 1,500 से कम मतदाताओं वाले तीन मतदान केंद्रों तक पहुंचने के लिए निर्वाचन आयोग की टीम को बक्सा बाघ अभयारण्य की पहाड़ियों से होकर गुजरना होगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने रविवार को यह जानकारी दी। कुमार ने विधानसभा चुनावों का कार्यक्रम घोषित करने के लिए यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए असम, केरल, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु राज्यों तथा पुडुचेरी केंद्र शासित प्रदेश में स्थित अनूठे मतदान केंद्रों पर प्रकाश डाला। सीईसी ने कहा, मतदान टीम असम के माजुली से नौका और सड़क मार्ग से 50-60 किलोमीटर की कठिन यात्रा करती हैं, ब्रह्मपुत्र नदी को पार करती हैं और अंत में ट्रैक्टर से 248 मतदाताओं वाले सुदूर धनेखाना मतदान केंद्र पहुंचती हैं।

## आस्था-जाति व संप्रदाय पर अमर्यादित टिप्पणी स्वीकार नहीं : मुख्यमंत्री

- उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा विवाद पर सीएम सख्त, सभी भर्ती बोर्डों को कड़े निर्देश, कहा- आपत्तिजनक प्रश्न बनाने वालों को करें प्रतिबंधित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी ने यूपी पुलिस उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र से जुड़े विवाद पर सख्त रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि कि किसी भी व्यक्ति, जाति, पंथ या संप्रदाय की आस्था से जुड़े विषयों पर अमर्यादित टिप्पणी किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं की जाएगी।

योगी ने प्रश्नपत्र के एक सवाल में अवसर के अनुसार बदल जाने वाले विकल्प में पंडित शब्द देने के मामले का संज्ञान लेते हुए रविवार को राजस्थान रवाना होने से पहले उच्चाधिकारी की बैठक की। सभी भर्ती बोर्डों के चेयरपर्सन को निर्देश दिया है कि प्रश्नपत्र तैयार करने की प्रक्रिया में विशेष सावधानी बरती जाए। उन्होंने कहा, पेपर सेटर्स को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया जाए कि ऐसी कोई भी सामग्री प्रश्नपत्र में शामिल न हो, जिससे किसी की धार्मिक या सामाजिक भावनाएं आहत हों। योगी ने कहा कि जिन पेपर सेटर्स का इस प्रकार के विवादित प्रश्नों से जुड़ा रिकॉर्ड रहा है, उन्हें तत्काल प्रतिबंधित (ब्लैकलिस्ट) किया जाए। साथ ही यह प्रावधान पेपर सेटर्स के साथ किए जाने वाले एमओयू का अनिवार्य हिस्सा बनाया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

**प्रमुख निर्देश**

- भर्ती परीक्षाओं में आस्था से जुड़े विषयों पर अमर्यादित टिप्पणी पूरी तरह प्रतिबंधित
- सभी भर्ती बोर्ड पेपर सेटर्स को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करें
- विवादित प्रश्न बनाने वाले हैबिचुअल ऑफेंडर्स को तत्काल ब्लैकलिस्ट किया जाए
- प्रावधान को पेपर सेटर्स के एमओयू में शामिल किया जाए

**ब्रीफ न्यूज**

### रैपर बादशाह को जान से मारने की धमकी, 'टटीरी' पर विवाद बढ़ा

चंडीगढ़। लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के कथित सहयोगियों से जुड़ी एक अपुष्ट पोस्ट रविवार को सोशल मीडिया पर सामने आई, जिसमें रैपर-संगीतकार बादशाह को जान से मारने की धमकी दी गई है। बादशाह के नाम से लोकप्रिय आदित्य प्रतीक सिंह सिसोदिया अपने नए हरियाणवी गीत 'टटीरी' के जारी होने के बाद विवादों में घिर गए हैं। गीत के अश्लील बोल और अनुचित दृश्यों को लेकर उनके खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज की गई है और राज्य महिला आयोग ने उन्हें तलब किया है। फेसबुक पर सामने आई कथित पोस्ट में आरोप लगाया गया कि रैपर ने हरियाणा की संस्कृति को खराब करने की कोशिश की है।

### करूर भगदड़ : सीबीआई ने टीवीके के प्रमुख विजय से सात घंटे पूछताछ की

नई दिल्ली। सीबीआई ने पिछले साल तमिलनाडु के करूर में टीवीके की रैली के दौरान भगदड़ मचने से 41 लोगों की मौत के मामले में रविवार को यहां अपने मुख्यालय में पार्टी के प्रमुख और अभिनेता विजय से सात घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की। अधिकारियों ने बताया कि विजय पूछताछ और अन्य संबंधित औपचारिकताएं पूरी होने के बाद शाम करीब छह बजे एजेंसी के मुख्यालय से रवाना हुए। विजय से तीसरी बार पूछताछ की गई है।

## कई जिलों में तेज आंधी-बारिश बिजली गिरने से 2 की गई जान



बरेली के मीरगंज में आंधी-बारिश के बाद बिछी गेहूं की फसल।

- 35 जिलों में ओलावृष्टि की चेतावनी, फसलों के नुकसान की चिंता
- हाथरस में बारिश के दौरान एक कोल्ड स्टोरेज की दीवार गिरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** प्रदेश में रविवार को मौसम ने अचानक करवट ले ली। सुबह नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, अयोध्या समेत करीब 15 शहरों में तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश हुई, जबकि लखनऊ और आसपास के इलाकों में बूंदाबांदी के साथ आंधी चली। मौसम में आए इस बदलाव के बीच आकाशीय बिजली गिरने से सीतापुर और हरदोई में दो लोगों की मौत हो गई। सीतापुर के बिसवां क्षेत्र के झउवा खुर्द गांव में घर के बाहर पेड़ के नीचे बैठी दो महिलाओं पर बिजली गिर गई। इसमें 55 वर्षीय विमला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी महिला गंभीर रूप से झुलस गई।

वहीं हरदोई के अरवल क्षेत्र के खैरुद्दीनपुर गांव में खेत में काम कर रहे किसान अवधेश सिंह पर बिजली गिरने से उनकी मौत हो गई और उनके दो बेटे झुलस गए। हाथरस में बारिश के दौरान एक कोल्ड स्टोरेज की दीवार गिर गई, जिससे अंदर रखी करीब 10 हजार बोरी आलू मलबे में दब गईं। गनीमत रही कि घटना के समय वहां कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था। मौसम विभाग ने प्रदेश के 35 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश और कई जिलों में ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की है। सोमवार को वाराणसी, प्रतापगढ़ समेत 40 से अधिक जिलों में बादलों की आवाजाही, बिजली गिरने और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने की संभावना जताई गई है। सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ से अगले 48 घंटे तक प्रदेश में मौसम का मिजाज बदला रहेगा।

### योगी ने पश्चिमी यूपी में बारिश से फसल नुकसान की रिपोर्ट मांगी

मुख्यमंत्री योगी ने रविवार सुबह पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हुई वर्षा के बाद किसानों की फसलों को संभावित नुकसान की जानकारी भी ली। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे फील्ड में जाकर किसानों से संवाद करें और फसलों को हुए नुकसान का तत्काल आकलन सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि राहत आयुक्त फील्ड के अधिकारियों से सीधा समन्वय बनाए रखें और नुकसान का आकलन प्राप्त होने के बाद समयबद्ध तरीके से मुआवजा वितरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि प्रभावित किसानों को शीघ्र राहत मिल सके।

## इच्छामृत्युः हरीश का लाइफ सपोर्ट हटाने की प्रक्रिया शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी



- इच्छा मृत्यु के लिए एम्स के पैलिएटिव केयर में किया गया शिफ्ट

सुप्रीम कोर्ट के इच्छामृत्यु के फैसले के बाद गाजियाबाद के हरीश राणा को शनिवार को एम्स में शिफ्ट किया गया है। जहां उन्हें पैलिएटिव केयर विभाग में रखा गया है। एम्स के डॉक्टरों की टीम उनकी निगरानी कर रही है।

सूत्रों का कहना है कि हरीश का लाइफ सपोर्ट हटाने की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। हरीश को पैलिएटिव केयर विभाग में भर्ती करने के बाद डॉक्टरों की टीम ने उनके हेल्थ का परीक्षण करना शुरू कर दिया है। सूत्रों का कहना है कि इस विभाग में हरीश का पेन मैनेजमेंट किया जाएगा। साथ ही उन्हें कोई भी लाइफ सपोर्ट नहीं दिया जाएगा। धीरे-धीरे लाइफ सपोर्ट को हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। एक्सपर्ट के अनुसार, इस तरह के मामले में पहले कमिटी मरीज का असेसमेंट किया जाता है।

उसके दर्द को कंट्रोल करेगी, ताकि मरीज को किसी भी प्रकार का दर्द न हो। इसलिए इस प्रोसेस में थोड़ा समय लगने की संभावना है। ऐसा नहीं है कि मरीज एडमिट होगा और दूसरे दिन पैसिव यूथेनेशिया दिया जाएगा।

## नेपाल में भारतीय तीर्थयात्रियों की बस खाई में गिरी, 7 लोगों की मौत

- मनकामना मंदिर से दर्शन कर लौटते समय हादसा, 7 घायल

**काठमांडू।** नेपाल में भारतीय तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक यात्री बस खाई में गिर गई, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। यह घटना शनिवार को नेपाल के गंडकी प्रांत में हुई। पुलिस के अनुसार, बस मनकामना मंदिर से लौट रही थी तभी गोरखा जिले में सड़क से नीचे गिर गई।

गोरखा जिले के जिला यातायात पुलिस कार्यालय के प्रमुख सूरज आर्यल ने बताया कि मृतकों में दो महिलाएं और पांच पुरुष शामिल हैं और ये सभी भारतीय नागरिक हैं। जिला पुलिस कार्यालय प्रमुख भरत बहादुर बीके के अनुसार, पीड़ितों की पहचान मुथु कुमार (58), अनामलिक (58), मीनाक्षी (59), शिवगामी (53), विजयल (57), मीना (58) और तमिलारसी (60) के रूप में की गई है। सात अन्य घायल यात्रियों को बचा लिया गया है और उनका आंबुखैरेनी के एक अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। इलेक्ट्रिक बस का चालक बाल-बाल बच गया, जबकि सहायक घायल हो गया।

**संज्ञान** — गंगा के पुनर्जीवन और संरक्षण के कार्यान्वयन और क्रियान्वयन का रिकॉर्ड मांगा, पूछा-अवैध निर्माण हटाने को क्या कदम उठाए

## गंगा किनारे अतिक्रमण पर सुप्रीम कोर्ट चिंतित, केंद्र से रिपोर्ट मांगी

नई दिल्ली, एजेंसी





शीर्ष कोर्ट ने केंद्र को गंगा नदी के किनारों और बाढ़ के मैदानी क्षेत्रों में अवैध निर्माणों पर एक व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत करने और अतिक्रमण हटाने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी देने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति जेबी परदीवाला और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने केंद्र सरकार से गंगा के पुनर्जीवन, संरक्षण और प्रबंधन संबंधी अधिसूचना के कार्यान्वयन और क्रियान्वयन के लिए अब तक उठाए गए कदमों को रिकॉर्ड पर रखने को कहा।

कोर्ट ने कहा, उपरोक्त अधिसूचना के बेहतर व प्रभावी कार्यान्वयन में प्राधिकरण (स्वच्छ गंगा राष्ट्रीय मिशन प्राधिकरण) के सामने कौन-कौन सी बाधाएं या रुकावटें आ रही हैं? पीठ ने कहा, उपर्युक्त सभी राज्यों से होकर बहने वाली गंगा नदी की रक्षा करने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि नदी के मैदानी क्षेत्र और किनारे सभी प्रकार के अतिक्रमणों से मुक्त हों, प्राधिकरण क्या कदम उठाने का इरादा रखता है? कोर्ट ने गंगा बेसिन के कई राज्यों को नोटिस जारी किया और कहा कि इस मुद्दे पर व्यक्तिगत मामलों से परे व्यापक जांच की आवश्यकता है। इस मामले की अगली सुनवाई 23 अप्रैल को होगी। शीर्ष कोर्ट पटना निवासी अशोक सिन्हा द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रहा था जिसमें उन्होंने एनजीटी के 30 जून, 2020 के आदेश को चुनौती दी थी। इस आदेश में पर्यावरण की दृष्टि से बाढ़ के मैदानी क्षेत्रों में अवैध निर्माण और स्थायी अतिक्रमण के खिलाफ याचिका खारिज कर दी गई थी।

### नदी के पर्यावरणीय प्रवाह को बनाए रखना मुख्य मुद्दा

गौरतलब है कि 7 अक्टूबर 2016 की अधिसूचना पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के तहत जारी की गई थी, जिसका उद्देश्य गंगा नदी के संरक्षण, पुनर्जीवन और प्रबंधन के लिए दिशा-निर्देश तय करना है। इसमें नदी के पर्यावरणीय प्रवाह को बनाए रखना, प्रदूषण को रोकना और नदी के किनारों तथा फ्लडप्लेन की सुरक्षा सुनिश्चित करना शामिल है। कोर्ट ने कहा कि लगातार हो रहे अतिक्रमण को देखते हुए इन प्रावधानों की प्रभावशीलता की समीक्षा जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और बिहार सरकार को अगली सुनवाई से पहले अपडेटेड रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 23 अप्रैल 2026 को होगी।

## शहर में आज

- ओम लॉन में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की प्रेसवार्ता दोपहर 01 बजे।
- जेएमबी किड्स इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम शाम 4 .30 बजे।
- सदर तहसील में भाकियू भानु की मासिक पंचायत सुबह 11 बजे से।

## न्यूज ब्रीफ

### कपड़े सिलवाने गई महिला लापता

**दियोरियाकलां, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव मीरपुर रतनपुर निवासी अशोक कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी 40 वर्षीय पत्नी मीना देवी नौ मार्च की दोपहर घर से मधवापुर गांव में कपड़े सिलवाने गई थी। देर शाम तक वापस न आने पर परिवार वालों ने तलाश की, लेकिन कुछ नहीं पता चल सका। पुलिस गुमशुदगी दर्ज कर जांच कर रही है।

### खेत पर लगा इंजन चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**दियोरियाकलां, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव रंभोजा निवासी विपिन कुमार पुत्र टीकाराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका इंजन 13 मार्च को खेत पर था। दूसरे दिन सुबह जब खेत पर पहुंचे तो इंजन गायब था। उसे कोई चोरी कर ले गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### रहस्यमय ढंग से युवक लापता, गुमशुदगी दर्ज

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव मसीत की रहने वाली हीराकाली ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके 40 वर्षीय पति अरविंद कुमार 13 मार्च को सुबह 11 बजे घर से निकले और लापता हो गए। इंस्पेक्टर प्रमेंद्र कुमार ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर जांच करा रहे हैं।

### स्कूटी की टक्कर से बच्चा घायल

**बीसलपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम बेनीपुर निवासी जमुना प्रसाद का पांच वर्षीय पुत्र कुनाल बीसलपुर रिश्तेदारी में आया था। रविवार को वह गोपी टॉकीज के निकट सब्जी मंडी से धनिया खरीदने आया। इसी दौरान स्कूटी की टक्कर से घायल हो गया। सीएचसी से प्राथमिक इलाज के बाद उसे रेफर कर दिया गया।

# दरोगा भर्ती परीक्षा : 2183 ने आजमाई किस्मत, 697 गैरहाजिर

## छह केंद्रों पर दो पालियों में रविवार को हुई परीक्षा, चेकिंग के बाद मिला प्रवेश, पेपर छूटने के बाद सड़कों पर लगा जाम, पुलिस रही मुस्तैद

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड की ओर से दूसरे दिन भी रविवार को जिले में छह केंद्रों पर दरोगा की लिखित परीक्षा कराई गई। 2880 अभ्यर्थी पंजीकृत रहे। दोनों पालियों में 2183 उपस्थित रहे, जबकि 697अनुपस्थित ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई। परीक्षा के दौरान कोई भी नकलची नहीं पकड़ गया। परीक्षा के बाद रेलवे जंक्शन और रोडवेज पर भीड़ देखने को मिली।

जिले में रविवार को छह परीक्षा केंद्रों पर दरोगा भर्ती की लिखित परीक्षा कराई गई। शहर में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, सनातन धर्म बांके बिहारी राम इंटर कॉलेज, एसएन इंटर कॉलेज, ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज, उपाधि महाविद्यालय और राजकीय पॉलिटेक्निक को परीक्षा केंद्र बनाया गया। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 से 12 बजे तक कराई गई। पहली पाली में शामिल होने वाले अभ्यर्थी सुबह आठ बजे से ही परीक्षा



परीक्षा देकर वापस जाते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

केंद्रों पर पहुंचना शुरु हो गए। परीक्षा शुरू होने से पहले अभ्यर्थियों की लाइन लगवाकर सभी की चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान प्रवेश पत्र और एक फोटो युक्त आईडी से मिलान करने के अलावा बायोमेट्रिक करने के बाद अभ्यार्थियों को प्रवेश दिया गया। पहली पाली में कुल 1078 उपस्थित रहे, जबकि 362 अनुपस्थित रहे। इनमें ड्रमंड और जीजीआईसी में 182-182 ने परीक्षा दी, जबकि 58-58 अनुपस्थित रहे। इसी तरह एसएन इंटर और राम इंटर कॉलेज में 180-180 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। जबकि दोनों ही जगह 60-60 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। उपाधि कॉलेज में 178 ने परीक्षा दी, 62 अनुपस्थित रहे। पालिटेक्निक कॉलेज में 176 ने परीक्षा दी और 64 अनुपस्थित रहे। इसी तरह दूसरी पाली तीन से पांच बजे तक चली। इनमें ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज में 192 ने परीक्षा दी और 48 अनुपस्थित रहे। रामा इंटर कॉलेज में 183 ने परीक्षा दी और 57 अनुपस्थित रहे। पालिटेक्निक कॉलेज में 181 ने परीक्षा दी और 59 अनुपस्थित रहे। उपाधि कॉलेज में 185 ने परीक्षा दी और 55 अनुपस्थित रहे। एसएन इंटर कॉलेज में 184 ने परीक्षा दी और 56 अनुपस्थित रहे। जीजीआईसी में 180 ने परीक्षा दी और 60 अनुपस्थित रहे। दरोगा भर्ती परीक्षा के दौरान डिग्री कॉलेज से नई बस्ती चौराहा तक बैरियर लगाकर रास्ता बंद कर दिया गया था। पहला बैरियर डिग्री कॉलेज चौराहा पर लगाया गया था। जहां से परीक्षा के समय तक किसी भी वाहन को अंदर नहीं जाने दिया गया। सिर्फ पैदल ही लोग अदंर जा सके। इस दौरान कई लोगों की पुलिस से अंदर जाने को लेकर बहस भी हुई। दूसरा बैरियर ओम लॉन के मोड़ और तीसरा नई बस्ती चौराहा पर था। जहां से रास्ते सील कर दिए गए थे।



परीक्षा छूटने के बाद टनकपुर हाईवे पर लगा जाम। ● अमृत विचार

### सड़कों पर दिखा अपनों का इंतजार, थके दिखे अभ्यर्थी

छह केंद्रों पर कराई गई पुलिस परीक्षा में शामिल होने के लिए लखीमपुर, सीतापुर, लखनऊ, हरदोई, शाहजहांपुर, बदायूं, बरेली, रामपुर आदि जिले के अभ्यर्थी परीक्षा देने के लिए आए थे। ऐसे में अभ्यर्थी एक दिन पहले ही या तड़के सुबह परीक्षा केंद्र के बाहर पहुंच गए। ऐसे अभ्यर्थी अपने परिजनों और दोस्तों के साथ परीक्षा केंद्र के बाहर बैठे दिखाई दिए। जिनके बच्चों का पेपर था। वह बंद दुकान के आगे बैठे दिखाई दिए। कोई दूसरी पाली की परीक्षा के लिए अपनी बारी का इंतजार करते हुए दिखा। कहीं कोई थक हारकर स्लेब आदि पर सोता रहा।

### ई-रिक्शा, ढाबा और होटल वालों का बढ़ा कारोबार

परीक्षा में शामिल होने के लिए बाहरी जिले के अभ्यर्थी शहर में डेरा जमाए हुए थे। वह परीक्षा से एक दिन पहले ही शहर में पहुंचने लगे हैं। इस वजह से ई-रिक्शा, ढाबा और होटल संचालकों का कारोबार तेजी पकड़ने लगा है। रोडवेज या स्टेशन पर उतरने के बाद अभ्यर्थियों को ई-रिक्शा या टेंपो का सहारा लेना पड़ता है। वहीं ढाबे और होटल में भी भीड़ उमड़ रही है, जहां खाने के लिए लाइन लग रही है। इस वजह से ढाबे में बचने वाला खाना अब ढाबों में बच नहीं रहा है। हालांकि गैस की किल्लत के चलते लंबे इंतजार के बाद ही खाना मिल सका। ढाबा संचालक केशव ने बताया कि ड्रमंड कॉलेज के पास ढाबा खोला है। पुलिस का पेपर देने के लिए आने वाले बच्चों की वजह से कारोबार अच्छा हो रहा है। इधर, डग्गामार वाहन भी उमड़ी भीड़ का फायदा उठाकर मुनाफा कमा रहे हैं।

### सड़कों पर जाम, ट्रेनें और रोडवेज बसें भी फुल

परीक्षा से पहले जहां सड़कों पर हल्का ट्रैफिक देखने को मिल रहा था। वही 12 बजे के बाद सड़कों पर जाम की स्थिति बन गई। नई बस्ती चौराहा से सुनगढ़ी तक वाहनों की कतार लग गई। तो वहीं डिग्र कॉलेज से छतरी चौराहा और नौगवां की ओर से जाम की स्थिति बन रही। ट्रैफिक पुलिस जाम खुलवाने के लिए जुटी रही। अभ्यर्थियों की भीड़ के चलते रेलवे स्टेशन और रोडवेज पर भी अत्याधिक भीड़ देखने को मिली। ऐसे में जिससे जहां जगह मिली। वह वहीं बैठकर अपने गतंव्य को रवाना हुए।

# लक्ष्य से 788 अधिक हुई शादियां

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- बीते दिनों हुए चार सामूहिक विवाह समारोह में 2288 जोड़ों ने लिए थे फेरे
- मंडी समिति परिसर में विधानसभा आयोजित किए गए थे विवाह समारोह

> मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत द्वितीय चरण में लक्ष्य से अधिक शादियां संपन्न कराई गई हैं। इसको लेकर शासन को डिमांड भेजी गई है। धनराशि मिलते ही लाभार्थियों के खाते में भेज दी जाएगी। - **चंद्रमोहन विश्नोई,** जिला समाज कल्याण अधिकारी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत बीते दिनों विधानसभावार आयोजित हुए चार सामूहिक विवाह समारोह में 2288 जोड़ों की शादियां कराई गई, जोकि लक्ष्य से अधिक हैं। ऐसे में अब समाज कल्याण विभाग की ओर से लक्ष्य से अधिक हुई 788 सामूहिक शादियों को लेकर शासन को डिमांड भेजी गई है। शासन से बजट मिलने के बाद डीबीटी के माध्यम से लाभार्थियों के खातों में भेजी जाएगी।

प्रदेश सरकार द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों की शादी के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना संचालित की जा रही है। शासन द्वारा प्रति जोड़ा एक लाख की धनराशि खर्च की जाती है। इसमें 60 हजार रुपये कन्या के खाते में, जबकि 25 हजार रुपये की उपहार सामग्री पर खर्च किए जाते हैं और शेष 15 हजार रुपये सामूहिक विवाह के आयोजन पर खर्च किए जाते हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिले में 466 बेटियों की शादी कराने का लक्ष्य तय किया था। इसके सापेक्ष बीते वर्ष नवंबर में विधानसभावार सामूहिक विवाह समारोह आयोजित कर 2000 से अधिक जोड़ों की सामूहिक शादियां संपन्न कराई जा चुकी है। इधर शासन की ओर से द्वितीय चरण में जनपद में 09 मार्च से 12 मार्च तक सामूहिक विवाह समारोह में 1500 शादियां कराने का लक्ष्य दिया गया। इसके सापेक्ष विधानसभा आयोजित हुए चार सामूहिक विवाह समारोहों में लक्ष्य से 788 अधिक यानी 2288 जोड़ों की शादियां संपन्न कराई गई। इसमें 09 मार्च को 400 जोड़ों, 10 मार्च को 471, 11 मार्च को 587 एवं 12 मार्च को 836 जोड़ों की शादियां कराई गई। अधिकारियों का कहना है कि शासन से बजट मिलने के बाद डीबीटी के माध्यम से लाभार्थियों के खातों में धनराशि भेजी जाएगी।

# बाढ़ खंड के अधिकारी पर धमकाने का आरोप

**बरखेड़ा, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव पतरासा कुंवरपुर निवासी जितेंद्र कुमार ने मुख्यमंत्री पोर्टल और एसपी से की गई शिकायत में बताया कि वह पूरनपुर बाढ खंड कार्यालय में ड्राइवरी करते हैं। मार्च 2025 से दिसंबर 2025 तक कार्य किया। उसके बाद मां के बीमार होने पर नौकरी छोड़ दी। आरोप है कि उसके बाद उसे निरंतर एक नंबर से गाली व धमकी दी जा रही है। नंबर के बारे में पता किया तो जानकारी हुई कि ये पूरनपुर बाढ खंड के एक जिम्मेदार अधिकारी का है। 12 मार्च को उनके पास जाकर गाली गलौज और धमकाने के बारे में सवाल किया तो मारपीट पर उतारू हो गए। मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

# बच्चों ने पेश किए मॉडल, हुई सराहना

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** पूरनपुर ब्लॉक के पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय खासपुर में प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग मेले का आयोजन रविवार को किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने प्रतिभा दिखाई। बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडलों को देखकर ग्रामीरण आश्चर्यचकित रह गए।

मेले की शुरुआत ग्राम प्रधान सुंदरलाल, प्रधानाध्यापक श्रीकृष्ण ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके कराई। बच्चों ने विभिन्न मॉडल जैसे फूड स्टॉल वॉटर प्यूरीफायर, मिनी इलेक्ट्रोस्कोप साउंड ट्रांसमिशन मॉडल , मायोपिया और इलेक्ट्रोप्लाटिंग के मॉडल तैयार किया। छात्र-छात्रानी स्टार लगाकर तैयार किए गए मंडलों को प्रदर्शित किया। बच्चों ने पिछले काफी समय से मेहनत की जिसे मेले के रूप में पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय खासपुर के कैंपस में प्रदर्शित किया गया। बच्चों के बनाए मॉडल की तारीफ की गई। प्रधानाध्यापक श्रीकृष्ण ने बताया कि कई महीनों से बच्चे प्रोजेक्ट पर काम कर रहे थे।

अब तक जो काम किया है उसे मेले के रूप में प्रदर्शित किया गया है। इस मौके पर सहायक अध्यापक पूनम रावत,अनुदेशक विनोद कुमार, विजेंद्र सिंह, वृंदा देवी आदि मौजूद रहे।



मेले में मॉडल पेश करते पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय खासपुर के बच्चे।

- पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय खासपुर में हुआ आयोजन

# डांडिया कर मचाया धमाल व्रत से जुड़े मिले उपहार



कार्यक्रम में अलायंस क्लब मधुबन मैत्री एवं मिलन की सदस्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- स्पेशल बैठक में नवरात्रि के महत्व पर प्रकाश डाला

**अमृत विचार :** अलायंस क्लब मधुबन मैत्री एवं मिलन द्वारा नवरात्रि स्पेशल बैठक रविवार को आयोजित की। इसकी अध्यक्षता किरण हांडा ने की। सदस्यों का टीका लगाकर थालपोश देकर स्वागत किया गया।

समस्त सदस्य लाल रंग की बांधनी साड़ी पहनकर शामिल हुई। देवी मां की स्तुति के साथ डांडिया नृत्य किया। सदस्याओं को नवरात्रि की पूजा एवं व्रत से संबंधित अनेक उपहार प्रदान किए गए। साथ ही नवरात्रि के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर चार्टर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर मधु कुमार, शशि मैनी,मिथलेश शर्मा, पंकज सक्सेना, संगीता शुक्ला, सोनी गुप्ता, निशा सक्सेना, प्रिया जगोता, डॉ. अनुरीता सक्सेना, सृष्टि, सीमा छाबड़ा, सीमा दीक्षित, सीमा सक्सेना, पूनम, सुनीता, नीता, सोनल,मोनिका आदि मौजूद रहे।

# सपा कार्यालय पर कांशीराम जयंती मनाई गई

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- समाजवादी पार्टी की ओर से आयोजित किए गए कार्यक्रम में किया नमन

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के नकटादाना चौराहा के नजदीक स्थित कार्यालय पर कांशीराम जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। सर्वप्रथम कांशीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कहा कि कांशीराम ने समाज के दबे-कुचले, शोषित और वंचित वर्ग को सम्मान और अधिकार दिलाने के लिए पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने बहुजन समाज को संगठित कर सामाजिक न्याय और बराबरी की लड़ाई को नई दिशा दी। उनका संघर्ष और विचार आज भी देश के करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां फूलबाबू ने कहा कि कांशीराम को एक दूरदर्शी और महान सामाजिक चिंतक बताया। समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू ने कहा कि कांशीराम ने समाज के पिछड़े, दलित और वंचित वर्गों को राजनीतिक रूप से जागरूक किया और उन्हें अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा दी। इस मौके पर जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर, पवन सिंह यादव, अशोक कुमार सिंह, हाजी अकबर अहमद, आरती महेंद्र, संजय सिंह यादव,ठाकुर मीता सिंह, गयासुद्दीन मंसूरी,रामप्रताप गंगवार, विनोद कुमार वर्मा,अजय भारती आदि मौजूद रहे।



चित्र पर पुष्प अर्पित करते युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू व अन्य।

### कांशीराम कॉलोनी में भी जुटे सपाई, कार्यक्रम का किया आयोजन



उधर, समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता सुधीर तिवारी की अगुवाई में असम रोड चौराहा के पास कांशीराम योजना से बनाई गई बस्ती में कार्यक्रम हुआ। कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए और नमन किया। केक काटा और मिठाई बांटी गई। सपा नेता सुधीर तिवारी ने कहा कि कांशीराम एक महान समाज सुधारक, दूरदर्शी राजनीतिज्ञ थे। उन्होंने बहुजन समाज के सशक्तिकरण के लिए जीवन समर्पित कर दिया। शोषित समाज को आत्मसम्मान के साथ जीना सिखाया। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष आनंद सिंह यादव, प्रदीप सोनकर, शालिग्राम समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# यज्ञ में आहुतियां देकर की विश्व कल्याण की कामना

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचार :** गायत्री शक्तिपीठ में रविवार को गायत्री यज्ञ सामूहिक जप, ध्यान एवं गोष्ठी हुई। गायत्री परिवार ट्रस्ट बीसलपुर के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी सत्यपाल सिंह यादव ने कहा कि शांतिकुंज हरिद्वार से शक्ति कलश यात्रा अप्रैल में बीसलपुर में आएगी।

इस यात्रा के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों अंधविश्वास, रूढ़िवादियों को दूर करने को अभियान चलाया जाएगा। यात्रा को सफल बनाने के लिए चैत्र नवरात्रि में शक्तिपीठ पर सामूहिक जप, यज्ञ का कार्यक्रम नियमित रूप से चलेगा। श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुतियां देकर विश्व कल्याण की कामना की। कार्यक्रम परिव्राजक राजेंद्र कुमार ने संपन्न कराया। इस मौके पर प्रताप सिंह, देवकीनंदन, रामपाल गंगवार, चेतराम, पुष्पेन्द्र चौधरी, रामपाल यादव, वीरेन्द्र कुमार,लज्जावती, सरला देवी, सत्यवती, विमला देवी, गंगादेवी, बिंदेश्वरी देवी आदि मौजूद रहे।



यज्ञ में आहुतियां देते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# बच्चों ने वार्षिकोत्सव में पेश किए रंगारंग कार्यक्रम, कई हुए पुरस्कृत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** कंपोजिट विद्यालय भिलैइया गांवखेड़ा में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम हुआ। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि एआरपी सोमेश वर्मा और कपिल गुप्ता रहे। देशभक्ति गीतों पर छात्र-छात्राओं ने समूह नृत्य और गीत प्रस्तुत किए।

पिछले चार महीनों में सबसे ज्यादा कक्षा में उपस्थित रहने वाले कक्षा एक के साहिल, कक्षा दो की मधु, कक्षा तीन की दृष्टि, कक्षा चार की नीरज, कक्षा पांच की मीनाक्षी, कक्षा छह की अनप्रिया, कक्षा सात की नीतू, कक्षा आठ की मानवी को पुरस्कृत किया गया। कक्षा आठ के बच्चों को विदाई दी गई। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में चयनित लोकेश कुमार ने 113 अंक पाकर जनपद में 24वीं रैंक, मानवी ने 110 अंक प्राप्त कर 27 वीं और त्रिलोक कुमार ने 92 अंक प्राप्त कर जिले में 47 वीं रैंक प्राप्त की। इन बच्चों को स्कूल प्रशासन की ओर से पुरस्कृत किया गया। एआरपी सोमेश वर्मा ने बच्चों को मेहनत से पढ़ने और अनुशासन से रहने की बात कही। कपिल गुप्ता ने कहा कि मेहनत करोगे तो कामयाबी कदमों में होगी। इस मौके पर नीतू गंगवार, सुशील कुमार दिनकर, सुमन, तारावती, ओमवती, देवकी देवी आदि मौजूद रहे। संचालन लालकरन ने किया।



कार्यक्रम में पुरस्कृत किए गए बच्चों संग शिक्षक। ● अमृत विचार

# होली मिलन समारोह में चौपाई टोलियों को किया सम्मानित

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचार :** पीलीभीत मार्ग पर स्थित सपा महिला सभा के कार्यालय पर रविवार को होली मिलन एवं चौपाई समागम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्रामीण क्षेत्र से आई चौपाई टोलियो ने होली गीत गाकर, नृत्य कर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विजेता टोलियों को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम आयोजक सपा महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव दिव्या गंगवार ने कहा कि क्षेत्र में आपसी भाईचारा, प्रेम व सौहार्द बनाए रखने के लिए प्रत्येक वर्ष आयोजन कराया जाता है। मौसम खराब होने के बाद भी बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र की चौपाई टोलियों ने प्रतिभाग कर कार्यक्रम को सफल बनाया है। कार्यक्रम में हाफिजनगर बन्नाही, कासिमपुर, सावेपुर ,दमूपुरा, नवदिया भगत, बरखेड़ा यासीन ,मंडरा सुमन, घटिया रंजीत , पुरनापुर, कनगवां, गौहनिया, कर्रखेडा, सिमरा अकबरगंज, घटगवां, गांगूपुर, इमलिया मरौरी, इमलिया गंगी, परेवा तुर्राह, भसूड़ा, कुमिरखा, ललौर गुजरानपुर सहित 25 गांवों के चौपाई दलों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेरठ कुर्मी सभा के संरक्षक एवं समाजसेवी संस्था कला ईस फाउंडेशन के फाउंडर चौधरी प्रदीप पटेल ने की। पूर्व एमएलसी रिंकू यादव, सपा जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा, सालिकराम गंगवार, अमित सिंह यादव, अरविंद जायसवाल, बाबूराम शर्मा, रूपलाल महातिया, डॉ. रवि गंगवार ,डॉ. अरविंद कुमार, पंकज कुमार,राजपाल पूरनलाल, हरपाल,अमित कुमार आदि मौजूद रहे। चौपाई टोलियां को भोजन कराकर पुरस्कृत किया गया।


- पूर्व एमएलसी अमित यादव समेत कई सपा नेता हुए शामिल



चौपाई टोली को सम्मानित करती सपा नेत्री दिव्या गंगवार। ● अमृत विचार



कार्यक्रम के दौरान चौपाई पेश करती टोली। ● अमृत विचार



**इफ्तार** सोमवार
सुन्नी : 6:24
शिया : 6:31

**सहरी** मंगलवार
सुन्नी : 4:57
शिया : 4:47

**न्यूज ब्रीफ**

### चेकिंग में कई वाहनों पर कार्रवाई

**पीलीभीत, अमृत विचार :** एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पीलीभीत-बीसलपुर मार्ग पर सघन जांच की गई। एक स्कूली वाहन की फिटनेस समाप्त पाई गई, जिसे थाना बीसलपुर की चीनी मिल पुलिस चौकी में निरुद्ध कर दिया गया। एक अन्य प्राइवेट वाहन में एलपीजी किट लगी हुई थी, जिसके माध्यम से स्कूली बच्चों का परिवहन किया जा रहा था, उसे भी निरुद्ध कर दिया गया। इसके अलावा, पीलीभीत-बरेली मार्ग पर एक अन्य वाहन की फिटनेस समाप्त पाई गई, जिसे ललोड़ीखेड़ा पुलिस चौकी में निरुद्ध कर दिया गया। दो अन्य वाहनों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई। जयपुर से पीलीभीत आ रही एक यात्री बस के प्रपत्रों की जांच में परमिट की शर्तों का उल्लंघन पाया गया, जिसके विरुद्ध सीज़ की कार्रवाई की गई। एआरटीओ ने बताया कि अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### किसानों की समस्याओं पर होगा मंथन

**पीलीभीत, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन भानू की तहसील स्तरीय मासिक पंचायत तहसील सदर में सोमवार को होगी। इसमें किसानों की समस्याओं पर मंथन किया जाएगा। इस पंचायत का मुख्य उद्देश्य किसानों की समस्याओं को सुनना और उनका समाधान करना है। तहसील अध्यक्ष नंदकिशोर राठौर ने बताया कि इस पंचायत में किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता दी जाएगी। किसानों की समस्याओं को सुनने और उनका समाधान करने के लिए यूनियन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता हमेशा तैयार रहे हैं। पूर्व में दिये ज्ञापनों को लेकर भी मुद्दा रखा जाएगा।

# टाइगर रिजर्व में साथ-साथ दिखे बाघ-भालू

## जंगल सफारी के दौरान सैलानियों ने दुर्लभ नजारे को कैमरे में किया कैद, वीडियो की वायरल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



पीटीआर में एक साथ चहलकदमी करते बाघ व भालू। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मानव-वन्यजीव संघर्ष पर अंकुश लगाने के लिए टाइगर रिजर्व प्रशासन की ओर से जंगल से सटे इलाकों में चलाया जा रहा मानव-सहअस्तित्व अभियान भले ही अभी कारगर होता नहीं दिख रहा हो। मगर, पीलीभीत टाइगर रिजर्व के वन्यजीवों में सह अस्तित्व दिखने लगा है। दरअसल टाइगर रिजर्व में जंगल सफारी के दौरान बाघ और भालू एक साथ देखे गए। सैलानियों ने इस दुर्लभ नजारे को कैमरे में भी कैद कर लिया। अब इसका वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। हालांकि वन्यजीव विशेषज्ञ दो शिकारी वन्यजीवों का एक साथ होना स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र का संकेत मानने के साथ भविष्य में संभावित संघर्ष की भूमिका होने की आशंका जता रहे हैं।

एक दशक पूर्व टाइगर रिजर्व का दर्जा मिलने के बाद यहां के जंगलों में वन्यजीवों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई। महज चार साल में बाघों की संख्या दोगुनी होने के चलते पीलीभीत टाइगर रिजर्व पूर्व में अंतरराष्ट्रीय

- **एक्सपर्ट बोले- एक साथ दिखना स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र का संकेत**

टीएक्सटू अवार्ड भी हासिल कर चुका है। जानकारों की मानें तो टाइगर रिजर्व बनने के बाद यहां अधिकांश परिवर्तन बाघ संरक्षण परियोजना लागू होने के बाद देखने को मिला है। इन सबसे पीलीभीत टाइगर रिजर्व की जैवविविधता भी संरक्षित हुई। यही वजह है कि यहां बेहतर पर्यावास होने से बाघ समेत अन्य वन्यजीवों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ। हालांकि इस बढ़ोत्तरी के साथ जंगल से सटे इलाकों में मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं भी तेजी से बढ़ने लगी। लगातार बढ़ रही संघर्ष की घटनाओं को देखते नवंबर 24 से टाइगर रिजर्व प्रशासन की ओर से मानव-वन्यजीव सह अस्तित्व अभियान शुरू किया गया। संवेदनशील गांवों में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को सह अस्तित्व के प्रति जागरूक किया गया, मगर इस अभियान का असर अभी कारगर होता नहीं दिख रहा है।

इन सबके इतर पीलीभीत टाइगर रिजर्व के वन्यजीवों के बीच सह अस्तित्व जरुर देखने को मिल रहा है। ये सह अस्तित्व भी कोई साधारण वन्यजीवों के बीच नहीं है, बल्कि दो ऐसे शिकारी वन्यजीवों के बीच देखा जा रहा है, जिसमें एक शीर्ष शिकारी के तौर पर जाना जाता है, जबकि दूसरा अपनी आक्रामकता को लेकर खासा मशहूर है। दरअसल यहां हम टाइगर रिजर्व के बाघ और स्लॉथ भालू की बात कर रहे हैं। पीलीभीत टाइगर रिजर्व में पर्यटन सत्र के दौरान एक ऐसा रोचक नजारा दिखा, जिसमें दो बाघ और एक भालू एक ही क्षेत्र में एक समय पर एक साथ दिख रहे हैं। सफारी वाहनों में मौजूद सैलानियों ने इस दुर्लभ नजारे को कैमरे में कैद करने के साथ ही सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। फिलहाल वाइल्ड लाइफ एक्सपर्ट इसे टाइगर रिजर्व की स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र का संकेत मान रहे हैं।

### वाइल्डलाइफ एक्सपर्ट के लिए पीलीभीत का जंगल बन रहा शोध का विषय

पीलीभीत टाइगर रिजर्व में बाघ और भालू के एक साथ देखे जाने का रोचक नजारा कोई नई बात नहीं है। इससे पूर्व भी बाघ और भालू कई बार एक साथ देखे जा चुके हैं। वहीं कुछ व्यस्क बाघ भी एक साथ देखे गए। पूर्व में शायद ही ऐसे नजारे देखे गए हो। सैलानियों के लिए भले ही ऐसे नजारे रोचक नजर आते हो, मगर वन्यजीव प्रेमियों और शोधकर्ताओं के सामने एक एक सवाल बनकर उभर रहा है। वन्यजीवों पर लंबे समय से स्टडी कर रहे टरक्वाइज वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन सोसायटी के अध्यक्ष अख्तर मियां खान भी जंगल का स्वस्थ होने के साथ ही भविष्य में इसे एक चुनौती होने की भी आशंका जताते हैं। उनका कहना है कि एक शीर्ष शिकारी और दूसरा आक्रामकता के लिए पहचाने जाने वाले वन्यजीव की एक साथ साइटिंग बेशक जंगल के पारिस्थितिक संतुलन को काफी मजबूत होना दर्शाते हैं, मगर भविष्य को लेकर कुछ सावधानियां भी आवश्यक हैं। यदि किसी कारण से जंगल का क्षेत्र सिकुड़ता है, शिकार प्रजातियां कम होती हैं या फिर मानव गतिविधियां बढ़ती हैं, तो संसाधनों के लिए प्रतिस्पर्धा बढ़ सकती है। ऐसी दशा में बाघ और भालू के बीच संघर्ष की घटनाएं भी बढ़ने की संभावना हो सकती है। उनका कहना है कि इसको महज एक रोमांचक साइटिंग के रूप में देखने के बजाय एक पारिस्थितिक संकेत के रूप में समझना अधिक उचित होगा और वैज्ञानिक अध्ययनों, कैमरा ट्रैप मॉनिटरिंग व स्थानीय समुदायों की भागीदारी से यह समझना होगा कि यह सह अस्तित्व कितनी स्थिरता के साथ आगे बढ़ रहा है।

# उधार दिए 20 हजार मांगने पर दंपती व बेटी को पीटा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **पीड़ित के बड़े भाई ने तीन पुत्रों संग मिलकर किया हमला**
- **सुनगढ़ी पुलिस ने दर्ज की नामजद रिपोर्ट, विवेचना की शुरू**

**अमृत विचार :** तीन साल पहले उधार दिए गए 20 हजार रुपये वापस मांगने पर दंपती और पुत्री की पिटाई कर दी गई। पीड़ित के बड़े भाई ने अपने तीन पुत्रों संग मिलकर हमला किया। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

सुनगढ़ी थाने में दी गई तहरीर में आराजी रम्पुरिया गांव निवासी सूरजपाल पुत्र स्वर्गीय सुंदरलाल ने बताया कि उन्होंने अपने बड़े भाई सुम्मेर लाल के बेटे की शादी में बीस हजार रुपये तीन साल पहले उधार दिए थे।

बड़े भाई ने एक साल बाद रुपये लौटाने की बात कही थी। मगर तीन साल बाद भी रुपये नहीं लौटाए। इसे लेकर टालमटोल की जाती रही। चौदह मार्च की रात आठ बजे उनकी पत्नी नमिति बड़े भाई के घर से रुपये मांगने गई। इस दौरान सुम्मेरलाल, उनके पुत्र दीपक, आकाश, मनोज ने गाली गलौज शुरू कर दी।

शोर सुनकर वह नाबालिग पुत्री पूजा के साथ पहुंचे। इस पर आरोपियों ने हमला कर दिया। मनोज ने डंडे से वार किए। जिसमें पत्नी और पुत्री को काफी चोट आठ। शोर सुनकर आसपास के तमाम ग्रामीण जमा हो गए। इस पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। इंस्पेक्टर नरेश त्यागी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। विवेचना करा रहे हैं।

### रुपये के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में दो पक्ष भिड़े, मारपीट

**पीलीभीत, अमृत विचार :** जहानाबाद क्षेत्र में रविवार सुबह रुपये के लेनदेन को लेकर चल रहे विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई। घटना कस्बे के मोहल्ला कुरैशियान में हुई। दोनों ओर से किए गए हमले में एक पक्ष से शफीक, रहमतुल्ला, अकीला, रेहान और दूसरे पक्ष से सलीम घायल हो गए। इस दौरान रेहान का आरोप है कि उनकी कार में भी तोड़फोड़ की ई्गई। पुलिस घायलों का मेडिकल परीक्षण कराकर जांच कर रही है।

# पीड़ित परिवार से मिला कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **बदायूं के एचपीसीएल प्लांट में हुई थी हर्षित मिश्रा की हत्या**
- **कांग्रेस नेताओं ने पीड़ित परिवार को मुआवजे की उठाई मांग**

**अमृत विचार :** बदायूं में पूरनपुर के मोहल्ला लाइनपार साहूकारा निवासी एचसीपीएल प्लांट के उपप्रबंधक हर्षित मिश्रा समेत दो अधिकारियों की गोली मारकर बीते दिनों हत्या कर दी गई थी। रविवार को कांग्रेस नेताओं का प्रतिनिधि मंडल पूरनपुर पहुंचा और मृतक हर्षित मिश्रा के परिवार से मुलाकात की।

इस दौरान परिवार को ढांढस बंधाने के साथ ही पूरे मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की गई। सुबह से ही पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा। कुछ कांग्रेस नेताओं को नजरबंद किए जाने की भी बात कही जाती रही। हालांकि कई नेताओं का प्रतिनिधिमंडल पूरनपुर पहुंचा और परिवार से मिला। इस दौरान पुलिस बल मौजूद रहा। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि हर्षित की हत्या कानून व्यवस्था पर बड़ सवाल है। प्रदेश में लगातार अपराध बढ़ रहे है। प्रतिनिधि मंडल में पूर्व विधायक संजय कपूर, धीरेंद्र प्रसाद, जिलाध्यक्ष हरप्रीत सिंह चब्बा, अनूप वर्मा, कुमुद गंगवार, श्रीकृष्ण गंगवार आदि थे।

### पुरानी रंजिश में किया हमला, एफआईआर दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** न्यूरिया थाने में दी गई तहरीर में ग्राम डंडिया के रहने वाले वेदपाल पुत्र रामचंद्र ने बताया कि चार मार्च की सुबह करीब 11 बजे काम से गांव में ही गए थे। पत्नी नीलम घर पर अकेली थी और खाना बना रही थी। इस दौरान पड़ोस के श्रीकृष्ण, हरीश, अनिल, राहुल, खुशबू, सोनी, कमला पुरानी रंजिश के चलते घर में घुस आए और पत्नी पर हमला कर दिया। लाठी डंडे और बांके से वार किए। शोर सुनकर आसपास के कुछ ग्रामीण जमा हो गए।इस पर आरोपी धमकी देकर भाग गए। घर पहुंचने पर पत्नी लहूलुहान हालत में मिली और घटना की जानकारी दी। एसओ न्यूरिया सुभाष मावी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# रिश्तेदार की बरात में पिता-पुत्र पर हमला

संवाददाता, बिलसंडा

- **बिलसंडा कस्बे के एक बरात घर में शराब के लिए रुपये मांगने से शुरू हुआ विवाद**
- **सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो, तहरीर मिलने पर पुलिस ने शुरू की जांच**

**अमृत विचार :** एक बरात घर में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। शराब पीने के लिए रुपये मांगने को लेकर विवाद की शुरुआत हुई और कुछ ही देर में बरात घर अखाड़े में तब्दील हो गया। दावत में आए अन्य लोगों में भगदड़ मच गई। धारदार चीज से भी हमला किया गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। तहरीर मिलने पर पुलिस जांच में जुट गई है।

करेली थाना क्षेत्र के ग्राम सिमरौली अढ़ियारा के रहने वाले श्यामचरन पुत्र श्रीरामचंद्र ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शनिवार को वह अपने परिवार समेत रिश्तेदार की बरात में शामिल होने के लिए कस्बे के एक बरात घर में पहुंचे थे। वहां पर पहले से मौजूद बंडा शाहजहांपुर क्षेत्र के कुछ लोग मौजूद थे। उन्होंने पीड़ित व उसके पुत्र मुकेश को रोका और शराब पीने के लिए दो हजार रुपये मांगे। जब रुपये देने से इन्कार कर दिया गया तो झगड़ा शुरू कर दिया गया। हमला कर पिता-पुत्र की पिटाई कर दी। आरोपियों ने अपने अन्य साथियों को भी बुला लिया। जिसके बाद बरात घर परिसर में ही पिटाई की गई।लाठी डंडे और धारदार हथियार से वार किए गए। घटना के चलते तमाम घराती-बरातियों में भगदड़ मच गई। कुर्सियां भी हमले के दौरान तोड़ी गई। बेटे को मरणासन्न हालत में कर दिया गया। शोर सुनकर बाद में परिवार के सदस्य और अन्य पहुंचे, फिर बमुश्किल उन्हें बचाया गया। इधर, मारपीट की घटना का किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया, जोकि रविवार को तेजी से वायरल होता रहा। इसमें मारपीट करती भीड़ के बीच महिलाएं बच्चे घबराकर भागते दिखाई दे रहे हैं। पीड़ित ने इस मामले में बंडा शाहजहांपुर क्षेत्र के ग्राम महोलिया निवासी अजय कुमार, विजय कुमार, महेंद्र, रिंकू, बिलसंडा क्षेत्र के ग्राम ओड़ाझार निवासी प्रकाश, करेली क्षेत्र के ग्राम मन्निया निवासी वासुदेव के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। एसओ बिलसंडा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई कराई जा रही है।

### ब्रिटिश कालीन पुलों के संरक्षण की मांग

**पीलीभीत, अमृत विचार:** शहर के सामाजिक कार्यकर्ता अधिवक्ता शिवम कश्यप ने जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह को एक पत्र सौंप कर हरदोई ब्रांच नहर पर बने ब्रिटिश कालीन पुलों के संरक्षण को लेकर मांग की है। उन्होंने अनुरोध किया है कि प्राचीन संस्मारक, पुरात्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम 1958 के अंतर्गत इन पुलों जैसे लालपुल, डगा, बाइफरकेशन पुल सहित तमाम पुलों को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग लखनऊ सर्किल भारत सरकार द्वारा संरक्षित किया जाए। बताया कि यह सभी पुल पीलीभीत टाइगर रिजर्व से सटे हैं और चूका स्पॉट में तमाम पर्यटक भी आते हैं। इन पुलों के मनोरम दृश्य को देख रोमांचित होते हैं। संरक्षण उपरांत इनका महत्व बढ़ जाएगा।

# जांच पूरी, फिर भी नहीं हुई कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **पूरनपुर के अस्पताल संचालक की चिकित्सक ने की थी शिकायत**

**अमृत विचार :** पूरनपुर के एक निजी अस्पताल के संचालक पर गोलमाल करते हुए दूसरी बीमारियों के नाम पर आयुष्मान योजना के तहत भुगतान लेने समेत कई संगीन आरोप लगे। कमेटी से जांच कराई गई। बताते हैं कि रिपोर्ट भी अधिकारियों को भेजी गई है। मगर, अभी भी कोई एक्शन नहीं लिया गया है। दोनों पक्षों की ओर से एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाए गए हैं। हालांकि अधिकारी अभी जांच जारी होने की बात कह रहे हैं।

बता दें कि शहर के चिकित्सक डॉ. विकास अग्रवाल ने सीएमओ से शिकायत की थी। जिसमें कहा था कि पूरनपुर स्थित सिद्धि आई हॉस्पिटल के संचालक के ऊपर आयुष्मान योजना से मिलने वाले लाभ का दुरुप्रयोग करने का आरोप लगाया था। मोतियाबिंद के ऑपरेशन कराने के बाद गंभीर बीमारियों के ऑपरेशन दर्शाकर आयुष्मान योजना के तहत भुगतान लेने की बात कही गई थी। ये भी आरोप लगाया था कि उनकी फर्जी मुहर बनाकर इस्तेमाल की गई, जबकि अस्पताल संचालक रोहित शर्मा ने लगाए गए आरोपों को गलत बताया था। टीम गठित कर जांच के आदेश दिए गए। डिप्टी सीएमओ डॉ.ज्ञानप्रकाश, डीपीसी आयुष्कमान योजना डॉ.अटलमणि शुक्ला, डीआईएसएम आयुष्मान विवेक मिश्रा को मिली। बताते हैं कि जांच टीम ने अस्पताल का निरीक्षण किया। उस दौरान अस्पताल में तैनात नेत्र सर्जन डॉ. सुमित कुमार और डॉ. विकास सिन्हा मौजूद नहीं मिले थे। अस्पताल प्रबंधन ने बताया था कि दोनों डॉक्टर किसी अन्य अस्पताल में मरीजों की आंखों की सर्जरी करने गए हैं। इसे लेकर टीम ने पंजीकरण के अभिलेख चेक किए तो वह इन्हीं चिकित्सकों के नाम पर निकला। उस दौरान ओटी टेक्नीशियन के भी न मिलने की बात रिपोर्ट में कही गई। टीम ने रिपोर्ट में ये भी उल्लेखित किया कि डॉक्टर की अनुपस्थिति में ऑप्टोमैट्रिस्ट रोहित कुमार मरीजों की जांच करते हुए पाए गए। इसके अलावा आरोपों की सत्यता जानने के लिए संचालक से फरवरी 2025 से नवंबर 2025 तक किए गए ऑपरेशनों से जुड़े ओटी नोट्स, जांच रिपोर्ट, डिस्चार्ज स्लिप और डॉक्टर के हस्ताक्षर वाले दस्तावेज मांगे गए थे। टीम के अनुसार, ये रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं कराया गया।

इसी को लेकर रिपोर्ट तैयार कर टीम ने सीएमओ को भेज दी। मगर अभी तक इस प्रकरण में कोई एक्शन नहीं लिया गया है। उधर, सीएमओ डॉ.आलोक कुमार का कहना है कि शिकायत मिलने पर टीम गठित की गई है। अभी जांच चल रही है। जांच पूरी होने के बाद निर्णय लिया जाएगा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, फंदे से लटका मिला शव

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **थाना सुनगढ़ी क्षेत्र में हुई घटना जांच में जुटी पुलिस**

**अमृत विचार :** संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की मौत हो गई। उसका शव फंदे से लटका मिला। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। फील्ड यूनिट टीम ने भी सुरग जुटाने के प्रयास किए। फिलहाल कोई खास क्लू नहीं मिल सका। पुलिस शव पोस्टमार्टम को भेज जांच कर रही है।

थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के ग्राम बिल्हा निवासी 45 वर्षीय हीरालाल पुत्र बाबूराम शनिवार सुबह चाय पीकर घर से निकले थे। परिवार के लोग गन्ना काटने के लिए खेत पर चले गए। देरशाम जब परिवार के लोग वापस आए तो हीरालाल उस वक्त भी घर पर नहीं मिले। इसके बाद अनहोनी की आशंका के चलते परिवार के लोगों ने ग्रामीणों संग उसकी खोजबीन शुरू की। गांव के बाहर खेत में पेड़ पर रस्सी के फंदे से हीरालाल का शव लटका मिला। शव लटके होने की सूचना पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। सूचना पुलिस को दी गई। सुनगढ़ी पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। फील्ड यूनिट टीम को भी बुलाया गया। काफी देर तक टीम के एक्सपर्ट सुरागरसी करते रहे। इंस्पेक्टर सुनगढ़ी नरेश त्यागी ने बताया कि परिवार के लोग आत्महत्या करने की बात कह रहे हैं। हालांकि इसकी कोई वजह नहीं बता सके हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# प्रसूता की मौत, अस्पताल में हंगामा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



पूरनपुर के एक निजी अस्पताल में हंगामे के दौरान लगी भीड़। ● अमृत विचार

- **पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के भिंडारा स्थित एक हॉस्पिटल का मामला**

**अमृत विचार :** पूरनपुर के एक निजी अस्पताल में प्रसूता की मौत के बाद रविवार को परिजनों ने हंगामा कर दिया। उनका आरोप था कि अस्पताल के जिम्मेदारों ने सुरक्षित प्रसव का भरोसा दिया, लेकिन प्रसव के बाद महिला की हालत बिगड़ने पर समय रहते उचित इलाज न देकर रेफर कर दिया। पीलीभीत ने जाते वक्त रास्ते में मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को शांत कराया। हालांकि बाद में परिवार वालों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया।

पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव कपूरपुर निवासी सोनू की पत्नी रुबी (28) को शनिवार को प्रसव पीड़ा होने पर भिंडारा स्थित गुरु कृपा हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। शनिवार रात को एक पुत्र का जन्म हुआ। बच्चे के जन्म के बाद परिवार में खुशी का माहौल था, लेकिन कुछ ही देर बाद प्रसूता की हालत अचानक बिगड़ने लगी। आरोप है कि अस्पताल स्टाफ स्थिति संभाल नहीं सका और आनन-फानन में महिला को रेफर कर दिया। परिजन एंबुलेंस से महिला को जिला अस्पताल लेकर जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजन आक्रोशित हो गए और अस्पताल पहुंचकर स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। रविवार सुबह इसकी जानकारी मिलते ही गांव से तमाम लोग बड़ी संख्या में आ गए।

सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर स्थिति को नियंत्रित किया। मृतका के परिवार में पहले से दो बेटियां स्वाति और गौरा हैं। महिला की मौत के बाद परिवार में मातम छा गया। परिजन का रोकर बुरा हाल रहा। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. राशिद ने बताया कि अभी तक इस संबंध में कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है, फिर भी मामले की जांच कराई जाएगी। शिकायत मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# तेज हवा के साथ बूंदाबांदी, बिजली गुल, फसल भी प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



एक स्थान पर ट्रासंफार्मर में सुधार करता कर्मचारी।

- **रविवार को अचानक बदला मौसम का मिजाज लोगों को गर्मी से मिली राहत**

**अमृत विचार:** होली के बाद गर्मी का एहसास मौसम करा रहा था लेकिन अचानक रविवार को मौसम ने करवट ली। बादल छाए और तेज हवा के साथ रुक-रुककर बूंदाबांदी हुई। जिसके बाद गर्मी से राहत मिली।

इधर, कुछ जगह फसलें बिछ गई और बिजली संकट भी गहरा गया। कईइलाकों की बिजली दिन में गुल हो गई।

पिछले कुछ दिनों से मौसम गर्मी की दस्तक का एहसास करा रहा था। गर्म कपड़े का इस्तेमाल भी लगभग बंद हो गया था। रविवार को अचानक मौसम ने करवट ली और ठंडक का एहसास हुआ। सुबह से ही बादल छा गए। जिसके बाद तेज हवा के बीच बूंदाबांदी हुई। अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इधर, पूर्व की भांति बिजली व्यवस्था बाधित हो गई।

सुबह नौ बजे से ही चौक बाजार, एकता नगर कॉलोनी, सनराइज कॉलोनी, आसफजान, डोरीलाल, कमल्ले चौराहा, मोहल्ला छोटा खुदागंज, आवास विकास कॉलोनी आदि इलाकों में बिजली गुल हो गई। बताते हैं कि 33 केवी नकटादाना लाइन ट्रिप हो गई थी।

इसके अलावा अशोक कॉलोनी, गांधी स्टेडियम रोड, बिलगवां रोड, तिरुपति गोल्डन पार्क, साहूकारा, मोहल्ला फारुख, संजय रॉयल पार्क, पुरानी तहसील, मुख्य बाजार, चूड़ी वाली गली, केसरी सिंह आदि इलाकों की बिजली भी गुल रही। इसका टीम भेजकर सुधार कराया गया। दोपहर पौने तीन बजे तक सभी जगह की बिजली सप्लाई सुचारू करा दी गई। हालांकि इसके बाद भी कुछ स्थानों पर सप्लाई लड़खड़ाई रही। इससे पूर्व शनिवार रात को भी कुछ जगह ट्रांसफार्मर में खराबी आने के चलते सप्लाई बाधित रही थी।

### बदले मौसम के बीच गिरी फसल, बढ़ी किसानों की चिंता

**बिलसंडा, अमृत विचार :** रविवार को सुबह से तेज हवा के साथ हुई रुक-रुककर बूंदाबांदी से मौसम बदला रहा। अचानक से बढ़ी गर्मी से निजात मिली। वहीं, किसानों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। तेज हवा के कारण गेहूं की फसल गिर गई। किसानों के अनुसार फसल के गिरने से उपज में कमी आने के साथ ही गेहूं की कटाई में भी समस्या उत्पन्न हो सकती है। इसे लेकर किसान परेशान दिखे। वहीं, बाजार में भी आम दिनों की अपेक्षा चहलकदमी कम रही। दोपहर बाद कुछ भीड़ बढ़ी।



### स्कूल जाते वक्त छात्र को मारने की दी धमकी

**पीलीभीत, अमृत विचार :** सुनगढ़ी क्षेत्र के ग्राम नौगवां पकड़िया निवासी मो जाफर खां ने तहरीर देकर बताया कि उनका पुत्र शहजिल शहर के एक निजी स्कूल में पढ़ता है। उनके मोबाइल नंबर पर 13 मार्च की शाम करीब साढ़े सात बजे अंजान व्यक्ति ने कॉल की। कॉल रिसीप करते ही आरोपी ने सीधे गाली गलौज शुरू कर दी। ये धमकी दी गई कि शहजिल को स्कूल जाते वक्त जान से मार देगा। इसे लेकर परिवार वाले डरे सहमे हुए हैं। धमकी देने के पीछे कोई वजह भी नहीं बताई गई। ऐसे में बेटे को स्कूल भेजने से भी डर लग रहा है। पिता ने मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की। इंस्पेक्टर नरेश त्यागी ने बताया कि मोबाइल नंबर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच करा रहे हैं।

# हादसे में घायल किशोर की अस्पताल में मौत

संवाददाता, बीसलपुर



मृतक पंकज के परिजन।

- **23 फरवरी को कार ने टेंपो में मारी थी टक्कर**

**अमृत विचार:** कार और टेंपो की टक्कर में घायल हुए ग्राम टिकरी निवासी पंकज कुमार की रविवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

बता दें कि 23 फरवरी को सवारियां लेकर टेंपो पीलीभीत की तरफ जा रहा था। ग्राम जसौली के नजदीक पहुंचते ही कार से टक्कर हो गई। जिससे टेंपो मार्ग पर पलट गया और उसमें बैठी सवारियां घायल हो गई। प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। ग्राम टिकरी निवासी अशर्फीलाल के 16 वर्षीय पुत्र पंकज कुमार की हालत गंभीर होने पर बरेली रेफर कर दिया गया। वहीं के एक निजी अस्पताल में पंकज का इलाज चल रहा था, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजन शव लेकर घर आ गए। फिर सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिवार में किशोर की मौत के बाद चीख पुकार मची रही।

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर



डा. मोहित गुप्ता
M.Ch., Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क, रीढ़ एवं नस रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389
समय - प्रातः 10 से 12:30 बजे तक
एवं सायं 6 से 8:30 बजे तक
अब डॉ. मोहित गुप्ता रविवार को भी मिलेंगे प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक
सुविधायें
ब्रेन हैमरेज | स्लिप डिस्क
ब्रेन ट्यूमर | मिर्गी का दौरा
गर्दन दर्द (सर्वाइकल)
रीढ़ की चोट, टी.बी
सिर दर्द, माइग्रेन
कमर दर्द, कंधों में दर्द
पीठ दर्द, रीढ़ की गांठ
सिर की चोट (हेड इंजरी)
हाथ पैरों में झनझनाहट
फालिज (लकवा)
नसों का दर्द
सियाटिका (कमर में पैरों का दर्द)
दिमागी में पानी व खून जमना
दिमाग, रीढ़ एवं नस सम्बन्धित सभी बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन
Bareilly Neuro and Spine Super Speciality Centre
Google Maps Location
सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
7417389433, 7017678157
9897287601, 8191879754

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana
Ayushman Bharat
PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# पुलिस मेहरबान या शातिराना अंदाज ! हत्थे नहीं चढ़ रहा घोटालेबाज चपरासी

## डीआईओएस दफ्तर में करोड़ों के हेरफेर का मामला, शासन स्तर से जांच को गठित हो चुकी टीम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** एक इंटर कॉलेज के चपरासी का शातिराना अंदाज सिस्टम के तमाम दावों पर प्रश्नचिह्न लगा गया है। पहले कई सालों तक नियम विरुद्ध तरीके से डीआईओएस दफ्तर में बाबूगिरी संभालते हुए शिक्षकों के वेतन मद से करोड़ों का हेरफेर अपनी पत्नी व अन्य परिचितों के खातों में करता रहा। बैंक के जरिए पकड़ हुई और जांचें चली। टालमटोल के बाद एफआईआर भी करा दी गई। शासन स्तर से भी जांच के लिए टीमें गठित की जा चुकी हैं। मगर, एक माह से अधिक समय बीतने के बाद भी पुलिस की चार टीमों का उस तक न पहुंचना कहीं न कहीं जिम्मेदारों की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगा रहा है। न्यायालय से अग्रिम जमानत याचिका निरस्त होने के बाद अब आरोपी इल्हाम के सरेंडर करने की तैयारी को लेकर चर्चाएं तेज हो चुकी हैं। वही, पुलिस के स्तर से अभी तक उसकी गिरफ्तारी के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं।

बता दें कि बीसलपुर के जनता टेक्निकल इंटर कॉलेज में चपरासी पद पर कार्यरत इल्हाम उर्रहमान शम्सी पर डीआईओएस कार्यालय के जिम्मेदार लंबे समय से मेहरबान थे। यही वजह रही कि चपरासी पर मूल तैनाती के बावजूद वह करीब सात साल से अधिक समय से डीआईओएस कार्यालय में अटैचमेंट की आड़ में नियम विरुद्ध तरीके से बाबूगिरी कर महत्वपूर्ण पटलों पर काम संभालता रहा। बकायदा एसी लगे एक केबिन में अफसरों की तरह फाइलों के बीच बैठकर शिक्षकों से लेकर प्रधानाचार्यों पर रौब झाड़ना जगजाहिर था। उसकी पूर्व में शिकायतें हुई लेकिन जिम्मेदारों के संरक्षण के चलते आंच नहीं आई। बीते दिनों उसका एक खेल बैंक के अधिकारियों की संजीदगी से पकड़ में आ गया। डीआईओएस कार्यालय की शिक्षकों के वेतन मद से उसकी पत्नी अर्शी खातून के बैंक खाते में एक करोड़ से अधिक की रकम भेजी गई खाता फ्रीज कर दिया गया। अधिकारियों के संज्ञान में आने के बाद डीएम के स्तर से जांच कराई गई और मामला सही पाया गया। उस वक्त तक डीआईओएस से लेकर अन्य जिम्मेदार उसका बचाव करते दिखाई दिए।

हालांकि डीएम की सख्ती के बाद 14 फरवरी को डीआईओएस राजीव कुमार की तहरीर पर सदर कोतवाली में इल्हाम और उसकी पत्नी अर्शी खातून पर एफआईआर दर्ज हो गई। अर्शी खातून को पुलिस जेल भेज चुकी है। मुख्य आरोपी इल्हाम की गिरफ्तारी को चार टीमें गठित की गई लेकिन एक माह बाद भी उसको पकड़ने में सफलता नहीं मिली है। जांच और धरपकड़ के प्रयास के दावों के बीच एक तरह से मामले को दबा दिया गया है। नए तथ्य निकलकर सामने आ चुके हैं। एक करोड़ के घोटाले पर एफआईआर कराई गई और बताते हैं कि अब तक ऐसे कई खाते पकड़ में आ चुके हैं।

रकम भी 50 करोड़ के आसपास गबन किए जाने की बात कही जा रही है। फर्जी शिक्षकों के नाम पर रकम ठिकाने लगाई जा रही थी। प्रकरण और संगीन हो चुका है लेकिन कार्रवाई पस्त है। बीते दिनों इल्हाम की अग्रिम जमानत याचिका भी निरस्त हो चुकी है। हाईकोर्ट में डाली गई एफआईआर रदद करने की याचिका को भी वापस ले लिया है। ऐसे में चर्चा है कि सरेंडर करने की तैयारी में है। उधर, कोतवाली पुलिस के स्तर से अभी भी उसकी गिरफ्तारी के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। विवेचना को भी गति नहीं मिल सकी है, जोकि सवाल खड़े कर रहा है। हालांकि अधिकारी प्रकरण को गंभीरता से लेकर जांच जारी होने की बात कह रहे हैं।



करोड़ों के घोटाले का मुख्य आरोपी इल्हाम उर्रहमान शम्सी। (फाइल फोटो)

- कार्रवाई अधूरी, एफआईआर दर्ज हुए बीते 30 दिन

### वरिष्ठ सहायक पर कार्रवाई के आदेश को बीत गए पांच दिन

डीएम ज्ञानेंद्र सिंह की ओर से भेजी गई जांच रिपोर्ट के आधार पर शासन स्तर से भी इस प्रकरण की जांच के लिए कमेटी का गठन किया जा चुका है। ये कमेटी पांच साल के लेनदेन की जांच करेगी। जेल भेजी जा चुकी मुख्य आरोपी इल्हाम की पत्नी अर्शी खातून के बैंक खाते को अनफ्रीज कराकर शेष धनराशि सरकारी राजकोष में जमा कराने के भी निर्देश दिए गए थे। इसके अलावा शासकीय कार्यों में लापरवाही के दोषी पाए जा चुके डीआईओएस कार्यालय के वरिष्ठ सहायक विमल कुमार वर्मा पर अनुशासनिक कार्रवाई करने के आदेश भी दस मार्च को दिए जा चुके हैं। मगर इसके बावजूद उस पर भी कोई एक्शन नहीं लिया गया है।

### अभी भी अटैचमेंट के नाम पर कई जमाए बैठे डेरा

बता दें कि शासन स्तर से अटैचमेंट खत्म करते हुए सभी को मूल तैनाती स्थल पर कार्य करने के निर्देश दिए जा चुके हैं। इसका पालन कराने के दावे भी किए जा रहे हैं। मगर, अभी भी नियम विरुद्ध तरीके से अटैचमेंट की आड़ में कुछ कर्मचारियों ने डेरा जमा रखा है। डीआईओएस दफ्तर में इतना बड़ा गोलमाल पकड़े जाने के बाद भी सुध नहीं ली गई है। वहीं, अन्य विभागों में भी इसी तरह से कई कर्मचारी डेरा जमाए हुए हैं। बताते हैं कि विकास भवन में ही चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी बाबूगिरी कर रहे हैं। कुछ कार्यालयों में सेवानिवृत्त कर्मचारी और निजी कर्मचारी भी महत्वपूर्ण कार्यों में लगा रखे हैं। जिनके हाथों में गोपनीय अभिलेख और अहम जिम्मेदारियां हैं।

> इस प्रकरण की रिपोर्ट दर्ज कर मुख्य आरोपी की पत्नी को जेल भेजा जा चुका है। विवेचना गंभीरता से कराई जा रही है। मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगी हुई हैं। लगातार गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। – **दीपक चतुर्वेदी**, सीओ सिटी

# कांशीराम के विचारों को जन-जन तक पहुंचा रही आजाद समाज पार्टी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के तत्वावधान में बहुजन नायक कांशीराम के 92वें जन्मदिवस पर एक बरात घर में विचार गोष्ठी रविवार को आयोजित की गई। इस दौरान आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के छठवें स्थापना दिवस को भी मनाया गया। इसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रेम कुमार गौतम ने की। मुख्य अतिथि प्रदेश संगठन मंत्री एवं मुख्य मंडल प्रभारी, बरेली मंडल संजीव सागर रहे।

मुख्य अतिथि संजीव सागर ने कहा कि बहुजन नायक कांशीराम ने अपना पूरा जीवन बहुजन समाज को जागरूक, संगठित और राजनीतिक रूप से मजबूत बनाने में समर्पित किया। उनके विचार समाज को समानता, न्याय और अधिकारों की लड़ाई के लिए प्रेरित करते हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि आजाद समाज पार्टी कांशीराम के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और बहुजन समाज को राजनीतिक, सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कार्यकर्ताओं से कांशीराम के बताए रास्ते पर चलकर समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। संचालन गोपाल सिंह ने किया। इस मौके पर मंडल प्रभारी वसीम चौधरी, रोहित सागर, जिला प्रभारी रामचन्द्र प्रजापति, आकाश सिंह आजाद, अब्दुल वहीद खान, जिला उपाध्यक्ष अकील अहमद इदरीसी, राजकुमार गौतम, जिला महासचिव आकिब रजा, जिला संगठन मंत्री नावेद रजा, राजाराम गौतम, सत्यप्रकाश सागर, राजाराम प्रचारी, सुरेन्द्र सागर आदि मौजूद रहे।




कार्यक्रम में मंचासीन मुख्य अतिथ, जिलाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी।

# प्रवेश परीक्षा में 512 विद्यार्थी उपस्थित, 89 रहे गैरहाजिर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय माधोटांडा की हुई प्रवेश परीक्षा में 512 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया, जबकि 89 विद्यार्थी गैरहाजिर रहे। परीक्षा में बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई थी।

समाज कल्याण विभाग द्वारा कलीनगर तहसील के माधोटांडा में जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय संचालित किया जा रहा है। आवासीय विद्यालय में दाखिले को लेकर रविवार को प्रवेश परीक्षा संपन्न कराई गई।

जिला समाज कल्याण अधिकारी चंद्रमोहन विश्नोई एवं प्रधानाचार्य अनिल कुमार की देखरेख में प्रवेश परीक्षा सुबह 10 बजे से 12 बजे तक हुई। प्रवेश परीक्षा को लेकर बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों की कक्ष निरीक्षक के तौर पर ड्यूटी लगाई गई थी। जिला समाज कल्याण अधिकारी चंद्रमोहन विश्नोई ने बताया कि शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न कराई गई है।



कक्ष निरीक्षकों की देखरेख में प्रवेश परीक्षा देते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005




बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777



डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

# संगठित होने का संदेश देते हैं होली मिलन समारोह

**बिलसंडा, अमृत विचार :** नगर के एक गेस्ट हाउस में शनिवार शाम कसौधन महासभा की ओर से होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इसमें बतौर अतिथि नगर पंचायत चेयरमैन डीके गुप्ता शामिल हुए। सर्वप्रथम महर्षि कश्यप के चित्र पर तिलक वंदन कर माल्यार्पण किया गया। फूलों की होली खेली गई। एक दूसरे को गले मिलकर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में कसौधन वैश्य समाज के पुरुष और महिलाएं सम्मिलित हुए। चेयरमैन ने कहा कि ऐसे आयोजनों से सभी को एक दूसरे को समझने का अवसर मिलता है। साथ ही एकजुटता और समाज को संगठित होने की गति मिलती है। इस मौके पर सुरेश चंद्र गुप्ता, डॉ. नरेश गुप्ता, राजेश गुप्ता, दिलीप गुप्ता, मनोज गुप्ता, संतोष गुप्ता, विकास गुप्ता, प्रतुल गुप्ता, आकाश गुप्ता, अमन गुप्ता आदि मौजूद रहे।



# योग एवं आध्यात्मिक ध्यान शिविर में उमड़े वरिष्ठ नागरिक



शिविर में रविवार सुबह योगाभ्यास करते वरिष्ठजन। ● अमृत विचार



योगाभ्यास कराते डीपी त्रिपाठी।

संवाददाता, बीसलपुर

- अटल वयो अभ्युदय योजना के तहत बीसलपुर स्थित वृद्धाश्रम में 21 मार्च तक चलेगा शिविर

**अमृत विचारः** समाज कल्याण विभाग की ओर से बीसलपुर स्थित एक वृद्धाश्रम में सात दिवसीश् योग एवं आध्यात्मिक ध्यान शिविर का शुभारंभ हो गया। पहले दिन शिविर मे बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिकों ने पहुंचकर प्रशिक्षक की देखरेख में विभिन्न योगों को अभ्यास किया।

सरकार द्वारा वरिष्ठजनों के जीवन स्तर में सुधार लाने एवं उन्हें स्वाबलंबी बनाने के लिए अटल वयो अभ्युदय योजना शुरू की गई है। इसी क्रम में समाज कल्याण विभाग की ओर से बीसलपुर स्थित मचवाखेड़ा वृद्धाश्रम में रविवार से सात दिवसीय योग एवं आध्यात्मिक ध्यान शिविर का शुभारंभ किया गया। यह शिविर 21 मार्च तक सुबह और शाम दो पालियों में आयोजित किया जाएगा। रविवार सुबह शिविर में बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक पहुंचे। शिविर में योग प्रशिक्षक डीपी त्रिपाठी ने सभी वरिष्ठ नागरिकों को सामूहिक योगाभ्यास कराने के साथ योग-आसन से होने वाले फायदों के बारे में बताया। वही रविवार शाम दूसरी पाली में ब्रहमाकुमारी संस्थान के द्वारा वरिष्ठ जनों को आध्यात्मिक ध्यान का अभ्यास कराया जाएगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी चंद्रमोहन विश्नोई ने बताया कि योग एवं आध्यात्मिक शिविर 21 मार्च तक आयोजित किया जाएगा।



**इफ्तार** सोमवार
सुन्नी: 6:18
शिया: 6:19

**सहरी** मंगलवार
सुन्नी: 4:49
शिया: 4:51


बोझवा गांव में आंधी-पानी में गिरा छप्पर। ● अमृत विचार


बिजुआ इलाके के भानपुर गांव में गिरी पक्की दीवार। ● अमृत विचार


भीरा बिजुआ मार्ग पर बरमबाबा चौराहे पर बोर्ड गिरने से बाधित यातायात। ● अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** शनिवार देर रात सिकंद्राबाद मार्ग पर हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर घायल हो गया, जिसे पालिकाध्यक्ष ने सीएचसी पहुंचवाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत् घोषित कर दिया। गोला सिकंद्राबाद मार्ग से शनिवार को देर रात घर वापस लौट रहे नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने सड़क पर एक गंभीर घायल पड़े एक युवक को देखा, जिसे उन्होंने सीएचसी पहुंचाया और पुलिस को सूचना दी। सीएचसी में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाल अंबर सिंह ने बताया कि मृतक की शिनाख्त मनोज कुमार (35) पुत्र दाताराम निवासी गजियापुर थाना हैदराबाद के रूप में हुई है।

### अभिलेख प्रदर्शनी एवं गोष्ठी आज

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** सीजीएन पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. पंकज सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश राजकीय अभिलेखागार संस्कृति विभाग और कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में अभिलेख प्रदर्शनी और गोष्ठी 16 मार्च को प्रात:10 .30 बजे से होगी। बताया कि गोष्ठी में विशेष वक्ता शशिभूषण डिग्री कॉलेज लखनऊ के डॉ. सौरभ कुमार मिश्र, नई तालीम आश्रम सेवाग्राम वर्धा के शिवदत्त मिश्र, प्रेम कुमार, प्रमोद कुमार आदि होंगे।

### घर में घुसकर महिला के साथ छेड़खानी

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** मोहम्मदी कोतवाली क्षेत्र के चंदनापुर गांव निवासी एक युवक ने बताया कि रात करीब 11 बजे उनकी पत्नी घर पर अकेली थीं। इसी दौरान गांव का ही गोविंद उनके घर में घुस आया और उनकी पत्नी के साथ जबरदस्ती छेड़खानी करने लगा। पीड़ित महिला के पति की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच एसआई संजीत तिवारी को सौंपी है।

### महिला ने खाया जहर अस्पताल में मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** थाना भीरा क्षेत्र के गांव चंद्रपुरा निवासी रामू की 32 वर्षीय पत्नी राधा ने शनिवार की देर रात अज्ञात कारणों के चलते जहर खा लिया। घटना की जानकारी होने परिजन आनन-फानन में इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां रविवार की सुबह राधा की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतका के पति रामू ने बताया कि शादी को करीब 18 साल हो गए हैं, तीन बच्चे, जिनमें एक बेटी और दो बेटे हैं।

### दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** कोतवाली मोहम्मदी पुलिस ने किशोरी से दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे गांव सुंदरपुर निवासी सर्वेश रैदास को गिरफ्तार कर लिया है। रविवार को पुलिस ने आरोपी का चालान भेजा है।

# आंधी-बारिश से लुढ़का पारा, गेहूं-सरसों को भारी नुकसान

## काले-घने बादल छाए, तेज हवा चली, गरज के साथ हुई बूंदाबांदी, किसानों की बढ़ी चिंता, लोगों को होने लगा था अप्रैल जैसी गर्मी का अहसास

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** मार्च की शुरुआत से ही मौसम का मिजाज लगातार बदलता नजर आ रहा है। एक सप्ताह पहले तक जहां तापमान में लगातार बढ़ोतरी होने से लोगों को अप्रैल जैसी गर्मी का अहसास होने लगा था, वहीं रविवार दोपहर बाद अचानक मौसम ने करवट ले ली। आसमान में घने बादल छा गए और देर शाम से तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश शुरू हो गई। आसमान में बिजली कड़की और गरज के साथ बूदाबांदी भी हुई। कुछ इलाकों में रुक-रुक कर हुई बारिश और तेज हवाओं के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे मौसम एकाएक ठंडा हो गया। वहीं, खेतों में खड़ी गेहूं और सरसों की फसल पर संकट मंडराने लगा है। इससे किसानों की चिंता बढ़ गई है।

**गोला गोकर्णनाथ।** रविवार सुबह से ही आसमान में बादलों का डेरा बना रहा और बीच-बीच में तेज हवा के साथ बूंदाबांदी होती रही। हवाओं की रफ्तार भी काफी तेज रही, जिससे पेड़-पौधे झूमते नजर आए। मौसम के अचानक ठंडा होने से लोगों को एक बार फिर हल्की ठंड का एहसास होने लगा। कई जगहों पर लोग गर्म कपड़ों में भी दिखाई दिए। इधर मौसम में आए इस बदलाव का असर बाजारों में भी देखने को मिला। तेज हवा और बारिश के कारण बाजारों में लोगों की आवाजाही कम रही और सड़कें भी कई स्थानों पर सुनसान नजर आईं। वहीं ग्रामीण इलाकों में कच्चे रास्तों पर कीचड़ हो जाने से लोगों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

किसानों के लिए यह मौसम चिंता का कारण बन गया है। इस समय खेतों में गेहूं की फसल पूरी तरह पककर तैयार खड़ी है और कटाई का समय नजदीक है। ऐसे में तेज हवाओं के कारण फसल के गिरने (लॉजिंग) की आशंका बढ़ जाती है, जिससे उत्पादन पर असर पड़ सकता है। इसके अलावा सरसों की फसल भी कई जगहों पर तैयार खड़ी है, जिसे तेज हवा और बारिश से नुकसान होने का अंदेशा है। किसानों का कहना है कि अगर इसी तरह तेज हवाओं और बारिश का सिलसिला जारी रहा तो फसल की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है और पैदावार भी कम हो सकती है। कई किसान जल्द से जल्द फसल की कटाई कराने की कोशिश में जुट गए हैं ताकि संभावित नुकसान से बचा जा सके।


बिजुआ क्षेत्र में तेज आंधी से गिरी गेहूं की फसल। ● अमृत विचार

### तेज आंधी में छप्पर उड़े, दीवार गिरी, बरमबाबा चौराहे पर गिरा स्मृति द्वार

**भानपुर।** थाना भीरा क्षेत्र में रविवार को आई तेज आंधी-तूफान के चलते भीरा-बिजुआ रोड स्थित बरमबाबा चौराहे पर लगा स्मृति द्वार अचानक गिर गया। स्मृति द्वार के हाईवे के बीचों-बीच गिर जाने से कुछ समय के लिए यातायात पूरी तरह बाधित हो गया और सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। गनीमत रही कि घटना के समय वहां से कोई वाहन नहीं गुजर रहा था, जिससे एक बड़ा हादसा बच गया। चौराहे पर मौजूद स्थानीय निवासी विमल कुमार ने तुरंत घटना की सूचना भीरा पुलिस को दी। पुलिस ने मौके स्मृति द्वार के लोहे के पिलरों को कटवाकर सड़क से हटवाया। तब यातायात दोबारा सुचारु हो सका। वहीं, क्षेत्र में आंधी के कारण लोगों के छप्पर उड़ गए तो दीवारें गिर गईं। साथ ही फसलों को भी काफी क्षति पहुंची है। भानपुर गांव में भी तेज आंधी के कारण बृजेश पुत्र मोतीलाल के मकान की एक पक्की दीवार भरभराकर गिर गई। गनीमत रही कि दीवार गिरने के समय आसपास कोई मौजूद नहीं था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। तेज आंधी और बारिश से क्षेत्र की फसलों को भी काफी नुकसान पहुंचा है।

### टीन-छप्पर उड़े, कइयों की गेहूं की फसल गिरी

**पलिया कलां।** रविवार सुबह धूप खिलने के कुछ देर बाद ही मौसम ने पलटी मारी और आकाश में काले घने बादल दिखाई देने लगे। इसके बाद चली तेज हवा ने पूरे आसमान को बादलों से ढक दिया और रिमझिम वर्षा शुरू हो गई, जो कभी हल्की तो कभी तेज स्थिति में करीब एक घंटे तक जारी रही। तेज हवा चलने से मोहल्ला ढाकिन एवं सिंगहिया सहित कई गांवों में कई लोगों के छप्पर एवं टीन उड़कर दूर जा गिरे। ग्राम पंचायत मटहिया के उपग्राम बोझवा में बांकेलाल भार्गव के घर के छप्पर गिर गए। इसके साथ ही कई लोगों की गेहूं की तैयार खड़ी फसल भी पलट गई। जबकि कुछ लोगों की देर से तैयार कटी पड़ी लाही की फसल भी जहां-तहां उड़कर भीग गई। गनीमत यह रही कि ओले नहीं पड़े, अन्यथा क्षेत्र के किसानों की फसलों को अधिक नुकसान हो सकता था।यद्यपि मसूर की फसल को लाभ हुआ। हालांकि आकाश में अभी भी बादल छाए हुए हैं, इससे इलाके के किसान चिंतित हैं।

### चार डिग्री गिरा तापमान, मौसम सुहावना

मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि आसमान में बादल छाने, तेज हवाएं चलने और कुछ इलाकों में मामूली बारिश से ही रविवार को चार डिग्री तापमान गिर गया। इससे मौसम सुहावना हो गया। शनिवार को अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के सापेक्ष रविवार को 26 डिग्री सेल्सियस, जबकि शनिवार को न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस के सापेक्ष 17 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गयाहै। उन्होंने बताया कि आने वाले एक-दो दिनों तक मौसम में इसी तरह उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। बादलों की आवाजाही और हल्की बारिश की संभावना भी जताई जा रही है।

### क्या कहते हैं किसान


अचानक आंधी बारिश आ जाने से तीन एकड़ के खेत में पकी खड़ी सरसों गिरकर बर्बाद हो गई है। कई एकड़ गेहूं की फसल भी गिरकर बर्बाद हो गई। **-फहीम अहमद**, मैलानी।


तेज हवा के साथ बारिश होने से किसानों का गेहूं गिरकर बर्बाद हो गया है। अब गेहूं को नुकसान होगा। वहीं, यदि तेज हवा और बारिश बंद नहीं हुई तो किसान बर्बाद हो जाएगा। **-अवनीश अवस्थी**, किसान

इस समय तेज हवा और बारिश गेहूं और सरसों की फसल के लिए काफी नुकसानदायक होगी। हालांकि अभी गनीमत है। यदि हवाएं और तेज चलीं या बारिश हुई तो फसलों को काफी नुकसान होगा। **-डॉ. सुहेल**, कृषि वैज्ञानिक

### किसानों की चिंता बढ़ने की वजह

- इस समय खेतों में गेहूं की फसल पककर तैयार खड़ी है।
- तेज हवा चलने से फसल गिरने (लॉजिंग) का खतरा बढ़ जाता है।
- बारिश होने से दाने की गुणवत्ता पर असर पड़ सकता है।
- सरसों की तैयार फसल को भी तेज हवाओं से नुकसान की आशंका।
- मौसम साफ न होने पर कटाई कार्य में भी देरी हो सकती है।

# भारत-नेपाल के रिश्तों पर दिया जोर

संवाददाता, पलिया कलां

- चंदन चौकी में भारत-नेपाल मैत्री होली महोत्सव आयोजित

**अमृत विचार:** नेपाल सीमा से सटे कस्बा चंदन चौकी स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से भारत-नेपाल मैत्री होली महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसका आरंभ दीप प्रज्वलित कर किया।

मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के भारत-नेपाल राष्ट्र (उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड) के वरिष्ठ प्रचारक ओमपाल सिंह रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि एसएसबी 39वीं बटालियन के कमांडेंट रविंद्र राजेश्वरी और नेपाल के हरिशंकर ठाकुर मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ओमपाल सिंह ने भारत और नेपाल के बीच सदियों पुराने रोटी-बेटी के रिश्ते का उल्लेख करते हुए सामाजिक समरसता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच आपसी सहयोग, सांस्कृतिक संबंध और भाईचारा हमेशा मजबूत बना रहे, यही इस आयोजन का उद्देश्य है। विशिष्ट अतिथि कमांडेंट रविंद्र राजेश्वरी और हरिशंकर ठाकुर ने भी कहा कि भारत और नेपाल के लोगों के बीच पारंपरिक संबंध बहुत गहरे हैं। ऐसे कार्यक्रम दोनों देशों के बीच आपसी सौहार्द और भाईचारे को और अधिक मजबूत करते हैं। इस अवसर पर समाजसेवी सलिल अग्रवाल, मंडल कार्यवाह दिनेश मिश्रा, गौरव सिंह, सुमित तिवारी, राहुल तिवारी, बलजीत सिंह, निरंजन लाल अग्रवाल, कृष्ण अवतार भाटी, मुकुट बिहारी मिश्र, पलिया नगर प्रचारक योगेंद्र, खंड संचालक संतराम गुप्ता, विजय महेंद्रा, शिवपाल सिंह, रवि गुप्ता, आशीष और धनुषधारी द्विवेदी सहित कई लोग मौजूद रहे।

नेपाल से आए प्रमुख अतिथियों में भारत-नेपाल मैत्री संघ के सुदूर पश्चिम अध्यक्ष श्रवण देउवा, धनगढ़ी (नेपाल) पत्रकार महासंघ के अध्यक्ष हेमंत पौडेल, लक्ष्मण साउद, शुभ ठाकुर, पदमराज जोशी, त्रिलोक पांडे, हिकमत रावल, योगेश, सुशील, जीवन बिष्ट, सुभाष पौडेल और सुभाष अग्रवाल सहित अन्य लोग शामिल हुए। कार्यक्रम के समापन पर सभी अतिथियों और उपस्थित लोगों ने फूलों की होली खेलकर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य सुनील कुमार सिंह (मझगई) ने किया।


कार्यक्रम के मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट करते आयोजक। ● अमृत विचार

# पढ़ुवा क्षेत्र में बाघ ने जमाया डेरा, विभाग लगाएगा पिंजरा

- एक हफ्ते से अलग-अलग गांवों के पास दिख रहा बाघ
- वन विभाग की टीम लगातार कर रही पेट्रोलिंग

संवाददाता महंगापुर

**अमृत विचार:** पलिया रेंज क्षेत्र में एक बाघ की लगातार आमद से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। बीते एक सप्ताह से बाघ अलग-अलग गांवों के आबादी क्षेत्र के पास दिखाई दे रहा है और अब तक दो मवेशियों को अपना निवाला बनाने के साथ दो अन्य को घायल कर चुका है। बाघ को पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम उसकी लोकेशन ट्रेस करने के साथ ग्रामीणों को सतर्क करते हुए लगातार दिन-रात पेट्रोलिंग कर रही है।

पलिया रेंज के त्रिकोलिया वन बीट क्षेत्र में ग्राम त्रिकोलिया पढ़ुवा के मजरा कंचनपुर के पास खेतों में बाघ पिछले दो दिनों से डेरा जमाए हुए है। बीती रात पढ़ुवा निवासी राधिका पत्नी बाबू के घर से बाघ एक पालतू बकरे को उठाकर ले गया और उसे अपना निवाला बना लिया। इसके अलावा एक घुमंतु बछड़े पर भी हमला कर उसे मार डाला। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने वन विभाग को जानकारी दी।

सूचना पर पलिया रेंजर विनय कुमार, डिप्टी रेंजर शिव बाबू सरोज और फॉरेस्टर राकेश कुमार पटेल वन टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। टीम ने आसपास के क्षेत्र में बाघ की लोकेशन ट्रेस करने का प्रयास किया। वन विभाग को आशंका है कि बाघ पास के गन्ने के खेतों में छिपा हुआ है। इससे पहले बाघ ने पास के ग्राम महिपाल के महिपालपूर्वा में एक मजदूर के पड्डे और बछड़े पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया था। इसके बाद वह पास के गन्ने के खेत और झील के आसपास कई दिनों तक डेरा जमाए रहा।

बाघ को पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम ने उसकी लोकेशन ट्रेस कर पिंजरा भी लगाया था, लेकिन अगले ही दिन बाघ वहां से निकलकर पढ़ुवा की ओर चला गया। टीम क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग कर रही है। ग्रामीणों व किसानों को सतर्क रहने की सलाह दी है। साथ ही खेतों की ओर अकेले न जाने और गन्ने के खेतों में समूह बनाकर हकारा लगाते हुए जाने के निर्देश दिए गए हैं।


पेट्रोलिंग करती वन विभाग की टीम। ● अमृत विचार

### बाघ ने छुट्टा पशु का किया शिकार

**बांकेगंज, अमृत विचार,** बीती रात मैलानी वन क्षेत्र के महुरेना बीट में बाघ ने एक सांड़ का शिकार कर लिया। गुलाब नगर निवासी सलीम सुबह जब अपने आलू के खेत में पहुंचे तब उन्होंने अपने खेत में एक स्थान पर आलू की फसल को रौंदा हुआ देखा। वहां खून के कुछ धब्बे भी दिखाई दिए। इससे वह कुछ अन्य किसानों के साथ उधर गए तो पास के ही लाही के खेत में उन्हें एक सांड़ मृत मिला, जिसका कुछ हिस्सा किसी पशु द्वारा खाया गया था। इससे यह अनुमान लगाया गया कि रात में बाघ ने इस पशु का शिकार किया होगा। वन विभाग को इसकी सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे फॉरेस्टर सागर कुशवाहा ने इस बात की पुष्टि की कि रात्रि में बाघ ने ही सांड़ का शिकार किया होगा। यद्यपि भूमि कठोर होने के कारण बाघ के पगचिह्न नहीं दिखाई दिए। घटना की जानकारी क्षेत्र में फैलते ही लोगों में दहशत का माहौल दिखाई दिया।

# एजेंसी संचालकों का दावा, गैस की नहीं किल्लत



गोला में गैस सिलेंडर लेने के लिए मौजूद उपभोक्ता। ● अमृत विचार


गैस बुकिंग विंडो पर लगी लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- फिर भी सिलेंडर लेने और बुकिंग कराने के लिए परेशान हो रहे लोग

**अमृत विचार:** नगर में संचालित इंडेन और भारत गैस एजेंसी के संचालकों का दावा है कि रसोई गैस की कोई कमी नहीं है। फिर भी लोग दिन भर लाइन में लगकर गैस नहीं पा रहे हैं। ऑनलाइन बुकिंग न हो अपने से लोग एजेंसियों पर चक्कर काट रहे हैं, जिनका पूरा दिन एजेंसी पर व्यतीत हो रहा है।

मिडिल ईस्ट में युद्ध के चलते गैस कमी की फैली अफवाह से उपभोक्ता गैस एजेंसियों के चक्कर लगा रहे हैं, जबकि गैस एजेंसी के प्रबंधन के अनुसार गैस पर्याप्त है। अफवाहों के कारण लोग पैनिक बुकिंग कर रहे हैं, जिससे आपूर्ति श्रृंखला पर दबाव बना है। ऑनलाइन बुकिंग सिस्टम क्रैश होना, डिलीवरी में देरी और डर के कारण स्टॉक करने की प्रवृत्ति के चलते गैस एजेंसियों के बाहर लोगों की भीड़ देखी जा रही है।

गोला गैस एजेंसी के प्रबंधक अतुल अग्रवाल ने बताया कि सिलेंडर की कमी की अफवाहों के कारण लोग जल्द से जल्द अपना सिलेंडर बुक करने के लिए दौड़ रहे हैं। अचानक बढ़ी मांग के कारण ऑनलाइन और आईवीआरएस बुकिंग सिस्टम क्रैश हो गए हैं, जिससे लोगों को मजबूरन शारीरिक रूप से एजेंसी जाना पड़ रहा है। नगर में 25 दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिनों का बुकिंग अंतराल लागू किया गया है। कुछ लोग जानकारी के अभाव में मिस्ड कॉल 18002333555 और ऑनलाइन बुकिंग सुविधाओं के विभिन्न प्लेटफार्म का उपयोग करने के बजाय फिजिकल टोकन लेने एजेन्सी पहुंच रहे हैं, जिससे भी गैस एजेंसी पर भीड़ बनी हुई है।

ऑनलाइन, ऑफलाइन आए बहुत सारे ऑर्डरों के कारण बुकिंग के बाद भी सिलेंडर समय पर नहीं मिल रहा है, जिससे ग्राहकों की चिंता बढ़ रही है। उपभोक्ता अपना स्टेटस जानने, केवाईसी कराने के लिए भी एजेंसियों के चक्कर काट रहे हैं। जिससे वहां भीड़ बनी हुई है। बुकिंग की समयावधि में बदलाव भी उपभोक्ताओं में भ्रम पैदा कर रहा है। मुन्नूगंज निवासी दीपू मिश्रा का कहना है कि उन्होंने तीन महीने से सिलेंडर नहीं लिया है फिर भी ऑटोमेटिक बुकिंग दिखा रहा है। उनका सिलेंडर भी खत्म होने वाला है। बुकिंग नहीं हो पा रही है, जबकि उन्होंने सिलेंडर की ऑनलाइन या ऑफलाइन बुकिंग तीन महीने से कराई ही नहीं है।

## कार को किया क्षतिग्रस्त, मरम्मत की तय रकम देने से मुकरे

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के बहेरवा गांव निवासी जितेंद्र कुमार ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 8 मार्च को वह कार से बच्चों को स्कूल छोड़ने जा रहा था, तभी करनपुर गांव के अंदर सामने से आ रही बैलगाड़ी को देखकर कार को साइड में रोक लिया। करनपुर गांव निवासी रामलखन ने लापरवाही से बैलगाड़ी लाकर उनकी कार में टक्कर मार दी, जिससे पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था। घटना के बाद कार की मरम्मत कराने की रकम दिए जाने की बात पर सुलह समझौता हो गया। आरोप है कि जब वह नौ मार्च को विपक्षी के घर गया तो वे लोग अपनी बात से मुकर गए। विपक्षी रामलखन, उनका लड़का हरिवंश, धर्मेन्द्र ने भद्दी भद्दी गाली देते हुए गाड़ी की मरम्मत का कोई खर्चा न देने की बात कहते हुए जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने पिता-पुत्र तीनों के नामजद रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# पेड़ पर फंदे से लटका मिला युवक का शव

- पनगी गांव निवासी अंकित शनिवार रात से ही घर से लापता था

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** सदर कोतवाली की रामापुर पुलिस चौकी क्षेत्र में पनगी गांव निवासी एक युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उसका शव रविवार सुबह हाईवे किनारे आम के पेड़ पर फंदे से लटका बरामद हुआ है। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

पनगी गांव निवासी अंकित (24) पुत्र महेश शनिवार रात से ही घर से लापता था। परिजनों के अनुसार अंकित देर शाम घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। काफी देर तक उसके घर न लौटने पर परिजनों को चिंता हुई और उन्होंने उसकी तलाश शुरू की। परिवार के लोगों ने रिश्तेदारों और आसपास के गांवों में भी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। रविवार सुबह बहराइच-बस्ती हाईवे के किनारे से गुजर रहे कुछ राहगीरों की नजर सड़क के पास खड़े आम के पेड़ पर पड़ी, जहां युवक का शव गमछे के सहारे लटका था। यह देखकर उन्होंने आसपास के लोगों को जानकारी दी। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। रामापुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंच गई और स्थिति का जायजा लिया।

पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को पेड़ से उतरवाया और उसकी पहचान कराने का प्रयास किया। बाद में शव की पहचान पनगी गांव निवासी अंकित के रूप में हुई। सूचना पाकर मृतक के परिजन मौके पर पहुंच गए। बेटे का शव देखकर परिजनों में कोहराम मच गया और परिवार के लोग रो-रोकर बेहाल हो गए। आसपास मौजूद लोग उन्हें ढांढस बंधाते नजर आए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। फिलहाल युवक की मौत के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।


मौके पर जांच-पड़ताल करती पुलिस। ● अमृत विचार

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



ISO:9001:2008 एवं Trademark Certified Clinic

डॉ. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)

स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ

30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त

ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic

★पतले-दुबले ★गाल पिचके ★कमजोर स्त्री-पुरुष ★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।

चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना

वैवाहिक जीवन को सफल बनायें अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें

Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें

डॉ. साहब
आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
22 मार्च 2026, रविवार
5 अप्रैल 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# पिछड़ों एवं दलितों के सम्मान की लड़ाई लड़ रही सपा

## होली मिलन में जुटे सपा नेता और कार्यकर्ता, भाजपा सरकार की नीतियों पर साधा निशाना

- सपा प्रदेश अध्यक्ष बोले-भाजपा में पिछड़े व दलित वर्ग की स्थिति बेहद खराब

संवाददाता, निघासन (खीरी)



कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल का स्वागत करते सपाई। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने कहा कि भाजपा सरकार में पिछड़े और दलित वर्ग की स्थिति बेहद खराब हो गई है। सरकार की नीतियों के कारण इन वर्गों को लगातार उपेक्षा का सामना करना पड़ रहा है। सपा हमेशा से इनके सम्मान, अधिकार और हिस्सेदारी की लड़ाई लड़ती रही है और आगे भी मजबूती से लड़ती रहेगी। जब दलित और पिछड़ा वर्ग एकजुट होकर समाजवादी पार्टी के साथ खड़ा होगा तो 2027 में प्रदेश में सपा की सरकार बनना तय है।

गौतम बुद्ध डिग्री कॉलेज में आयोजित समाजवादी पार्टी के होली मिलन समारोह में प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचते ही कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने फूल-मालाओं व गुलाल से उनका स्वागत किया। समारोह में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, पदाधिकारी और क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक आरएस कुशवाहा ने की। उन्होंने मंच पर आए अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि सपा ही ऐसी पार्टी है जिसने हमेशा सभी वर्गों को सम्मान देने और उन्हें बराबरी का हक दिलाने का काम किया है। सपा की नीतियां गरीब, किसान, मजदूर, पिछड़े और दलित वर्ग के हित में रही हैं ।

पिछड़ा वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष राजपाल कश्यप ने कहा कि भाजपा सरकार में पिछड़ों और दलितों का उत्पीड़न बढ़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार इन वर्गों के अधिकारों की अनदेखी कर रही है और आरक्षण व्यवस्था को भी कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। खीरी सांसद उत्कर्ष वर्मा ने प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा। पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग पटेल ने कहा कि आम जनता महंगाई, बेरोजगारी से परेशान है। जिलाध्यक्ष रामपाल यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी का संगठन गांव-गांव तक मजबूत हो रहा है और आने वाले समय में इसका लाभ पार्टी को मिलेगा। पूर्व मंत्री आरए उस्मानी और पूर्व एमएलसी शशांक यादव ने भी भाजपा सरकार की नीतियों की आलोचना की और कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान अचानक बारिश शुरू होने से कुछ देर के लिए कार्यक्रम बाधित हो गया। इसके बाद कार्यक्रम को कॉलेज के हाल में पुनः शुरू किया गया, जहां नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान ओंकार सिंह, बिनौरा प्रधान माजिद अली, रामपाल मौर्य, पूर्व प्रधान बेनी माधव सहित बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता और क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे। संचालन भंडारी यादव ने किया।

# सपा का लक्ष्य हर चेहरे पर मुस्कान

- प्रेस वार्ता सपा प्रदेश अध्यक्ष बोले-भाजपा की नीतियां आम जनता के हित में नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



पूर्व एमएलसी शशांक यादव एड. के आवास पर प्रेस वार्ता करते सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल।

**अमृत विचारः** सपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की नीतियां आम जनता के हित में नहीं हैं। आरोप लगाया कि भाजपा केवल सामंतवादी और पूंजीवादी लोगों की पार्टी बनकर रह गई है, जबकि समाजवादी पार्टी का संकल्प समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचे और हर व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान दिखाई दे।

रविवार को जिले के निघासन क्षेत्र में आयोजित होली मिलन समारोह और श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होने पहुंचे सपा प्रदेश अध्यक्ष ने पूर्व एमएलसी शशांक यादव एडवोकेट के आवास पर पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा से किसानों, नौजवानों, मजदूरों और गरीब तबके के हितों की लड़ाई लड़ती आई है। पार्टी का उद्देश्य है कि युवाओं को पर्याप्त रोजगार मिले, किसानों को सस्ती खाद और पानी उपलब्ध हो तथा आम जनता को सस्ती बिजली मिल सके। कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं भी आम लोगों की पहुंच में होनी चाहिए। सपा चाहती है कि युवाओं की पढ़ाई सस्ती और सुलभ बने ताकि कोई भी आर्थिक तंगी के कारण शिक्षा से वंचित न रह जाए। इसके साथ ही प्रदेश में कानून का राज स्थापित हो और जनता को न्याय मिले।

प्रेस वार्ता में एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर भी भारत सरकार को स्पष्ट और संतुलित नीति अपनानी चाहिए। भाजपा को ईरान का साथ देना चाहिए। केंद्र और प्रदेश सरकार पर महंगाई और आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता को लेकर निशाना साधा। रसोई गैस की समस्या को लेकर उन्होंने सरकार के दावों पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि वास्तव में गैस की समस्या नहीं है, तो गैस सिलेंडर लेने के लिए उपभोक्ताओं को लंबी-कतारों में क्यों लगना पड़ रहा है। कहा कि भाजपा सरकार के दावे और जमीनी हकीकत में अंतर है। जब तक भाजपा सरकार रहेगी, तब तक महंगाई और बेरोजगारी से आम जनता को राहत मिलना मुश्किल है।

उन्होंने दावा किया कि आने वाले समय में प्रदेश की जनता भाजपा की नीतियों से परेशान होकर बदलाव का मन बना चुकी है और समाजवादी पार्टी को फिर से मौका देने के लिए तैयार है। मौके पर पूर्व विधायक रामसरन, पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग पटेल, क्रांति कुमार सिंह, देवेंद्र भदौरिया, अजय सिंह, दिव्यांशु यादव एडवोकेट आदि कई स्थानीय पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक भी मौजूद रहे।

# साक्षरता अभियान के तहत 40 निरक्षरों ने दी परीक्षा

संवाददाता, मझगईं

- सकटू पुरवा और बंगलहा कुटी केंद्रों पर हुआ आयोजन

**अमृत विचारः** साक्षरता अभियान के तहत आयोजित परीक्षा में 40 निरक्षर लोगों ने भाग लेकर अपनी पढ़ने-लिखने की क्षमता का परीक्षण दिया। न्याय पंचायत स्तर पर बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर यह परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराई गई।

परीक्षा के लिए दो केंद्र बनाए गए थे। संविलियन विद्यालय सकटू पुरवा में 18 तथा संविलियन विद्यालय बंगलहा कुटी में 22 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा के दौरान सभी व्यवस्थाएं सुचारू रहीं और परीक्षार्थियों में सीखने की ललक तथा उत्साह साफ दिखाई दिया। कई परीक्षार्थी ऐसे भी थे जिन्होंने पहली बार किसी परीक्षा में भाग लिया, लेकिन शिक्षकों के मार्गदर्शन से उन्होंने आत्मविश्वास के साथ प्रश्नों के उत्तर लिखे। शिक्षकों ने बताया कि साक्षर बनने से लोग बैंकिंग, सरकारी योजनाओं की जानकारी, दस्तावेजों को समझने और अपने बच्चों की पढ़ाई में सहयोग करने जैसे कार्य भी आसानी से कर सकते हैं।

इसलिए अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को शिक्षित बनाने का प्रयास किया जा रहा है। परीक्षा के आयोजन में पंकज वर्मा, संजीव वर्मा, जगदंबा यादव, विवेक यादव, सतीश कुमार लोधी, मुन्नालाल, मुदित सक्सेना, संजय मिश्रा और राजीव पाण्डेय सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

# कांग्रेसियों ने जयंती पर कांशीराम को किया याद

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में रविवार को कांग्रेस भवन में बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम की जयंती मनाई गई। उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम के बाद जिला उपाध्यक्ष रवि तिवारी की अध्यक्षता में एक गोष्ठी आयोजित की गई।

जिला उपाध्यक्ष रवि तिवारी ने कहा कि बहुजन नायक कांशीराम ने समाज के शोषित, पीड़ित और वंचित वर्ग की आवाज को बुलंद किया। गरीबों, दलितों और वंचितों के अधिकारों के लिए उनका संघर्ष और समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। कांशीराम का मानना था कि संविधान ही दलितों, पिछड़ों और वंचितों की सबसे बड़ी ताकत है। जब तक समाज के वंचित वर्ग की सत्ता में भागीदारी सुनिश्चित नहीं होगी, तब तक सामाजिक न्याय पूरी तरह संभव नहीं है। कार्यक्रम में डॉ. रईस अहमद उस्मानी, चंद्र प्रभा अवस्थी, जावेद अली एडवोकेट, रामजीवन राज, डॉ. आनंद श्रीवास्तव, राजेंद्र गुप्ता, अब्दुल कयूम, अब्दुल रहीम, रामपाल शाक्य, समीम, हरगोविंद वर्मा, सरोजिनी अवस्थी, अकील खान, मेराज खान, गुलफाम समेत कई कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



कांशीराम के चित्र पर माल्यार्पण करते कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष रवि तिवारी। ● अमृत विचार



गोला में कांशीराम की जयंती मनाते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

## नई पीढ़ी को मिलती रहेगी प्रेरणा

- कांशीराम के विचार और राजनीति ने भारतीय लोकतंत्र को किया मजबूत

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** नगर के कैंप कार्यालय में कांग्रेसियों ने कांशीराम की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर आयोजित गोष्ठी में उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा की। भारत भूषण कॉलोनी में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रहलाद पटेल, नगर अध्यक्ष अजीत जैन ने कांशीराम की जयंती पर हुई गोष्ठी में कांग्रेसियों ने उनके सपनों को साकार करने का संकल्प लिया। नगर अध्यक्ष अजीत जैन टीटू ने कहा कि कांशीराम के विचार और उनकी राजनीति ने भारतीय लोकतंत्र और सामाजिक न्याय की दिशा को मजबूत करने का काम किया है। उनके संघर्ष से नई पीढ़ी को प्रेरणा मिलती रहेगी। जिला उपाध्यक्ष कृष्ण किशोर मिश्रा, प्रेमकुमार वर्मा, प्रदेश महासचिव पिछड़ा वर्ग रामकुमार वर्मा, सतीश चंद्र मिश्रा, श्रीकांत वर्मा, अजय कुमार शुक्ला गुड्डू, राकेश विश्वकर्मा, विकास, आदेश गुप्ता, चन्दकान्त वर्मा, तरनजीत सिंह, फकीर मोहम्मद, पंकज पटेल आदि मौजूद रहे।

# मिलनः होली गीतों पर झूम उठे लोग



सम्मानित किए गए लोगों के साथ नगर पंचायत चेयरमैन बद्री प्रसाद मौर्य व अन्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, निघासन

**अमृत विचारः** नगर के एक गार्डन में नगर पंचायत चेयरमैन बद्री प्रसाद मौर्य की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलाकारों ने होली गीतों की प्रस्तुति देकर माहौल को उत्साह और उमंग से भर दिया, जिससे उपस्थित लोग झूमने पर मजबूर हो गए।

चेयरमैन बद्री प्रसाद मौर्य ने कहा कि होली आपसी भाईचारे और प्रेम का पर्व है, जो गिले-शिकवे मिटाकर एक-दूसरे के गले मिलने का संदेश देता है। कार्यक्रम में दयाशंकर मौर्य और विपिन मौर्य ने भी लोगों को संबोधित किया। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष चंद्रकेश मिश्रा, महामंत्री लतीफ अहमद और व्यापार मंडल अध्यक्ष आनंद चतुर्वेदी सहित वार्ड अध्यक्षों को विनोद मौर्य ने सम्मानित किया। कार्यक्रम स्थल के प्रवेश द्वार पर बच्चों ने अतिथियों पर फूलों की वर्षा कर उनका स्वागत किया।

विपिन मौर्य ने कहा कि नगर पंचायत के चहुंमुखी विकास के लिए वह लगातार प्रयासरत हैं। कार्यक्रम में अशोक तिवारी, संतोष बॉथम, विनय जायसवाल, सभासद पिंटू वर्मा, पुष्पेंद्र सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू

संवाददाता, मैगलगंज

- बाबूरामेश्वर दयाल महाविद्यालय में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता पहुंचे
- कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व राज्यसभा सांसद जुगल किशोर ने किया




कार्यशाला को संबोधित करते पूर्व राज्यसभा सांसद जुगुल किशोर। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के तहत कस्ता विधानसभा क्षेत्र में प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित हुई। प्रथम दिन की शुरुआत फत्तेपुर स्थित बाबू रामेश्वर दयाल महाविद्यालय में हुई। कार्यक्रम का आरंभ पूर्व राज्यसभा सांसद जुगल किशोर ने किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व अध्यक्ष सहकारिता विभाग सुरजन लाल वर्मा रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रशिक्षण महाअभियान का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद तथा पार्टी की रीति-नीति और मूल विचारधारा से गहराई से परिचित कराना है, जिससे संगठन के लिए बूथ स्तर तक पहले से और अधिक मजबूत बनाया जा सके।

उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की सही जानकारी भी कार्यकर्ताओं को दी जाती है, ताकि वे इन योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े जरूरतमंद और वंचित वर्ग तक पहुंचा सकें। पूर्व राज्यसभा सांसद जुगल किशोर ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता हमेशा निस्वार्थ भाव से समाज सेवा के लिए समर्पित रहते हैं।

सरकार की जनहितकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता की बड़ी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह सोनू, ज्योतिर्मय बरतरिया, कस्ता के विधायक सौरभ सिंह सोनू, मंडल अध्यक्ष राम मोहन गुप्ता, मितौली मंडल अध्यक्ष मन्नालाल राठौर के अलावा दोनों मंडलों की कार्यसमिति के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शिविर में बताया शिक्षा का महत्व

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** कृषक समाज इंटर कॉलेज के 7 दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर के दूसरे दिन मुख्य अतिथि केन ग्रोवर्स नेहरू पीजी कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. राकेश कुमार अग्रहरि ने छात्र-छात्राओं को शिक्षा के महत्व तथा अच्छे नागरिक के कर्तव्य बताए। कार्यक्रम का आरंभ प्रार्थना एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत के साथ किया। मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. राकेश कुमार अग्रहरि ने कहा कि शिक्षा वह माध्यम है जिससे व्यक्ति जीवन को सफल बना सकता है। दूसरे सत्र में स्वयं सेवक व सेविकाओं ने श्रमदान किया। एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार, ओमप्रकाश यादव, संजय कुमार, पूर्णा कर्मा, सत्यवती गौतम, मनीषा भारती आदि मौजूद रहे।

# बिजली व्यवस्था गड़बड़ाने से शहर में रही परेशानी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- तकनीकी खराबी और तेज हवा से बाधित रही आपूर्ति

**अमृत विचारः** रविवार को मौसम भले ही सुहावना रहा, लेकिन शहर की बिजली व्यवस्था गड़बड़ाने से लोगों को पूरे दिन परेशानियों का सामना करना पड़ा। अलग-अलग स्थानों पर तकनीकी खराबी और तेज हवा के कारण बिजली लाइन प्रभावित होने से कई मोहल्लों में बार-बार आपूर्ति बंद करनी पड़ी।

पावर हाउस नंबर एक से जुड़े नई बस्ती इलाके में दोपहर में जीआईसी स्कूल गेट के पास खड़ा पेड़ आंधी के कारण झुक गया। इससे किसी हादसे की आशंका चलते एहतियातन बिजली सप्लाई बंद करनी पड़ी। आसपास के कई घरों और दुकानों की बिजली चली गई। पास में परीक्षा केंद्र होने के कारण वहां भी कुछ देर के लिए परेशानी का माहौल रहा, हालांकि बाद में वैकल्पिक व्यवस्था कर स्थिति को संभाल लिया गया। दूसरी ओर गढ़ी पावर हाउस क्षेत्र में भी सुबह से ही बिजली आपूर्ति सामान्य नहीं रही। संकटा देवी मंदिर के पास अंडरग्राउंड केबल में खराबी आने से खपरैल बाजार, मुख्य मार्ग, तहसील क्षेत्र और स्टेशन रोड के आसपास के इलाकों में लंबे समय तक बिजली गुल रही। इससे बाजार पहुंचे लोगों और दुकानदारों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बिजली विभाग के कर्मचारियों के अनुसार खराबी को दूर करने का काम लगातार किया गया, लेकिन मरम्मत के लिए आवश्यक सामान बाहर से मंगवाना पड़ा, जिसके कारण आपूर्ति बहाल होने में समय लग गया।

# गन्ना भरे ट्रक ने कार में मारी टक्कर

**भानपुर, अमृत विचारः** भीरा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह गन्ना से लदा एक ट्रक तेज रफ्तार में आ रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रक ने आगे चल रही कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और सड़क पर अफरा-तफरी मच गई। कार में सवार रवि गिरी निवासी बंडा अपने बहनोई सूरज और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ सोनपीपर गांव जा रहे थे। कुल पांच लोग सवार थे। गनीमत रही कि किसी को गंभीर चोट नहीं आई। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए और मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पर भीरा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दोनों वाहनों को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। वहीं हादसे के बाद कुछ देर तक सड़क पर यातायात भी प्रभावित रहा, जिसे बाद में पुलिस ने सुचारु करा दिया।

# गायत्री महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने दी आहुतियां

- बरोठा के बुढ़वा बाबा शिव मंदिर पर हुआ हवन

संवाददाता, निघासन



हवन कुंड में आहुतियां डालते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** ग्राम पंचायत बरोठा स्थित बुढ़वा बाबा शिव मंदिर पर आयोजित पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने यज्ञ देव के प्रसन्नार्थ आहुतियां अर्पित कीं। महायज्ञ का शुभारंभ देव पूजन के साथ हुआ, जिसमें शांतिकुंज हरिद्वार की प्रशिक्षित सह टोली के नायक बृजेन्द्र त्रिपाठी ने अपने सहयोगी आचार्य जगदम्बा प्रसाद पांडेय, रामसंजीवन और जय सिंह के साथ वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना संपन्न कराई।

यज्ञ में मुख्य यजमान के रूप में हेमंत शुक्ला, चुन्ने लाल कश्यप, राकेश व कमलेश विश्वकर्मा, राजेश चक्रवर्ती, राजेश प्रजापति, रमेशानंद, पवन कश्यप, डॉ. संजय शुक्ला, प्रेमसागर चक्रवर्ती, राजेश मौर्या और रामजीवन लोधी सहित कई श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यज्ञाचार्य बृजेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि वर्तमान समय में विश्व के कई देशों के बीच युद्ध की स्थिति बन रही है और तृतीय विश्व युद्ध की आशंका भी जताई जा रही है, जो मानव सभ्यता के लिए गंभीर संकट बन सकता है। ऐसे समय में विश्व शांति और सकारात्मक ऊर्जा के लिए यज्ञ जैसे धार्मिक अनुष्ठान अत्यंत आवश्यक हैं। ऋषि-मुनियों ने यज्ञ को प्रकृति और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने का महत्वपूर्ण आधार बताया है। महायज्ञ के चौथे दिन प्रातः कालीन बेला में तीन पालियों में हवन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि पिंटू कनौजिया सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर विश्व कल्याण की कामना की। इस अवसर पर यज्ञ समिति के पदाधिकारी और क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल

**बरवर, अमृत विचार :** सीतापुर के महोली कोतवाली के गांव मूड़ाहासा निवासी शंभू पुत्र चन्दलाल और गांव पंचरपुर निवासी ओमकार पुत्र मूलचंद बाइक से मैगलगंज की ओर जा रहे थे कि यहां से एक किमी दूर माधुरी पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे दोनों गिर गये। आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर मदद की और पुलिस को सूचना दी। दोनों घायलों के लिए एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदी भेजा गया है ।

### मॉल के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला मुन्नूगंज निवासी अनुपम बाजपेई ने बताया कि रविवार की दोपहर वह नगर के अशोक चौराहे के निकट एक सिटी कार्ट शॉपिंग मॉल के बाहर अपनी बाइक खड़ी कर 2.17 मिनट पर खरीदारी करने अंदर गए थे और 2.25 बजे ही बाहर निकले। केवल आठ मिनट में उनकी बाइक चोरी हो गई। आसपास तलाश करने पर भी कुछ पता नहीं चला। घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में कैद हो गई है। शॉपिंग मॉल कोतवाली से कुछ ही कदमों की दूरी पर है। उन्होंने पुलिस में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना हैदराबाद क्षेत्र के गांव गजियापुर निवासी दाताराम का 32 वर्षीय बेटा मनोज शनिवार की सुबह हरियाणा मजदूरी करने जाने की बात कहकर घर से निकला था। मृतक के चाचा मेवालाल ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी पुलिस के द्वारा हुई कि सिंद्राबाद रोड स्थित सरायन पुलिया के पास मनोज अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। इससे वह रूप से घायल हो गया, गोला सीएचसी में उसका इलाज चल रहा है। यह सुनकर जब परिजन गोला सीएचसी पहुंचे थे तब तक उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मनोज अपने दो भाई में सबसे बड़ा था।

### सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** थाना हैदराबाद क्षेत्र के गांव बरगदिया निवासी गंगाराम (60), मोतीपुर निवासी ओमप्रकाश (23), नगर के मोहल्ला कुम्हारन निवासी राजेश (30) घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज हो रहा है और हालत खतरे के बाहर बताई गई है।

# किशोर का अधखाया शव मिला, दूसरे की तलाश

## दो दिन से लापता थे दोनों किशोर, शारदा नदी में मगरमच्छ के हमले की जताई जा रही आशंका

- पुलिस और एसडीआरएफ चला रही नदी में सर्च अभियान
- शुक्रवार दोपहर दोनों साइकिल लेकर घर से घूमने निकले थे

संवाददाता, मूड़ा सवारान



महिलाओं के साथ जाम लगाकर प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार



शारदा नदी में तलाश करती एसडीआरएफ की टीम। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** फूलबेहड़ थाना क्षेत्र के लखहा भूड़ गांव से दो दिन पहले लापता हुए दो मौसेरे भाइयों में से एक किशोर का शव रविवार शाम शारदा नदी से बरामद हुआ। शव अधखाई हालत में मिला है, जिससे मगरमच्छ के हमले की आशंका जताई जा रही है। वहीं दूसरे किशोर का अभी तक कोई सुराग नहीं मिल सका है। पुलिस और एसडीआरएफ की टीम लगातार नदी और आसपास के इलाके में उसकी तलाश में जुटी हुई है।

रवि (14) पुत्र अशोक निवासी रवही कॉलोनी और उसका मौसेरा भाई शिवम (16) पुत्र सरोज निवासी दानपुर मुड़िया लखहा भूड़ स्थित अपने ननिहाल में रहकर पढ़ाई कर रहे थे। शुक्रवार दोपहर दोनों साइकिल लेकर घर से घूमने निकले थे, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटे। परिजनों ने आसपास के गांवों और रिश्तेदारों के यहां तलाश की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चला। तलाश के दौरान करसौर गांव के पास शारदा नदी किनारे दोनों की साइकिल, चप्पल और कपड़े पड़े मिले। यह देख परिजनों और ग्रामीणों को अनहोनी की आशंका हुई और उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शारदा नदी किनारे छानबीन शुरू की।

शनिवार को एसडीआरएफ की टीम को भी बुलाया गया, लेकिन मोटर बोट में खराबी होने के कारण समय पर सर्च अभियान शुरू नहीं हो सका। इससे परिजनों और ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ गई। लोगों ने खोजबीन में लापरवाही का आरोप लगाते हुए नाराजगी जताई। रविवार को आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने भीरा-पलिया मार्ग पर चक्का जाम करने की कोशिश की।

हालांकि पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया और सर्च अभियान तेज कराने का भरोसा दिया। इसके बाद पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने नदी किनारे और आसपास के जंगलों में व्यापक कांबिंग शुरू की। गोताखोरों की मदद से नदी की तलहटी को भी खंगाला गया। काफी मशक्कत के बाद नए पुरवा के पास नदी की दो धाराओं के बीच रवि का शव अधखाई हालत में मिला। शव की स्थिति देखकर मगरमच्छ के हमले की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, जिससे मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

परिजनों का कहना है कि दोनों किशोरों के साथ गांव का ही एक अन्य किशोर भी गया था, जो कुछ देर बाद घर लौट आया था। परिजनों ने आशंका जताई है कि उसे घटना की जानकारी हो सकती है। उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना भी दी, लेकिन आरोप है कि पुलिस ने शुरू में मामले को गंभीरता से नहीं लिया।

प्रभारी निरीक्षक फूलबेहड़ संतोष कुमार सिंह ने बताया कि नदी से एक किशोर का शव बरामद हुआ है और दूसरे किशोर की तलाश के लिए सर्च अभियान जारी है। अंधेरा होने के कारण कुछ समय के लिए अभियान रोकना पड़ा था, जिसे दोबारा शुरू किया जाएगा। पुलिस और एसडीआरएफ की टीम लगातार प्रयास कर रही है ताकि दूसरे किशोर का भी जल्द पता लगाया जा सके। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं पूरे इलाके में शोक और चिंता का माहौल बना हुआ है।

# प्रदूषित पानी पीना स्वास्थ्य के लिए खतरनाक

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- कोरैया पर्यावरण संरक्षण सेवा समिति ने लगाया जल परीक्षण कैंप

**अमृत विचारः** कोरैया पर्यावरण संरक्षण सेवा समिति ने कैंप लगाकर गांव के जल का परीक्षण कराकर लोगों को शुद्ध जल पीने के लिए प्रेरित किया।

कोरैया गांव में लगे कैंप में समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि बदलते मौसम एवं लगातार बढ़ रही बीमारियों का कारण कहीं न कहीं प्रदूषित पानी भी जिम्मेदार होता है। हाथ, पैर, कमर के जोड़ो में दर्द, पथरी, लीवर की समस्या ये सब हाई टीडीएस वाला पानी पीने से इस प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है, जिसके बाद पीड़ित परिवार लगातार दवाई के ऊपर ही निर्भर होना पड़ता हैं।

डॉ. अजीत कुमार एवं सहयोगी पांडे ने जल परीक्षण करके सभी को जल की गुणवत्ता और उसके उपचार के बारे में बताया। कैंप में लगभग 50 नमूने का परीक्षण किया गया, जिसमे कुछ नमूने 600 से 800 मिलीग्राम प्रति लीटर टीडीएस पाया गया। कैंप में आशा बहू ने पानी की गुणवत्ता सुधार के लिए जल्द ही क्लोरीन की गोलियां और पाउडर उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार वर्मा के टीडीएस के परीक्षण और आयोजन की पुरी जिम्मेदारी समिति के सचिव विनय वर्मा को दी, जिसे उन्होंने पूरी जिम्मेदारी से निभाया। ओमप्रकाश, राकेश, हीरालाल, जानकी, गयाप्रसाद, गोकरण प्रसाद, विकास, गिरजा शंकर, जसकरन लाल वर्मा, सत्यप्रकाश सहित ग्रामीण मौजूद रहे।



कोरैया में पानी की जांच करते डॉ. अजीत कुमार। ● अमृत विचार

# गन्ना भरे ट्रक ने कार में मारी टक्कर

संवाददाता, भानपुर

- कार का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त सवार पांच लोग बाल-बाल बचे

**अमृत विचारः** भीरा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह गन्ना से भरे एक ट्रक ने पीछे से कार में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे कार का पिछला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि कार में सवार सभी पांच लोग बाल-बाल बच गए।

हादसा सुबह करीब 11 बजे मनमीत नगर कॉलेज के पास हुआ। गन्ना से लदा एक ट्रक तेज रफ्तार में आ रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रक ने आगे चल रही कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और सड़क पर अफरा-तफरी मच गई। कार में सवार रवि गिरी निवासी बंडा अपने बहनोई सूरज और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ सोनपीपर गांव जा रहे थे। कार में कुल पांच लोग सवार थे। अचानक हुए हादसे से कार में बैठे लोग घबरा गए, लेकिन गनीमत रही कि किसी को गंभीर चोट नहीं आई।

हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए और मामले की जानकारी पुलिस को दी गई।

सूचना पर भीरा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दोनों वाहनों को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। वहीं हादसे के बाद कुछ देर तक सड़क पर यातायात भी प्रभावित रहा, जिसे बाद में पुलिस ने सुचारु करा दिया।

# बायोमेट्रिक व फोटो स्कैन के बाद मिला परीक्षा में प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुई 16 केंद्रों पर हुई पुलिस परीक्षा
- डीएम-एसपी ने लिया परीक्षा केंद्रों का जायजा, दिए निर्देश

**अमृत विचारः** रविवार को यूपी पुलिस की सिपाही भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन 16 केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कराई गई। दोनों पालियों में 6239 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 3361 गैरहाजिर रहे। केंद्रों पर सुबह से ही कतार लगाकर परीक्षार्थियों को मेटल डिटेक्टर, बायोमेट्रिक व फोटो स्कैन के बाद प्रवेश कराया गया। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की टीमें लगातार परीक्षा केंद्रों का भ्रमण करती रहीं। पुलिस की खुफिया सेल सोशल मीडिया से लेकर तमाम गतिविधियों की निगरानी करती रही।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी डॉ ख्याति गर्ग ने परीक्षा केंद्र राजकीय इंटर कॉलेज, स्वामी श्याम प्रकाश इंटर कॉलेज, गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज का जायजा लिया। केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए कि शासन की मंशानुसार सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल परीक्षा सम्पन्न कराये। हर केंद्र पर मजिस्ट्रेट व इंस्पेक्टर की अगुवाई में भारी पुलिस बल व महिला सुरक्षा कर्मियों की मौजूदगी में मेटल डिटेक्टर, फोटो स्कैनर, बायोमेट्रिक सत्यापन के बाद परीक्षार्थियों को प्रवेश कराया गया। परीक्षा संपन्न होने के बाद सभी ओएमआर शीट जमा कराने के बाद परीक्षार्थियों को केंद्र से बाहर जाने की अनुमति दी गई।

जनपद के 16 केंद्रों पर प्रत्येक पाली के लिए पंजीकृत परीक्षार्थी 4800 के सापेक्ष पहली पाली में 3078 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तो 1722 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में 3161 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तो 1639 ने परीक्षा से किनारा कर लिया। डीएम ने परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न कराने में अहम किरदार निभाने वाले परीक्षा के नोडल अधिकारी, केंद्र व्यवस्थापक, स्टैटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट सहित परीक्षा से जुड़े अधिकारी, कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी।



परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करतीं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी डॉ. ख्याति गर्ग।

### परीक्षा छूटने के बाद रेलवे स्टेशन - बस स्टैंड भीड़

पुलिस भर्ती परीक्षा की पाली समाप्त होने के बाद शहर के रेलवे स्टेशन और रोडवेज बस स्टैंड पर अभ्यर्थियों की भीड़ दिखाई दी। दूसरे जिलों से परीक्षा देने आए कई परीक्षार्थी परीक्षा खत्म होते ही वापस लौटने के लिए स्टेशन और बस अड्डे की ओर पहुंचे। एक साथ बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के पहुंचने से टिकट काउंटर और प्लेटफॉर्म के आसपास काफी देर तक भीड़ बनी रही। बस स्टैंड पर भी विभिन्न रूटों की बसों में चढ़ने के लिए अभ्यर्थियों की कतारें लगी रहीं। परीक्षा के चलते पूरे दिन शहर में बाहर से आए युवाओं की आवाजाही बनी रही।

### केंद्रों के बाहर तलाशी और दस्तावेजों की जांच की

दूसरे दिन की परीक्षा को लेकर भी अभ्यर्थी निर्धारित समय से पहले ही परीक्षा केंद्रों पर पहुंच गए। केंद्रों के बाहर प्रवेश से पहले तलाशी और दस्तावेजों की जांच की गई। जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही परीक्षार्थियों को अंदर जाने की अनुमति दी गई। कई केंद्रों पर अभ्यर्थी अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। परीक्षा शुरू होने से पहले केंद्रों के बाहर हलचल बनी रही।

### शांतिपूर्ण संपन्न हुई दोनों पालियों की परीक्षा

जिले में पुलिस भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन दोनों पालियों की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई। किसी भी केंद्र से अव्यवस्था की सूचना नहीं मिली। परीक्षा के दौरान केंद्रों के आसपास पुलिस बल तैनात रहा। अधिकारियों ने बताया कि परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। पूरे दिन प्रशासन की निगरानी बनी रही।

# तेंदुए ने किसान पर किया हमला, हाथ जख्मी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- रन नगर गांव में फार्म हाउस के भूसा गोदाम में घुसा तेंदुआ
- वीडियो बनाने गए किसान पर मारा झपट्टा, ग्रामीणों में दहशत



घटना स्थल पर मौजूद ग्रामीण, पुलिस और वन विभाग की टीम। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** उत्तर निघासन की वन रेंज बेलरायां के रन नगर गांव में रविवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई। जब एक तेंदुआ गांव में स्थित एक फार्म हाउस के भूसा गोदाम में घुस गया। तेंदुए को देखने और उसका वीडियो बनाने के प्रयास में गोदाम में गए किसान पर तेंदुए ने अचानक हमला कर दिया, जिससे किसान का एक हाथ जख्मी हो गया। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है।

रननगर गांव निवासी राजन शर्मा के फार्म हाउस पर बने भूसा गोदाम में रविवार को ग्रामीणों ने एक तेंदुए को घुसते हुए देखा। देखते ही देखते यह खबर गांव में फैल गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंचने लगे। इसी दौरान फार्म हाउस मालिक राजन शर्मा तेंदुए को देखने और उसका वीडियो बनाने के उद्देश्य से गोदाम के अंदर चले गए। बताया जा रहा है कि जैसे ही राजन शर्मा गोदाम के अंदर पहुंचे, वहां पहले से छिपे बैठे तेंदुए ने उन पर झपट्टा मार दिया।

अचानक हुए हमले से घबराए राजन शर्मा ने किसी तरह खुद को बचाया और तेजी से गोदाम से बाहर भाग निकले। हमले के दौरान तेंदुए के पंजे से उनका एक हाथ जख्मी हो गया। ग्रामीणों ने तुरंत उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला और प्राथमिक उपचार कराया। घटना की सूचना मिलते ही तिकुनिया कोतवाली पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करते हुए ग्रामीणों को गोदाम से दूर रहने की हिदायत दी है। वहीं वन विभाग की टीम गोदाम के आसपास निगरानी कर रही है और तेंदुए को सुरक्षित पकड़ने की तैयारी कर रही है। तिकुनिया कोतवाल पुष्पराज कुशवाहा ने बताया कि तेंदुआ अभी भी भूसा गोदाम के अंदर मौजूद है। एहतियात के तौर पर आसपास के लोगों को सुरक्षित दूरी बनाए रखने को कहा गया है। वन विभाग की टीम पिंजरा और अन्य उपकरणों की मदद से तेंदुए को पकड़ने का प्रयास कर रही है। घटना के बाद गांव और आसपास के क्षेत्रों में दहशत का माहौल है। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर मौजूद हैं।

# एसएसबी ने दो नेपाली युवकों को स्मैक के साथ पकड़ा

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** तृतीय वाहिनी एसएसबी चौकी डांगा की टीम ने गांव डांगा की तरफ आ रहे बाइक सावरों को रोककर तलाशी ली तो आरोपी आशीष वराल निवासी सफेबगर वार्ड नंबर 4 के पास 4.520 ग्राम और भुवन सुनार निवासी चौरपाठी नगर पालिका वार्ड नंबर 1 जिला अछाम नेपाल के पास से लगभग 2.790 स्मैक बरामद हुआ। एसएसबी ने सीजर बनाकर माल समेत दोनों आरोपियों को कोतवाली तिकुनिया पुलिस को सौंप दिया। कोतवाल पुष्पराज कुशवाहा ने बताया कि डांगा के एसएसबी निरीक्षक सामान्य दशरथ की तहरीर पर एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर दोनों आरोपियों का चालान भेजा गया है।

# जौरहा नदी से बालू का खनन तेज

संवाददाता, सिंगाही

**अमृत विचारः** सिंगाही थाना क्षेत्र में खनन इंस्पेक्टर पर हुए जानलेवा हमले के बाद प्रशासन की सख्ती से कुछ समय के लिए अवैध बालू खनन पर लगाम लग गई थी, लेकिन अब एक बार फिर खनन माफिया सक्रिय हो गए हैं। माफिया अब खनन का तरीका बदलकर नदी से बालू निकालने का काम कर रहे हैं।

क्षेत्र की जौरहा नदी में इन दिनों खनन माफिया डनलप के माध्यम से बालू निकाल रहे हैं। निर्माण कार्यों में प्रयोग होने वाली इस बालू को नदी की तलहटी से खोदकर निकाला जा रहा है, जिससे नदी के प्राकृतिक स्वरूप और क्षेत्रफल पर भी असर पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि खनन माफिया तड़के करीब तीन से चार बजे के बीच नदी से बालू निकालकर डनलप में भरते हैं और उसे कस्बे तथा आसपास के क्षेत्रों में पहुंचा देते हैं। इस अवैध गतिविधि से जहां सरकार को राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है, वहीं पर्यावरण और नदी की प्राकृतिक संरचना पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। अवैध खनन पर सख्ती से रोक लगाने के डीएम के जारी निर्देशों की धज्जियां खुलेआम उड़ाई जा रही हैं। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेते हुए अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए क्या ठोस कदम उठाता है।



डनलप में भरकर ले जाई जा रही बालू। ● अमृत विचार

- सिंगाही में फिर सक्रिय हुए खनन माफिया

# ई-रिक्शा छीनने का विरोध करने पर युवक की पिटाई

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- गला दबाने का आरोप, चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचारः** कोतवाली सदर क्षेत्र के हाजीपुरवा गांव में ई-रिक्शा छीनने के प्रयास का विरोध करने पर एक युवक के साथ मारपीट की। इससे वह घायल हो गया। पीड़ित के पिता की तहरीर पर पुलिस ने 4 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव हाजीपुरवा निवासी मोहर्रम ने बताया कि वह नमाज पढ़ने गया हुआ था। दोपहर करीब दो बजे नमाज पढ़कर बाहर निकला तो उसी दौरान गांव के ही सद्दाम सादिक, आलम शरीफ अपने साथ समीर और मोनीश के साथ उसके घर पहुंच गए। आरोप है कि उक्त लोग उसके छोटे पुत्र अमीरुद्दीन का ई-रिक्शा छीनने की कोशिश करने लगे। जब अमीरुद्दीन ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उसे गाली-गलौज करते हुए जमकर मारपीट की। इतना ही नहीं, उसका गला दबाने की कोशिश करते हुए जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए।

घटना में अमीरुद्दीन को गंभीर अंदरूनी चोटें आई हैं। पीड़ित ने बताया कि उसने बेटे को बचाने का प्रयास किया, लेकिन आरोपियों की संख्या अधिक होने के कारण वे उन पर हावी हो गए। कोतवाली सदर पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। शहर कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रकरण की जांच एसआई दिनेश कुमार पांडेय को सौंप दी गई है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# इंडो-नेपाल बॉर्डर बैठक में वन्यजीव संरक्षण पर मंथन

संवाददाता, पलिया कलां

- दुधवा की गौरीफंटा रेंज में भारत-नेपाल के अधिकारियों की बैठक
- गैंडों के स्वच्छंद विचरण और सीमा क्षेत्र की चुनौतियों पर की चर्चा




संबोधित करते उपनिदेशक दुधवा जगदीश आर।



बैठक में मौजूद भारत व नेपाल के अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** दुधवा टाइगर रिजर्व की गौरीफंटा रेंज में रविवार को नेपाल के उच्चाधिकारियों के साथ दुधवा टाइगर रिजर्व और विश्व प्रकृति निधि के अधिकारियों की महत्वपूर्ण इंडो-नेपाल बॉर्डर बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता दुधवा टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक जगदीश आर ने की।

बैठक में मुख्य रूप से इसी माह छह और गैंडों को स्वच्छंद विचरण के लिए छोड़े जाने के बाद सामने आने वाली संभावित चुनौतियों को आपसी समन्वय से प्रबंधित करने पर चर्चा की। बताया दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग में गैंडों का पुनर्वास सफलतापूर्वक कराया जा चुका है। वर्ष 1984 में पांच गैंडों के साथ शुरू की गई परियोजना आज 50 से अधिक संख्या तक पहुंच चुकी है। 2018 में इसी प्रभाग की बेलरायां रेंज में द्वितीय गैंडा पुनर्वास केंद्र स्थापित किया गया, जहां 4 गैंडों को छोड़ा था। वर्तमान में इस केंद्र में गैंडों की संख्या बढ़कर 6 हो चुकी है। नवंबर 2024 में दो और मार्च 2025 में दो गैंडों को स्वच्छंद विचरण के लिए छोड़ा जा चुका है। इसी माह 6 और गैंडों को अवमुक्त करने की तैयारी है। कहा कि दुधवा टाइगर रिजर्व का लगभग 50 किमी से अधिक क्षेत्र नेपाल सीमा से सटा है। ऐसे में सीमा क्षेत्र में अवैध गतिविधियों को रोकने, मानव-वन्यजीव संघर्ष जैसे संवेदनशील मुद्दों पर दोनों देशों के बीच बेहतर समन्वय और सहयोग की जरूरत है। साथ ही तकनीकी जानकारियों के आदान-प्रदान और अधिकारियों के एक्सपोजर कार्यक्रमों पर भी बल दिया गया।

दोनों देशों के बीच संचार व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने पर भी चर्चा हुई, ताकि वन और वन्यजीवों की सुरक्षा से जुड़ी सूचनाओं का समय पर आदान-प्रदान किया जा सके। बैठक में नेपाल के कैलाली प्रभागीय वनाधिकारी रामविचारी ठाकुर, कंचनपुर के प्रभागीय वनाधिकारी लक्ष्मीराज जोशी, शुक्लाफांटा के असिस्टेंट वार्डन पुरुषोत्तम बघेल, उपप्रभागीय वनाधिकारी दिनेश यादव, धनगढ़ी के अध्यक्ष राजबहादुर अय्यर, धर्मराज ओझा, डिप्टी एसपी मोहन कार्की, एपीएफ भंसार के लव विष्ट, विश्व प्रकृति निधि के डॉ. मुदित गुप्ता, एसएसबी 39वीं बटालियन के असिस्टेंट कमांडेंट अक्षय वाले सहित भारत और नेपाल के कई अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में नेपाल से आए अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ सहायक रमेश कुमार ने किया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

### सूचना

मेरी हाईस्कूल मुख्य परीक्षा वर्ष 2011 अनुक्रमांक 1016550 के प्रमाण पत्र सह अंकपत्र व इण्टरमीडिएट मुख्य परीक्षा वर्ष 2013 अनुक्रमांक 0772050 के प्रमाण पत्र सह अंकपत्र की मूल प्रतिलिपियाँ वास्तव में खो गयी और और मेरी यह घोषणा सत्य है।
**वर्षा देवी पुत्री नन्हे लाल निवासी ग्राम व पोस्ट कुरैया खुर्द कलां थाना सेहरामऊ उत्तरी तहसील पूरनपुर जिला पीलीभीत**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## 1009 आंगनबाड़ी केंद्रों में बनेगी बालवाटिका

**बरेली, अमृत विचार :** जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में तीन से छह वर्ष तक के बच्चों को प्री-स्कूल शिक्षा से जोड़ने के लिए 25 मार्च से 'नावरंभ उत्सव' अभियान शुरू होगा। इसके तहत जिले के 1009 आंगनबाड़ी केंद्रों में बालवाटिका बनाकर बच्चों के नामांकन पर विशेष जोर दिया जाएगा। अभियान के माध्यम से ऐसे बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों तक लाने का प्रयास किया जाएगा, जो अभी तक प्री-स्कूल शिक्षा से नहीं जुड़े हैं। बच्चों को स्मार्ट क्लास के माध्यम से पढ़ाने की व्यवस्था भी की जाएगी।


### सूचना

सूचित किया जाता है कि फर्म-फर्म-मैसर्स बाबा गोरखनाथ इण्टरप्राईजेज मकान नं.45ए, मोहल्ला खुशीमल, पीलीभीत यू.पी. 262001 (पंजीकरण संख्या : PIL/0004596) फर्म में 03 साझेदार राजीव कान्त, योगेश मिश्रा, राकेश कुमार पाण्डेय थे, साझेदारों की रजामन्दी से दिनांक 13.03.2026 को फर्म ने स्वेच्छा से 05 नये साझेदार अजय पाल सिंह, बलविन्दर सिंह खैरा, गुर प्रताप सिंह, गुरूपेज सिंह, राजेन्द्र पाल शामिल हुए है। अब फर्म में कुल 08 साझेदार राजीव कान्त, योगेश मिश्रा, राकेश कुमार पाण्डेय, अजय पाल सिंह, बलविन्दर सिंह खैरा, गुरप्रताप सिंह, गुरूपेज सिंह, राजेन्द्र पाल है। फर्म में एवं साझेदारों में कोई विवाद नहीं है। एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकतायें मेरे द्वारा पूरी कर ली गयी है।

**राकेश कुमार पाण्डेय- साझेदार**
**मैसर्स बाबा गोरखनाथ इण्टरप्राईजेज, बरेली, उ.प्र.**


# गिद्धों का झुंड देख रोमांचित हुए शेरपुर गांव के लोग

**संवाददाता, केशवापुर**

**अमृत विचारः** मोहम्मदी वनरेंज की बिलहरी बीट के शेरपुर गांव में शनिवार शाम को क्षेत्र से विलुप्त हो चुके भारतीय गिद्धों का एक बड़ा झुंड जंगल के किनारे पेड़ों पर दिखाई दिया। यह दुर्लभ नजारा देख ग्रामीण उत्साहित हो उठे। जिन्हें देख गांव के युवाओं में तरह तरह की चर्चा होने लगीं।

शेरपुर में पहली बार गिद्धों का दीदार करने वाले बच्चों व युवाओं के लिए किसी आश्चर्य से कम नहीं था। गांव के बड़े-बुजुर्गों का कहना है कि करीब 25 वर्ष पहले काफी संख्या में गिद्धों के झुंड गांव के बाहर देखे जाते थे। ग्रामीणों के अनुसार गांव में गिद्ध मंडराने का मतलब किसी बीमार पशु की मौत का सूचक होता था। बड़े पंख व नुकीली मजबूत चोंच, मोटे पंजों के साथ भयानक दिखने वाले गिद्ध स्वभाव में बहुत ही सीधे होते हैं और यह सड़े गले मांस को खाते हैं। यह काफी ऊंचाई पर उड़ने व दूर तक देखने के लिये जाने जाते हैं। इनको प्रकृति का सफाईकर्मी कहा जाता है। सरकार को चाहिए कि महुआ, बरगद, सेमल, पीपल, अर्जुन, करंज के पौधों का कटान रोकने का कार्य करें। यह पेड़ ऊंचे होते हैं और गिद्ध अपना बसेरा इन्हीं पेड़ों पर करते हैं। इनके संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक किया जाना चाहिए। महेशपुर रेंज के वन दरोगा विजय सिंह का कहना है कि गिद्ध काफी समय बाद क्षेत्र में देखने को मिले हैं, जिससे हम सब उत्साहित है और इनके संरक्षण के प्रति सजग हैं। वन्यजीव प्रेमी अतुल शुक्ला कहते हैं कि देश से लगभग विलुप्त हो चुके भारतीय गिद्धों का पुनः आगमन हुआ है। इनके संरक्षण व वंशवृद्धि पर ध्यान देना चाहिए, मृत पशुओं को इनके भोजन के लिए डाला जाना चाहिए।

> यह इंडियन लांग विल्ड प्रजाति के गिद्ध हैं, जो कि देश से तेजी से विलुप्त हुए थे, इनके झुंड को देखकर विभाग में खुशी है। इनके संरक्षण के लिये प्रयास किए जाएंगे।
> –**निर्भर प्रताप शाही**, रेंजर मोहम्मदी रेंज

कृषक समाज इंटर कॉलेज के जीव विज्ञान प्रवक्ता डॉ. अनिल कुमार ने कहा डाइक्लोफिनेक, ऑक्सीटोसिन, कीटनाशक आदि इनके प्रजनन को प्रभावित करती हैं, जिससे यह देश से विलुप्ति की कगार पर पहुंच गए।



शेरपुर में पेड़ पर बैठा गिद्धों का झुंड। ● अमृत विचार

# अग्निवीर भर्ती में संभल पीलीभीत ने दिखाया दम

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचारः** भारतीय सेना में सेवा के प्रति युवाओं का जुनून रविवार को जाट रेजिमेंटल सेंटर में एक बार फिर साफ तौर पर देखने को मिला।

अग्निवीर भर्ती रैली में रविवार को संभल और पीलीभीत जिले के अभ्यर्थियों ने शारीरिक दक्षता का परिचय दिया। भर्ती स्थल के बाहर तड़के से ही युवाओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी थी।

सेना के अधिकारियों ने बताया कि अग्निवीर (जनरल ड्यूटी) श्रेणी के लिए संभल और पीलीभीत से कुल 900 अभ्यर्थियों को दौड़ के लिए बुलाया गया था। कड़े अनुशासन और सुरक्षा घेरे के बीच आयोजित इस दौड़ में युवाओं ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी। शारीरिक परीक्षण के विभिन्न चरणों के बाद कुल 630 उम्मीदवार दौड़ और अन्य प्रारंभिक मानकों को सफलतापूर्वक पार करने में सफल रहे। इनको भर्ती प्रक्रिया के अगले पड़ाव में हिस्सा लेने के लिए अनुमति मिल गई है। सभी को सोमवार को स्वास्थ्य परीक्षण के लिए बुलाया गया। जाट सेंटर में भारतीय सेना की अग्निवीर भर्ती रैली भर्ती 11 से 23 मार्च तक आयोजित की गई है।

## सीट के लिए मारामारी

**बरेली, अमृत विचार :** दरोगा भर्ती परीक्षा को लेकर रेलवे की तरफ से स्पेशल ट्रेनें चलाने का फैसला लिया गया था, लेकिन बाहर से आए अभ्यर्थियों की भीड़ के आगे स्पेशल ट्रेनें भी नाकाफी साबित हुईं। परीक्षा छूटने के बाद ट्रेनों में सीट पाने के लिए अभ्यर्थी मारामारी करते दिखे।


### कार्यालय ग्रा. प. बझागी विकास खंड इस्लामनगर बदायूं

पत्रांक -मिमो/निविदा विज्ञप्ति/2025-26 **अल्पकालीन निविदा** 15.03.2026

समस्त सामग्री आपूर्ति यथा (सीमेंट, रेता, बजरी, बदरफुट ईट, इन्टरलाक, सरिया, एंगिल, टीन, पेन्ट, रोडा) आदि को सूचित किया जाता है कि मनरेगा, राज्य वित्त, खाद एवं रसद विभाग योजना, केन्द्र वित्त योजना (2025-26) के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से ग्राम पंचायत बझागी विकास खण्ड इस्लामनगर बदायूं में निम्न कार्य हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है। अतः समस्त संबंधित आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि निविदा की तारीख से सामग्री की दरे बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 18.03.2026को शाम 3:00 बजे तक जमा करना सुनिश्चित करें व इसी दिवस को 4:00 बजे प्रधान व सचिव के सामने खोली जाएंगी कार्य का विवरण निम्न प्रकार है

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. धनराशि |
|---|---|---|
| 1. | मेन सड़क से धारा सिंह के घर तक सीसी नाली नि .कार्य | प्रा. के अनुसार |
| 2. | पुलिया, आर सीसी स्लिप व खरंजा निर्माण कार्य | प्रा. के अनुसार |

सचिव प्रधान


# खाने में देरी पर की सौतेली मां की हत्या

## बहजोई की दुर्गा कॉलोनी में हथौड़े से ताबड़तोड़ वार कर दिया वारदात को अंजाम, आरोपी बेटा गिरफ्तार

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

**अमृत विचार :** खाना देने में देरी पर एक युवक ने अपनी सौतेली मां की हथौड़े से ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर हत्या में इस्तेमाल किया गया हथौड़ा बरामद कर लिया।



शमीम बानो।



पुलिस गिरफ्त में मां की हत्या का आरोपी बेटा। ● अमृत विचार

बहजोई कस्बे के इस्लामनगर रोड स्थित नई बस्ती दुर्गा कॉलोनी में रहने वाले मुरादी का 20 वर्षीय बेटा आतिफ शनिवार रात ड्यूटी से घर लौटा। उसने अपनी सौतेली मां शमीम बानो से खाना देने को कहा। शमीम बानो ने कुछ देर बाद खाना देने की बात कही, जिसके बाद आतिफ अपने कमरे में चला गया। एक से डेढ़ घंटे बाद भी खाना न मिलने पर आतिफ दोबारा रसोई में पहुंच गया। उस समय शमीम बानो दूसरे कामों में व्यस्त थी। आतिफ और शमीम बानो के बीच कहासुनी शुरू हो गई। विवाद बढ़ने पर गुस्से में आतिफ ने कमरे में रखा हथौड़ा उठाया और शमीम बानो के सिर पर ताबड़तोड़ कई वार कर दिए।

गंभीर चोट लगने से शमीम बानो लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ीं। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो शमीम बानो की मौत हो गई थी। इसी बीच नमाज पढ़कर लौटे मुरादी ने पत्नी को मृत देखा तो सन्न रह गए। रात करीब 12 बजे बहजोई पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार आतिफ और उसकी सौतेली मां शमीम बानो के बीच पहले भी अक्सर विवाद होता रहता था। बहजोई थाना प्रभारी संत कुमार ने बताया कि आरोपी आतिफ को गिरफ्तार कर लिया गया है। हथौड़ा भी बरामद किया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में आतिफ ने पुलिस को बताया कि वह काम से लौटने के बाद कई बार खाना मांग चुका था। खाना न मिलने और कहासुनी होने पर

### पहली पत्नी की मौत के बाद की थी दूसरी शादी

लकड़ी का कारोबार करने वाले मुरादी की पहली पत्नी की 13 वर्ष पहले बीमारी के चलते मौत हो गई थी। इसके बाद करीब 12 वर्ष पहले उन्होंने अलीगढ़ निवासी अपनी ममेरी बहन शमीम बानो से निकाह किया था। शमीम बानो के पति की भी मृत्यु हो चुकी थी और उनकी कोई संतान नहीं थी। मुरादी की पहली पत्नी से एक बेटी और दो बेटे हैं। बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है, जबकि बड़ा बेटा गुलशन गोंडा में कोचिंग में पढ़ाता है। छोटा बेटा आतिफ बहजोई में रहकर पिता के लकड़ी के कारोबार में हाथ बंटाता था।

### पिता पर भी गंभीर आरोप, गिरफ्तारी की मांग

मृतका शमीम बानो की बहन शबाना ने बताया कि मुरादी अक्सर शराब के नशे में मारपीट करता था। गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि शमीम बानो की दो बेटियां हुई थीं, जिन्हें पिता और पुत्र ने मार डाला था। कहा कि हत्या रात में ही कर दी गई थी, लेकिन इसकी जानकारी उन्हें अगले दिन सुबह करीब 3 बजे मिली। शबाना ने कहा कि उनकी बहन के साथ लंबे समय से अत्याचार हो रहा था और अब उसकी हत्या कर दी गई। उन्होंने मांग की कि इस मामले में दोनों पिता-पुत्र को जेल भेजा जाए और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए।

## संभल : बाइक-स्कूटी भिड़ीं, तीन की मौत

**संभल, अमृत विचार :** बाइक और स्कूटी की टक्कर से तीन किशोरों की मौत हो गई जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को हायर सेंटर रेफर किया गया हे।

बहजोई थाना क्षेत्र में इस्लामनगर रोड पर रविवार शाम करीब 7:30 बजे गांव मिर्जापुर के निकट बाइक और स्कूटी की आमने-सामने टक्कर हो गई। बाइक और स्कूटी चकनाचूर हो गईं साथ ही दोनों वाहनों पर सवार पांच युवक लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े। लोगों की भीड़ जमा हो गई। डायल 112 और थाना बहजोई पुलिस मौके पर पहुंच गई। सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहजोई पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने सैफ(18) निवासी मोहल्ला करेशियान, सत्यवीर(18) और इतनी ही उम्र के गजेंद्र निवासी मंडनपुर को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल फेथ और आलम खान निवासी मिर्जापुर को प्राथमिक उपचार देने के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


### कार्यालय ग्राम पंचायत जिही वि.खं. भुता, बरेली

पत्रांक : 105/लेखा/निविदा/वर्ष 2025-26 दिनांक : 14.3.2026

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम जिही में मनरेगा योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में राजन के मकान से आमिर के मकान तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य होना है। जिसकी अनुमानित लागत 2.45 लाख रूपये है। इच्छुक फर्म सीमेन्ट, बजरफुट, बजरी, रेता, प्रथम ईट, रोड़ा आदि आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण की जाती है। समस्त निविदा दिनांक 20.3.2026 तक कार्यालय ग्राम पंचायत में सीधे अथवा डाक द्वारा जमा कर सकते है। जिन्हें उसी दिन शाम 4 बजे खोला जायेगा। जिस फर्म का टेंडर सबसे कम दर रका होगा ग्राम पंचायत द्वारा उसे ही स्वीकार किया जायेगा।

**सचिव-श्री मुकेश कुमार** **प्रधान-कुल्पा देवी**



### कार्यालय सहायक अभियन्ता प्रथम रूहेलखण्ड नहर खण्ड, बरेली

नीलाम आम बहार वर्ष 2026-27

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रथम उपखण्ड, रूहेलखड नहर खण्ड,किच्छा, ऊधमसिंह नगर, उत्तराखण्ड के मौका क्रमशः सिंचाई निरीक्षण भवन सतुईया एवं निरीक्षण भवन दैय्यावोझ की आम बहार नीलामी वर्ष 2026-27 (एक वर्ष) हेतु दिनांकः 23.03.2026 को 12.00 बजे स्थान कार्यालय सहायक अभियन्ता प्रथम, रूहेलखण्ड नहर खण्ड, किच्छा, ऊधमसिंह नगर, उत्तराखण्ड, निकट रोडवेज बस स्टैण्ड, किच्छा पर अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा प्रतिनिधि द्वारा नीलामी की जायेगी। नीलामी की शर्ते एवं धरोहर धनराशि की मात्रा किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय सहायक अभियन्ता प्रथम, रूहेलखण्ड नहर खण्ड, किच्छा, ऊधमसिंह नगर, उत्तराखण्ड, निकट रोडवेज बस स्टैण्ड, किच्छा में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

UP - 248243 दिनांकः 14/03/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

सहायक अभियन्ता
प्रथम उपखण्ड किच्छा
रूहेलखण्ड नहर खण्ड, बरेली


## बूंदाबांदी से बढ़ी ठंड

**बरेली, अमृत विचार :** शहर में रविवार को मौसम का मिजाज पूरी तरह बदला रहा। दिनभर बादलों की आवाजाही के बीच गरज और चमक के साथ दो से तीन बार रुक-रुक कर तेज बूंदाबांदी हुई, जिससे वातावरण में ठंडक घुल गई। तेज हवा और बारिश के क रण तापमान में तेज गिरावट महसूस की गई।

# ईद को लेकर बाजार गुलजार खरीदारों की बढ़ी भीड़

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचार :** ईद को लेकर बाजार में रौनक बढ़ गई है। देर रात तक खरीदारी चल रही है। कपड़ों व सेवइयां की दुकान पर भी ग्राहक उमड़ रहे हैं। पर्व को देखते हुए महंगाई की मार भी पड़ रही है।

शहर के कटरा बाजार, स्टेशन रोड, गांधी स्टेडियम रोड समेत विभिन्न स्थानों पर दुकानों पर दिनभर खरीदारी हो रही है। ईद को लेकर बाजार में भीड़ है। कपड़े की दुकानों पर सर्वाधिक लोग पहुंच रहे हैं। कुर्ता पजामा के साथ लेटेस्ट फैशन वाली जींस, टीशर्ट, शर्ट की खरीदारी की जा रही है। रेडीमेड के साथ सिलाई वाले कपड़े की बिक्री करने वाली दुकानों पर भी भीड़ बनी हुई है।

बाजार में रेडीमेड कुर्ता पजामा 1200 से 3000 रुपये तक की बिक्री का है। इसके अलावा सिलाई वाला कपड़ा 700 से 1500 रुपये तक बिक रहा है। सिलाई वाले कपड़ों का फैशन भी बाजार में दौड़ रहे हैं। जिस वजह से टेलर भी कई दिन पहले ही ऑर्डर बुक कर काम में जुटे हुए हैं। महिलाएं भी ट्रेडिशनल सूट, पाकिस्तान सूट, प्लाजो, ऑरगेंज कपड़े वाले सूट की बिक्री जमकर हो रही है। जिनका रेट 1000 से 2500 रुपये तक बिक रहा है। इधर, कचरी, पापड़, सिवई, खाजा आदि की मांग बाजार में बढ़ने लगी है। लोग खरीदारी करने में जुटे हैं।



बाजार में कचरी पापड़ खरीदते लोग।

## एप के माध्यम से भी नहीं बुक हो रही रसोई गैस

**बरेली, अमृत विचार :** रसोई गैस की बुकिंग को लेकर उपभोक्ताओं को अब भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह हैं कि गैस एजेंसी के ऐप के माध्यम से भी सिलेंडर बुक नहीं हो पा रहा है। सुबह से लेकर रात तक लोग बार-बार प्रयास कर रहे हैं, लेकिन बुकिंग नहीं होने से उनकी परेशानी बढ़ती जा रही है।

सनराइज कॉलोनी के रहने वाले पीएल शर्मा, राजीव पटेल, दुर्गा नगर के रहने वाले राजीव, देवेंद्र, संजय नगर निवासी मुन्नी समेत कई लोगों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से गैस बुकिंग करने के लिए तमाम प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन गैस बुक नहीं हो पा रही है। अब ऐप पर लॉगिन करने के बाद भी बुकिंग का विकल्प सही तरीके से काम नहीं कर रहा है। कई बार कोशिश करने के बावजूद बुकिंग नहीं हो पा रही है। इससे उन लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# 28 मार्च से शुरू होगी गोमती दर्शन यात्रा

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचारः** सनातन समाज और पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पित विभिन्न सामाजिक संगठनों की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को सर्किट हाउस में हुई। महामंडलेश्वर स्वामी शिवानंद महाराज की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में ''गोमती दर्शन यात्रा'' की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे जल संरक्षण की दिशा में एक दूरगामी कदम बताया। उन्होंने आश्वस्त किया सरकार पर्यावरण को बचाने वाले ऐसे आयोजनों में हर संभव सहयोग प्रदान करेगी।

बैठक में यात्रा के प्रथम चरण की विस्तृत जानकारी देते हुए गंगा समग्र (अवध प्रांत) के सह-संयोजक अनुराग पांडेय ने बताया कि यह यात्रा 28 मार्च को मां गोमती के उद्गम स्थल माधोटांडा (पीलीभीत) से शुरू होगी। इसमें देश के विख्यात पर्यावरणविद, संत-महात्मा और जन-प्रतिनिधि सहभागिता करेंगे। यात्रा का समापन 4 अप्रैल 2026 को लखनऊ के ऐतिहासिक कुड़िया घाट पर होगा। एकल संगठन के क्षेत्रीय सचिव संजीव कुमार और रूल ऑफ लॉ सोसाइटी के अध्यक्ष सोमेश वर्धन सिंह ने बताया कि यात्रा के मार्ग में विभिन्न स्थानों पर ''जल व पर्यावरण'' विषय पर चौपालों का आयोजन किया जाएगा। इन चौपालों के माध्यम से स्थानीय लोगों को गोमती नदी के पौराणिक महत्व और इसके संरक्षण की आवश्यकता के प्रति जागरूक किया जाएगा।

महामना मालवीय मिशन के अध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव ने बैठक में कहा कि अभियान का उद्देश्य केवल गोमती ही नहीं, बल्कि प्रदेश की सभी नदियों, झीलों और तालाबों को ''सदा नीरा'' बनाए रखना है। इसके लिए समान विचारधारा वाले संगठनों को एकजुट कर विशेष अभियान चलाया जा रहा है।


### कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता सीतापुर/खीरी वृत्त, लो0नि0वि0, सीतापुर।

पत्रांक 1242/352सी/ई-टेण्डर-सी0खी0/2024-25 दिनाँक 10.03.2026

ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में मार्ग कार्यों हेतु पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | जनपद/खण्ड का नाम | कार्य का नाम | कार्य की कुल लागत (रु0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रु0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | खीरी/नि0ख0-3 | बिलरॉया-पनवारी मार्ग (राज्य मार्ग सं0-21) के कि0मी0-1 से 3(500) में बी0सी0 द्वारा सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 84.50 | 6.23 | 2715.00 | 02 माह | ए एवं बी |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनाँक 18.03.2026 से 25.03.2026 तक उपलब्ध है जो कि दिनाँक 25.03.2026 को समय दोपहर बाद 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनाँक 25.03.2026 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

UP - 248170 दिनांकः 13/03/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(अनिल कुमार यादव)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-3, लो0नि0वि0,
लखीमपुर-खीरी।

(सतीश कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता
सीतापुर/खीरी वृत्त, लो0नि0वि0,
सीतापुर



### कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता सीतापुर/खीरी वृत्त, लो0नि0वि0, सीतापुर।

पत्रांक 1244/352सी/ई-टेण्डर-सी0खी0/2025-26 दिनाँकः- 10.03.2026

ई-निविदा सूचना
(प्रथम आमंत्रण)

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | जनपद/खण्ड का नाम | कार्य का नाम | निर्माण कार्य की लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | लखीमपुर-खीरी/नि0ख0-3 | लखीमपुर-बिजुआ-भीरा-पलिया-दुधवा-गौरीफंटा मार्ग (राज्य मार्ग सं0-90) के कि0मी0-21 से 44 एवं 58 से 65, 66(600) में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 1478.00 | 29.60 | 2715.00 | 8 माह |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनाँक 18.03.2026 से 25.03.2026 तक उपलब्ध है जो कि दिनाँक 25.03.2026 को समय दोपहर बाद 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनाँक 25.03.2026 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

UP - 248172 दिनांकः 13/03/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(अनिल कुमार यादव)
अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड-3, लो0नि0वि0,
लखीमपुर-खीरी।

(सतीश कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता
सीतापुर/खीरी वृत्त, लो0नि0वि0,
सीतापुर



### कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता बरेली वृत लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक : 2070/453सी0(ई0टेण्डर)-3/25 दिनांकः 12.03.2026

**ऑन-लाइन निविदा आमंत्रण सूचना**

1-महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली के द्वारा निर्माण खण्ड-1 लो0नि0वि0, बरेली के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार लो0नि0वि0 में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से स्वीकृति की प्रत्याशा में प्रतिशत दरों पर ई-निविदा दिनांक 18.03.2026 से दिनांक 24.03.2026 की मध्यान्ह 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 24.03.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे ऑन-लाइन खोला जाना प्रस्तावित किया गया हैः-

| क्र0 सं0. | कार्य का नाम | खण्ड का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य( (निविदा शुल्क+ स्टेशनरी+ जी0एस0टी0) | ठेकेदारो की पात्रता श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 01 | वित्तीय वर्ष 2025-26 मे रम्पुरा मोड से अलीगंज सिरौली मार्ग के किमी0-01 से 14 में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण | निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0,बरेली | 421.24 | 23.07 | 4 माह | 2725.00 | ए मार्ग कार्य) |

2-निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

UP - 248211 दिनांकः 14/03/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(राजीव अग्रवाल)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-1,लो0नि0वि0,बरेली

(प्रकाश चन्द्र)
अधीक्षण अभियन्ता
बरेली वृत, लो0नि0वि0,बरेली


# बहुजन समाज दिवस के रूप में मनाई कांशीराम की जयंती



मंचासीन पार्टी के जिलाध्यक्ष तनवीर खां, पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा, पूर्व मंत्री अवधेश वर्मा व अन्य पदाधिकारी।

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर बहुजन नायक मान्यवर कांशीराम की 92 वीं जयंती रविवार को "बहुजन समाज दिवस अर्थात पीडीए दिवस के रूप में जनसमूह के साथ महानगर के ईदगाह रोड स्थित एक मैरिज लॉन में मनाई गई। इस मौके पर पार्टी के नेताओं व पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मान्यवर कांशीराम के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको याद किया। जयंती समारोह की अध्यक्षता सपा के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खां ने की। पूर्व एमएलसी अमित यादव ने सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का चित्र देकर सम्मानित किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए तनवीर खां ने कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव हर समाज को जोड़कर व अपने साथ लेकर पीडीए और समाजवादी पार्टी को मजबूत करने का कार्य कर रहे हैं। पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा, पूर्व एमएलसी अमित यादव, पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा, जिला महासचिव रणंजय सिंह यादव,सपा प्रदेश सचिव विजय सिंह, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद आदि ने विचार व्यक्त किए।

न्यूज ब्रीफ

## 50 हजार का इनामी डकैत गिरफ्तार


अमृत विचार, लखनऊ: एसटीएफ ने डकैती और लूट के मामले में फरार चल रहे 50 हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को अयोध्या के पूराकलंदर इलाके से पकड़ा गया। उसके खिलाफ दो वर्ष पूर्व डकैती व लूट का मामला दर्ज था। तभी से फरार चल रहा था। एसटीएफ के डिप्टीएसपी प्रमेश कुमार शुक्ला के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी प्रखर रावत उर्फ प्रखर कुमार उर्फ टेनिस है। उसे टीम ने जनौरा स्थित भीमसेन पैलेस के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपी पूराकलंदर के पुरवा टोनिया, पोस्ट डाभासेमर का रहने वाला है। एसटीएफ अधिकारियों के अनुसार, पूराकलंदर इलाके में 2025 में हुए लूट और डकैती से जुड़े मामले में आरोपी की तलाश की जा रही थी। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि करीब चार वर्ष पहले वह नशे का आदी हो गया। पैसों की कमी होने पर दोस्तों के साथ चोरी और लूट की घटनाओं में शामिल होने लगा।



प्रखर रावत

## इनामी गैंगस्टर को एसटीएफ ने दबोचा

अमृत विचार, लखनऊ: एसटीएफ ने शनिवार देर रात को 50 हजार रुपये के इनामी आरोपी गैंगस्टर को गिरफ्तार किया है। वह तीन वर्ष से फरार चल रहा था। एसटीएफ ने यह कार्रवाई कानपुर-इटावा हाइवे स्थित कानपुर देहात के रनिया इलाके में की। आरोपी के खिलाफ चंदौली में गोवध निवारण अधिनियम का मामला दर्ज है। एसटीएफ के एएसपी लाल प्रताप सिंह के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी कौसर अली उर्फ पहू कौशांबी के कोखराज स्थित पुरानी बाजार भरवारी का रहने वाला है। उसके खिलाफ चंदौली के सैयदराजा थाने में 2023 में गोवध निवारण अधिनियम व पशु क्रूरता निवारण अधिनियम का मामला दर्ज है। एसटीएफ की टीम को सूचना मिली कि कौसर अली नेशनल हाइवे-2 पर रनिया स्थित एडविल्स प्रा. लि. मयूर बनस्पति मिल के पास मौजूद था। टीम ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसका एक गिरोह है, जो यूपी, हरियाणा, पंजाब और बिहार से गोवंशीय पशुओं की तस्करी कर असम और पश्चिम बंगाल भेजता है। वर्ष 2023 में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद वह बिहार, हरियाणा, मुंबई, दिल्ली और अहमदाबाद में छिपकर रह रहा था। उसके खिलाफ कोर्ट से गैर जमानती वारंट जारी था। उसके खिलाफ कुर्की की भी कार्रवाई की जा चुकी है।



कौसर अली

## सरस महोत्सव में महिलाओं को सौंपे चेक

अमृत विचार, लखनऊ: प्रयागराज में आयोजित 'सरस महोत्सव' के दूसरे दिन उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को करोड़ों रुपये के चेक वितरित किए और उनके स्टालों का निरीक्षण कर उत्पादों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। महोत्सव में उप मुख्यमंत्री ने रविवार को विभिन्न स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया और महिलाओं से संवाद करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार गरीब, किसान और महिलाओं के उत्थान के लिए लगातार काम कर रही है और ऐसे आयोजन स्थानीय हुनर को मंच प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के दौरान सांसद विनोद कुमार विंद सूंम समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# देश की नींव कमजोर कर रही जाति की राजनीति: योगी

## चित्तौड़गढ़ में आयोजित 'जौहर श्रद्धांजलि समारोह' में शामिल हुए मुख्यमंत्री, कहा- मेरे दादा गुरु इसी भूमि से गए थे गोरखपुर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बाबर, औरंगजेब और अकबर के खानदान का पता नहीं, महाराणा के वंशज मंच पर

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जातिवाद फैलाने वालों को चित्तौड़गढ़ की धरती से आगाह किया कि जातिवाद की राजनीति भारत की नींव को कमजोर कर रही है। बांटने की राजनीति फिर से गुलामी की तरफ धकेल रही है। इससे बचने के लिए हमें एकजुटता के भाव से बढ़ना होगा।

राजस्थान के चित्तौड़गढ़ किले में रविवार को आयोजित जौहर श्रद्धांजलि समारोह में हवन-पूजन के बाद मुख्यमंत्री ने सराहनीय कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया। उन्होंने पंजाब के पूर्व राज्यपाल वीपी सिंह की पुस्तक का विमोचन भी किया। जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने रामधारी सिंह दिनकर की पंक्तियां सुनाईं कि, "मूल जानना बड़ा कठिन है नदियों का-वीरों का, धनुष छोड़कर और गोत्र क्या होता रणधीरों का। पाते हैं सम्मान तपोबल से भूतल पर शूर, जाति-जाति का शोर मचाते केवल कायर, क्रूर।" मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन्हें कुछ नहीं करना है, वे जातिवाद के आधार पर सामाजिक एकता को छिन्न-भिन्न करने का पाप कर रहे हैं। जातिवाद ने समाज की नींव को दरका दिया था, इसलिए देश कमजोर हुआ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वीरभूमि चित्तौड़गढ़ को देखकर मुझे यूपी के साहित्यकार श्याम नारायण पांडेय की रचना हल्दीघाटी की पंक्तियां याद आती हैं – "एकलिंग का आसन है, इस पर न किसी का शासन है..."। खिलजी के नाम पर भारत में आज कोई नमूना दिखाई नहीं देता। बाबर, औरंगजेब और अकबर के खानदान का अतापता नहीं है, लेकिन महाराणा प्रताप की वंशावली महाराजा साहब मंच पर उपस्थित हैं।

### नेताजी होते तो पापी पाकिस्तान नहीं होता

सीएम योगी ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने आह्वान किया था कि तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा। नेताजी होते तो पापी पाकिस्तान भी नहीं होता। उनका आह्वान भारत की अस्मिता, आजादी और नौजवानों के लिए था।



चित्तौड़गढ़ किले में आयोजित जौहर श्रद्धांजलि समारोह में हवन-पूजन करते मुख्यमंत्री योगी, साथ में अन्य। अमृत विचार

### किसी बेटी-बहन को उस दौर से न गुजरना पड़े

योगी ने कहा कि यह श्रद्धांजलि समारोह प्रेरित कर रहा है कि आने वाले समय में किसी बेटी-बहन को उस दौर से न गुजरना पड़े। 1303, 1535 और 1568 में तीन बड़े जौहर यहां देखने को मिले। शत्रु हमेशा धोखे से ही वीरों का मुकाबला कर पाए। आमने-सामने की लड़ाई में वे कहीं नहीं टिके। माता सीता ने धरती मां से कहा था कि अगर मेरा सतीत्व अखंड है तो मुझे अपनी गोद में समाहित करो। माता सीता का जो संकल्प था, वही संकल्प धर्म जौहर के नाम पर महारानी पद्मिनी ने यहां दिखाया था। यह संकल्प नारी गरिमा का प्रतीक था। यह भारत माता को विधर्मियों से मुक्त करने का संकल्प था।

रानी पद्मिनी की वंशावली सैकड़ों वर्ष बाद आज भी है। सनातन की मर्यादा सदैव अमर है और रहेगी।



बच्चे के साथ सेल्फी लेते मुख्यमंत्री योगी।

### ... और पूरी हो गई स्कूली बच्चे की इच्छा

अमृत विचार, लखनऊ: राजस्थान के जालौर स्थित श्री शांतिनाथ बालिका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में पढ़ने वाले एक बच्चे की इच्छा रविवार को पूरी हो गई। सेल्फी लेने की कोशिश कर रहे बच्चे को मंच पर बुलाया और उसके मोबाइल से सेल्फी ली। वह श्री शांतिनाथ बालिका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में आयोजित नवीन भवन के अवलोकन कार्यक्रम में थे। यहां पढ़ने वाला एक बच्चा विद्यालय के कणिया गिरि मंच के नीचे खड़ा होकर मुख्यमंत्री के फ्रेम में बार-बार सेल्फी लेने की कोशिश कर रहा था। यह देखकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उस बच्चे को मंच पर बुला लिया।

# सत्ता की मास्टर चाबी जरूरी : मायावती

## कांशीराम जयंती पर बसपा से जुड़ने का किया आह्वान, अन्य पार्टियों को बताया अवसरवादी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : बसपा प्रमुख मायावती ने बहुजन समाज के लोगों से पार्टी से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि वे सच्चे, ईमानदार और मिशनरी अंबेडकरवादी बनें। कहा कि सत्ता की "मास्टर चाबी" हासिल करके ही संविधान में बहुजनों के हित, कल्याण और उत्थान के लिए दिए गए अधिकारों को जमीन पर लागू किया जा सकता है। इससे समाज के कमजोर वर्गों को गरीबी और मजबूरी से मुक्ति मिल सकेगी और उन्हें बेहतर जीवन मिलेगा।

बसपा प्रमुख ने रविवार को पार्टी संस्थापक काशीराम की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही कहा, कांशीराम ने बीआर आंबेडकर की विचारधारा और आंदोलन को पूरे देश में आगे बढ़ाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया। पार्टी की ओर से मायावती के जारी बयान में कहा गया कि कांशीराम के "सामाजिक परिवर्तन और आर्थिक मुक्ति" के आंदोलन को मजबूत बनाने और चुनावी सफलता हासिल करने का संकल्प लिया गया है। साथ ही दावा किया कि बहुजन समाज के हितों के लिए वही "असली पार्टी और आंदोलन" है। पार्टी ने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी समेत अन्य विरोधी दलों की कथनी और करनी में अंतर है, जिससे बहुजन समाज की एकता और सत्ता प्राप्ति के मिशन को नुकसान होता है।



लखनऊ : मान्यवर श्री कांशीराम जी स्मारक स्थल पर श्रद्धांजलि देने भारी संख्या में पहुंचे बसपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

### धूमधाम से मनाई गई कांशीराम की जयंती, दी गई श्रद्धांजलि

अमृत विचार, लखनऊ : बामसेफ, डीएस-4 और बसपा के संस्थापक काशीराम की 92वीं जयंती रविवार को लखनऊ के आलमबाग स्थित मान्यवर काशीराम मेमोरियल में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार गौतम ने बताया कि समारोह में बुद्ध वंदना के बाद अतिथियों द्वारा भन्तेगणों को चीवर दान दिया गया। कार्यक्रम में बसपा के हजारों कार्यकर्ताओं ने कांशीराम साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल, पूर्व कैबिनेट मंत्री ज्ञान चरण दिनकर, सूरज सिंह जाटव, एमएलसी नौशाद अली समेत डॉ. विजय प्रताप समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे ।

### कांशीराम ने वंचितों और शोषितों को किया संगठित : तनुज पुनिया

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र.अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष और बाराबंकी से सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि कांशीराम ने समाज के वंचित, शोषित और दलित वर्गों को संगठित कर उन्हें राजनीतिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने का ऐतिहासिक कार्य किया। सांसद रविवार को बहुजन आंदोलन के प्रणेता कांशीराम की जयंती के अवसर पर कांग्रेस प्रदेश कार्यालय में आयोजित विचार गोष्ठी में संबोधित कर रहे थे। कांग्रेस प्रवक्ता डॉ.अमरनाथ पासवान व मनीश हिन्दवी समेत पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने काशीराम के जीवन, संघर्ष और सामाजिक न्याय के लिए उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम के दौरान सभी ने कांशीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# बहुजन समाज के लिए कांशीराम ने जीवन भर किया संघर्ष : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सपा ने प्रदेशभर में मनाई कांशीराम की 92वीं जयंती

अमृत विचार : सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर रविवार को सपा कार्यालयों में बहुजन नेता कांशीराम की 92वीं जयंती मनाई गई। इस मौके पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने जारी संदेश में कहा कि कांशीराम एक प्रमुख भारतीय राजनेता और समाज सुधारक थे, जिन्होंने बहुजन समाज को सम्मानजनक स्थान दिलाने के लिए जीवनभर संघर्ष किया।

सपा प्रमुख ने रविवार को कहा कि 1971 में बामसेफ और 1984 में बहुजन समाज पार्टी की स्थापना कर दलित समाज में आत्मसम्मान की भावना जगाई और उन्हें राजनीति में सम्मानजनक भागीदारी दिलाने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि कांशीराम और मुलायम सिंह यादव के बीच 1991 में हुए गठबंधन से राज्य में साझा सरकार बनी थी। प्रदेश की राजनीति में दलित और पिछड़े वर्गों के बीच नए संबंध बने। यही नहीं, सपा ने कांशीराम को इटावा से लोकसभा पहुंचाने का काम किया और उन्हें हमेशा सम्मान दिया।



सपा मुख्यालय पर कांशीराम के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते पार्टी नेता।



कांशीराम के चित्र पर माल्यार्पण करते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय।

### कांशीराम जयंती पर कांग्रेस ने लगाए चिकित्सा शिविर

अमृत विचार, लखनऊ : बहुजन नेता काशीराम की जयंती के अवसर पर उप्र. कांग्रेस के चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा प्रदेशभर में 'स्वास्थ्य सृजन अभियान' के तहत निःशुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य जांच कराई और विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श लिया। लखनऊ के दुबग्गा स्थित काशी राम कालोनी में संपन्न चिकित्सा शिविर का शुभारंभ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कांशीराम की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किये।

# बीसी सखी योजना में देश में अव्वल रहा यूपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और गांवों तक बैंकिंग सेवाएं पहुंचाने में उत्तर प्रदेश की बीसी सखी योजना देश में पहले स्थान पर पहुंच गई है।

उप्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के संयुक्त मिशन निदेशक जन्मेजय शुक्ला के अनुसार, प्रदेश में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी करीब 40 हजार महिलाएं गांवों में बिजनेस कॉरेस्पांडेंट सखी (बीसी सखी) के रूप में कार्य कर रही हैं। ये महिलाएं माइक्रो एटीएम और डिजिटल उपकरणों के माध्यम से कैश निकासी, जमा, आधार आधारित भुगतान और अन्य बैंकिंग सेवाएं ग्रामीणों तक पहुंचा रही हैं। इस योजना के माध्यम से अधिकांश बीसी सखियां औसतन 10 से 15 हजार रुपये मासिक आय अर्जित कर रही हैं, जबकि कई महिलाएं कमीशन के जरिए 40 से 50 हजार रुपये तक कमा रही हैं। इससे ग्रामीण महिलाओं के जीवन में आर्थिक सशक्तीकरण का नया अध्याय जुड़ रहा है। बीसी सखी योजना में प्रशिक्षण के बाद महिलाओं को गांवों में तैनात किया जाता है, जिससे ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाएं घर के पास ही उपलब्ध हो रही हैं।

## विवादित प्रश्न पर मंत्री ने जताई आपत्ति

अमृत विचार, लखनऊ : यूपी पुलिस उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा में पूछे गए एक प्रश्न को लेकर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कड़ा ऐतराज जताया है। मंत्री ने कहा कि प्रश्न के विकल्प में "पण्डित" शब्द का शामिल होना न केवल अनुचित है, बल्कि इसका कोई औचित्य भी नहीं है। उच्च शिक्षा मंत्री ने रविवार को मुख्यमंत्री के नाम पत्र लिखते हुए बताया कि इस प्रकार के प्रश्न और विकल्प सामाजिक समरसता को प्रभावित कर सकते हैं और किसी विशेष जाति, वर्ग या परंपरा की भावनाओं को आहत करते हैं। उन्होंने इसे पेपर सेटर की जानबूझकर की गई असंवेदनशील हरकत बताया और दोषी की पहचान कर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

# फूड लाइसेंस के नवीनीकरण की बाध्यता खत्म

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एफएसएसएआई में अब स्वत: पंजीकृत माने जाएंगे स्ट्रीट वेंडर
- छोटे खाद्य कारोबारियों को बड़ी राहत, एक अप्रैल से लागू होंगे नए प्रावधान

अमृत विचार: खाद्य कारोबारियों, स्ट्रीट फूड विक्रेताओं और छोटे व्यापारियों को राहत देते हुए खाद्य लाइसेंस और पंजीकरण के नियमों में बड़ा बदलाव किया गया है। नए प्रावधानों के तहत अब हर साल खाद्य लाइसेंस का नवीनीकरण कराना अनिवार्य नहीं होगा। नियमों का गजट प्रकाशन हो चुका है और इन्हें एक अप्रैल से लागू किया जाएगा।

नए नियमों के अनुसार, नगर निगम या स्ट्रीट वेंडर्स (जीविका संरक्षण एवं पथ विक्रय विनियमन) अधिनियम, 2014 के तहत पंजीकृत ठेले-खोमचे और फेरीवाले स्वतः ही एफएसएसएआई में पंजीकृत माने जाएंगे। इससे छोटे दुकानदारों और स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को दोबारा पंजीकरण कराने और लंबी कागजी प्रक्रिया से गुजरने की जरूरत नहीं पड़ेगी। हालांकि सभी खाद्य कारोबारियों के लिए स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा से जुड़े मानकों का पालन करना अनिवार्य रहेगा।

नए प्रावधानों के तहत छोटे खुदरा विक्रेता, स्ट्रीट फूड विक्रेता, अस्थायी स्टॉल संचालक, फूड ट्रक संचालक और कुटीर स्तर के खाद्य उद्योग भी इस व्यवस्था में शामिल होंगे। जरूरी दस्तावेज पूरे होने पर अब पंजीकरण प्रमाणपत्र तुरंत जारी किया जा सकेगा। यदि कोई कारोबारी वार्षिक शुल्क या खाद्य सुरक्षा अनुपालन से जुड़ा रिटर्न जमा नहीं करता है तो उसका लाइसेंस या पंजीकरण स्वतः निलंबित माना जाएगा। इसके अलावा खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण अब जोखिम आधारित प्रणाली के तहत किया जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर थर्ड पार्टी से फूड सेफ्टी ऑडिट भी कराया जा सकेगा। पहले 12 लाख रुपये सालाना टर्नओवर तक के कारोबारियों को पंजीकरण मिलता था, जिसे बढ़ाकर अब 1.5 करोड़ रुपये कर दिया गया है। इसी तरह पहले 5 करोड़ रुपये तक के कारोबारियों को राज्य स्तर से लाइसेंस मिलता था और इससे अधिक टर्नओवर पर केंद्र से लाइसेंस लेना पड़ता था। अब यह सीमा बढ़ाकर 50 करोड़ रुपये कर दी गई है। जिन कारोबारियों के लाइसेंस या पंजीकरण की वैधता 31 मार्च तक है, उन्हें फिलहाल नवीनीकरण कराना होगा। इसके बाद नए नियम पूरी तरह लागू हो जाएंगे।

### नए नियम

- पंजीकरण की टर्नओवर सीमा 12 लाख से बढ़ाकर 1.5 करोड़
- राज्य लाइसेंस की सीमा 5 करोड़ से बढ़ाकर 50 करोड़
- जोखिम आधारित निरीक्षण प्रणाली लागू

एसआई भर्ती परीक्षा

दो दिन व चार पालियों में कुल 10 .77 लाख ने दी परीक्षा, ढाई लाख ने प्रवेश पत्र ही नहीं किया डाउनलोड


# परीक्षा से 4 .98 लाख अभ्यर्थी रहे गैरहाजिर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दूसरे दिन रविवार को 5,45,721 अभ्यर्थी ही पहुंचे परीक्षा देने

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा आयोजित एसआई व समकक्ष भर्ती परीक्षा 14 व 15 मार्च को आयोजित की गई थी। परीक्षा प्रदेश के 75 जिलों के 1090 केंद्रों पर आयोजित की गई थी। दो दिन के अंदर चार पालियों में आयोजित परीक्षा में कुल 68.33 प्रतिशत अभ्यर्थी यानी कुल 10,77,403 अभ्यर्थी ही शामिल हुए। करीब 4,98,357 ने परीक्षा छोड़ दी। इसमें ढाई लाख ने प्रवेश पत्र ही डाउनलोड नहीं किया था। रविवार को दोनों पालियों में 7,87,880 अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी थी, लेकिन 5,45,721 ही पहुंचे। कड़ी सुरक्षा में परीक्षा सकुशल संपन्न करा दी गई।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा आयोजित एसआई व समकक्ष भर्ती परीक्षा का आयोजन शनिवार व रविवार को किया गया। बोर्ड ने कुल उपनिरीक्षक व समकक्ष 4,543 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन निकाला था। इसके लिए 15,75,760 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। जिन पदों पर भर्ती होनी है, उनमें उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस के 4,242, महिला प्लाटून कमांडर (पीएसी बटालियन) के 106, पुरुष प्लाटून कमांडर के 135 तथा पुरुष प्लाटून कमांडर (उप्र विशेष सुरक्षा बल) के 60 पद शामिल हैं। बोर्ड ने अभ्यर्थियों की संख्या को देखते हुए दो दिन में चार पलियों में आयोजित की थी। कुल 15,75,760 अभ्यर्थियों में कुल 10,77,403 अभ्यर्थी ही परीक्षा में शामिल हुए। इसमें बोर्ड की सख्ती व सुरक्षा को देखते हुए 4,98,357 ने छोड़ी परीक्षा छोड़ दी। बोर्ड के अधिकारी के मुताबिक इसमें से करीब 2,49,179 अभ्यर्थियों ने प्रवेश पत्र ही डाउनलोड नहीं किया था। पहले दिन 14 मार्च को पहली पाली में कुल 3,93,939 अभ्यर्थियों को शामिल होना था। इनमें 2,63,839 ने परीक्षा दी। जबकि दूसरी पाली में कुल 3,93,941 अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी थी और 2,67,843 अभ्यर्थी ही शामिल हुए। 15 मार्च को पहली पाली में कुल 3,93,940 अभ्यर्थियों में 2,70,803 ही परीक्षा केंद्र पहुंचे। जबकि दूसरी पाली में 3,93,940 में 2,74,918 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा के दौरान लगभग 16 हजार सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से परीक्षा केंद्रों पर कड़ी निगरानी रही। पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड ने हुसैनगंज कोतवाली में सोशल मीडिया के प्लेटफार्म एक्स, टेलीग्राम, व्हाट्सएप व यू-ट्यूब पर भ्रामक सूचना फैलाकर धन उगाही व ठगी करने वालों के विरुद्ध सात से अधिक मुकदमे भी दर्ज कराए। एसटीएफ इन मामलों में कई आरोपियों की तलाश कर रही है।



# जून तक पूरा होगा बुद्धवनम पार्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- श्रावस्ती में बन रहा पार्क अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए बनेगा आकर्षण का केंद्र

अमृत विचार: प्रदेश सरकार की सतत पर्यटन नीति के तहत जनपद श्रावस्ती में विकसित किया जा रहा बुद्धवनम पार्क इस वर्ष जून के अंत तक पूरा होने की संभावना है। परियोजना के पूरा होने से प्रदेश में बौद्ध पर्यटन को नई गति मिलने की उम्मीद है और यह स्थल राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनेगा।

श्रावस्ती विश्व में बौद्ध धर्म के प्रमुख तीर्थस्थलों में से एक माना जाता है। यहां श्रीलंका, म्यांमार, नेपाल, भूटान, थाईलैंड, चीन और जापान सहित कई देशों से बड़ी संख्या में बौद्ध श्रद्धालु और पर्यटक आते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप इस क्षेत्र को बौद्ध पर्यटन के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। परियोजना के तहत पार्क के लैंडस्केप क्षेत्र में कई प्रमुख संरचनाओं का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। धर्मचक्र से संबंधित आठ संरचनाओं के आरसीसी फाउंडेशन तैयार हो चुके हैं। इसके अलावा म्यूरल वॉल के लिए आरसीसी स्ट्रक्चर बन चुका है, जिस पर सौंदर्यीकरण का कार्य चल रहा है। सेंटर पाथ-वे और स्टेप गैलरी के लिए ब्रिक वर्क का कार्य भी लगभग पूरा हो चुका है।



### विकसित हो रहीं आधुनिक सुविधाएं

पार्क में आने वाले पर्यटकों को बौद्ध धर्म और क्षेत्र के ऐतिहासिक महत्व की जानकारी देने के लिए इंटरप्रिटेशन सेंटर बनाया जा रहा है। इसके कॉलम ढलाई का कार्य प्रगति पर है और जल्द ही पूरा होने की संभावना है। इसके साथ ही पर्यटकों के ठहरने के लिए डॉर्मेट्री का निर्माण अंतिम चरण में है, जहां आंतरिक प्लास्टर और फ्लोरिंग का कार्य चल रहा है।



मनुष्यों का अस्तित्व उनकी चेतना से निर्धारित नहीं होता, बल्कि इसके विपरीत, उनका सामाजिक अस्तित्व ही उनकी चेतना को निर्धारित करता है।
–कार्ल मार्क्स, दार्शनिक

## सुधार के आसार

देश में घरेलू और व्यावसायिक इस्तेमाल की गैस आपूर्ति में सुधार का आसार नजर आने लगा है। सरकार की कालाबाजारियों पर कारगुजारी से इसकी किल्लत की अफवाहों के शीघ्र समाप्त होने के संकेत मिलने लगे हैं। 92 हजार सात सौ टन एलपीजी ला रहे दो जहाजों के कल तक गुजरात के कांडला तथा मुंद्रा बंदरगाह पर आ लगने की संभावना के साथ 22 दूसरे जहाज, जो हार्मुज स्ट्रेट के पश्चिमी हिस्से में रुके हैं, जिनमें से छह एलपीजी ला रहे हैं, उन्हें भी शीघ्र वहां से निकलने की उम्मीद ने यह आशा बढ़ा दी है कि निकट भविष्य में घरेलू और कामर्शियल गैस सिलेंडरों की समस्या नहीं आने वाली। इसके अलावा कई अन्य जहाज खाड़ी के क्षेत्र में रुके हुए हैं, उन्हें भी सुरक्षित निकालने के लिए जहाजरानी मंत्रालय और सरकार अपने स्तर पर लगी हुई है। इसके अलावा ऊर्जा सुरक्षा के लिए विदेश मंत्रालय अमेरिका, इजरायल और ईरान के साथ निरंतर कूटनीतिक संपर्क के साथ वैकल्पिक स्रोत तथा रास्ते भी देख रही है।

29 राज्यों में वाणिज्यिक गैस आपूर्ति सुचारू होना भी स्थितियों में सकारात्मक प्रगति का संकेत है। इसी के मद्देनजर पेट्रोलियम मंत्रालय ने 75 लाख से बढ़ाकर अचानक 88 लाख प्रतिदिन पहुंच गई सिलिंडर बुकिंग पर लोगों को भरोसा दिलाया है कि देश में पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त उत्पादन हो रहा है, आपूर्ति के प्रति आश्वस्त रहें। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से भारतीय ध्वज वाले दो जहाजों की सुरक्षित निकासी केवल एक समुद्री घटना नहीं, बल्कि भारत की सक्रिय कूटनीति और ऊर्जा सुरक्षा नीति का महत्वपूर्ण संकेत है। यह संकेत देता है कि भारत ने क्षेत्रीय शक्तियों, विशेषकर ईरान और खाड़ी देशों के साथ संवाद की ऐसी संतुलित नीति अपनाई है, जिससे संकट की स्थिति में भी भारतीय हितों की रक्षा संभव हो पाती है। हालिया घटनाक्रम से घरेलू और वाणिज्यिक गैस संकट के तत्काल दबाव में कुछ राहत के संकेत अवश्य मिले हैं, लेकिन यदि क्षेत्रीय संघर्ष लंबा खिंचता है, तो स्थिति फिर से अस्थिर हो सकती है। ऊर्जा बाजार में अनिश्चितता अक्सर कीमतों में तेज वृद्धि, आपूर्ति में देरी और घरेलू स्तर पर कालाबाजारी जैसी समस्याओं को जन्म देती है। यह मान लेना जल्दबाज़ी होगी कि ईरान शेष भारतीय जहाजों को भी स्वतः निर्बाध मार्ग प्रदान कर देगा। होर्मुज का समुद्री मार्ग वैश्विक भू-राजनीति से गहराई से जुड़ा है और वहां की परिस्थितियां तेजी से बदलती रहती हैं, इसलिए भारत को निरंतर कूटनीतिक संवाद बनाए रखना होगा।

यह घटनाक्रम उस समय सामने आया है जब क्षेत्र में तनाव बढ़ा हुआ है और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला पर इसका असर पड़ने की आशंका बनी हुई है। स्पष्ट है कि होर्मुज से जहाजों की सुरक्षित निकासी तत्काल राहत का संकेत अवश्य है, लेकिन यह ऊर्जा सुरक्षा की बड़ी चुनौती का स्थायी समाधान नहीं। भारत को अपनी कूटनीति, ऊर्जा नीति और समुद्री क्षमता तीनों को समान रूप से मजबूत करना होगा, साथ ही घरेलू स्तर पर वितरण प्रणाली की निगरानी और डिजिटल ट्रैकिंग को सुदृढ़ करना भी आवश्यक है, तभी कालाबाजारी और जमाखोरी को रोका जा सकेगा और भविष्य में ऐसे संकटों का सामना अधिक आत्मविश्वास से किया जा सकेगा।

### प्रसंगवश

## हरियाणा सिविल सर्विस में ट्रांसजेंडर को समान अवसर

समाज में समानता और न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के निर्देशों के बाद हरियाणा में ट्रांसजेंडर समुदाय को सरकारी नौकरियों में आवेदन का अधिकार सुनिश्चित किया गया है। अब ट्रांसजेंडर व्यक्ति हरियाणा सिविल सेवा (HCS) सहित अन्य सरकारी पदों के लिए औपचारिक रूप से आवेदन कर सकेंगे। यह निर्णय केवल एक प्रशासनिक बदलाव नहीं, बल्कि सामाजिक समावेशन और संवैधानिक समानता की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है।

जहां एक ओर समाज में आज भी ट्रांसजेंडर समुदाय को भेदभाव की नजरों से देखा जाता है, वहीं न्यायपालिका का यह हस्तक्षेप आशा की किरण बनकर सामने आया है। लंबे समय से ट्रांसजेंडर समुदाय को शिक्षा, रोजगार और सामाजिक स्वीकार्यता के क्षेत्रों में अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता रहा है। सरकारी नौकरियों के आवेदन पत्रों में केवल पुरुष और महिला का विकल्प होने के कारण वे स्वयं को पंजीकृत करने में असमर्थ रहते थे। इससे न केवल उनके अधिकार सीमित होते थे, बल्कि वे मुख्यधारा की प्रतिस्पर्धा से भी बाहर रह जाते थे। हाईकोर्ट ने इस स्थिति को असंवैधानिक मानते हुए स्पष्ट किया कि प्रत्येक नागरिक को समान अवसर मिलना चाहिए।



धनीश शर्मा
लेखक

कोर्ट के निर्देशों के बाद हरियाणा सरकार और संबंधित आयोगों ने आवेदन फॉर्म में तीसरे लिंग (ट्रांसजेंडर) का कॉलम जोड़ने की प्रक्रिया शुरू की। ऑनलाइन आवेदन प्रणाली में आवश्यक तकनीकी संशोधन किए गए, ताकि ट्रांसजेंडर अभ्यर्थी बिना किसी बाधा के आवेदन कर सकें। प्रशासनिक दृष्टि से यह परिवर्तन भले ही एक तकनीकी सुधार लगे, लेकिन सामाजिक परिप्रेक्ष्य में इसका प्रभाव अत्यंत व्यापक है। यह कदम यह संदेश देता है कि शासन व्यवस्था अब समाज के हर वर्ग को समान अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है।

हरियाणा सिविल सेवा राज्य की प्रतिष्ठित सेवाओं में से एक है। इसमें चयनित अधिकारी प्रशासनिक, राजस्व, विकास और कानून-व्यवस्था से जुड़े महत्वपूर्ण दायित्व निभाते हैं। ऐसे में ट्रांसजेंडर समुदाय को इस सेवा में भागीदारी का अवसर मिलना समानता की भावना को सशक्त करता है। यह न केवल ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के आत्मविश्वास को बढ़ाएगा, बल्कि समाज में उनकी पहचान और सम्मान को भी मजबूती देगा।

वर्ष 2014 में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को तीसरे लिंग के रूप में मान्यता दिए जाने के बाद देशभर में नीतिगत सुधारों की अपेक्षा की जा रही थी। यह पहल यदि पहले हो जाती तो बेहतर होता, क्योंकि संवैधानिक अधिकारों की स्थापना में देरी भी एक प्रकार की बाधा ही मानी जाती है। फिर भी, देर से ही सही, यह कदम स्वागत योग्य है। न्यायपालिका ने एक बार फिर यह स्पष्ट किया है कि संविधान सभी नागरिकों को समान अधिकार देता है और किसी भी प्रकार का भेदभाव अस्वीकार्य है।

जब तक रोजगार के अवसर समान रूप से उपलब्ध नहीं होंगे, तब तक वास्तविक सामाजिक सशक्तिकरण संभव नहीं है। सरकारी सेवा में चयन केवल आर्थिक स्थिरता ही नहीं देता, बल्कि सामाजिक प्रतिष्ठा और आत्मसम्मान भी प्रदान करता है। यदि ट्रांसजेंडर समुदाय के सदस्य प्रशासनिक तंत्र का हिस्सा बनते हैं, तो वे समाज के विविध वर्गों की समस्याओं को अधिक संवेदनशीलता से समझ सकेंगे और नीतियों के निर्माण में व्यापक दृष्टिकोण ला सकेंगे। यह परिवर्तन केवल कागजों तक सीमित न रहे। ट्रांसजेंडर अभ्यर्थियों के लिए मार्गदर्शन, प्रशिक्षण, परामर्श और सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## भारत को घटानी होगी ऊर्जा आयात पर निर्भरता





रजत मेहरोत्रा
वित्तीय एवं आर्थिक विशेषज्ञ

पश्चिम एशिया में अमेरिका, इज़राइल और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव ने वैश्विक ऊर्जा बाजार को अस्थिर कर दिया है। इस संघर्ष का प्रभाव केवल उन देशों तक सीमित नहीं है, जो सीधे युद्ध में शामिल हैं, बल्कि उन सभी अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ रहा है, जो ऊर्जा आयात पर निर्भर हैं। भारत भी उन्हीं देशों में शामिल है। एलपीजी और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी तथा आपूर्ति को लेकर बढ़ती अनिश्चितता ने भारत की आर्थिक वृद्धि, महंगाई और चालू खाता घाटे (CAD) को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है, कि क्या यह ऊर्जा संकट भारत की जीडीपी वृद्धि को धीमा कर सकता है और क्या सरकार इस स्थिति से निपटने के लिए तैयार है।

भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों के अनुसार भारत की जीडीपी वृद्धि दर वर्ष 2026 में लगभग 6.5 से 7 प्रतिशत रहने का अनुमान है, लेकिन इस आर्थिक विकास की एक बड़ी कमजोरी यह है कि भारत ऊर्जा के मामले में अभी भी आयात पर अत्यधिक निर्भर है। देश अपनी कच्चे तेल की जरूरत का लगभग 85 प्रतिशत से अधिक विदेशों से आयात करता है, इसलिए जब भी वैश्विक बाजार में तेल की कीमतों में तेजी आती है, तो उसका सीधा असर भारत की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है।

एलपीजी के मामले में भी स्थिति कुछ अलग नहीं है। भारत में एलपीजी की मांग पिछले एक दशक में तेजी से बढ़ी है। वर्तमान में देश में एलपीजी की कुल वार्षिक खपत लगभग 31 मिलियन टन तक पहुंच चुकी है। इसमें से लगभग 20 से 21 मिलियन टन एलपीजी आयात के माध्यम से आती है, जबकि घरेलू उत्पादन लगभग 12 से 13 मिलियन टन के आसपास है। इसका अर्थ है कि भारत की एलपीजी जरूरत का लगभग 65 प्रतिशत हिस्सा आयात पर निर्भर है।

एलपीजी की बढ़ती मांग का एक बड़ा कारण पिछले वर्षों में घरेलू उपभोक्ताओं की संख्या में हुई तेजी है। वर्ष 2014 में भारत में एलपीजी कनेक्शनों की संख्या लगभग 14 करोड़ थी, जो आज बढ़कर 32 करोड़ से अधिक हो चुकी है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना जैसी योजनाओं ने ग्रामीण क्षेत्रों में एलपीजी की पहुंच को बढ़ाया है, जिससे इसकी मांग में लगातार वृद्धि हुई है, लेकिन इसका दूसरा पहलू यह भी है कि भारत की ऊर्जा निर्भरता भी तेजी से बढ़ी है।

भारत के एलपीजी और तेल आयात का बड़ा हिस्सा खाड़ी देशों से आता है। पश्चिम एशिया के समुद्री मार्ग, विशेष रूप से स्ट्रेट ऑफ होर्मुज, वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत कच्चे तेल का परिवहन इसी मार्ग से होता है। भारत के लिए यह मार्ग और भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि उसके ऊर्जा आयात का बड़ा हिस्सा इसी रास्ते से होकर गुजरता है। यदि इस क्षेत्र में युद्ध या सैन्य तनाव के कारण आपूर्ति बाधित होती है, तो भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर सीधा असर पड़ सकता है।

हाल के दिनों में अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ी हैं। ब्रेंट क्रूड की कीमतें 95 से 100 डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंच गई हैं, यदि पश्चिम एशिया में संघर्ष और बढ़ता है, तो यह कीमतें और अधिक बढ़ सकती हैं। तेल की कीमतों में यह वृद्धि भारत की अर्थव्यवस्था पर कई तरह से असर डालती है। सबसे पहला प्रभाव महंगाई पर पड़ता है। जब तेल और गैस महंगे होते हैं, तो परिवहन, बिजली और उत्पादन लागत बढ़ जाती है। इससे खाद्य पदार्थों और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में भी वृद्धि होती है। महंगाई बढ़ने से उपभोक्ताओं की क्रय शक्ति घटती है और मांग कमजोर पड़ने लगती है।

दूसरा बड़ा प्रभाव जीडीपी वृद्धि दर पर पड़ता है। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि यदि कच्चे तेल की कीमतों में हर 10 डॉलर प्रति बैरल की वृद्धि होती है, तो भारत की जीडीपी वृद्धि दर लगभग 0.3 से 0.5 प्रतिशत तक कम हो सकती है। इसका कारण यह है कि ऊर्जा लागत बढ़ने से उद्योगों की उत्पादन लागत बढ़ जाती है और निवेश तथा उत्पादन दोनों प्रभावित होते हैं।

तीसरा और सबसे गंभीर प्रभाव चालू खाता घाटे (CAD) पर पड़ता है। भारत पहले से ही अपने ऊर्जा आयात के कारण भारी विदेशी मुद्रा खर्च करता है। यदि तेल की कीमतों में 10 डॉलर की वृद्धि होती है, तो भारत के आयात बिल पर लगभग 12 से 15 अरब डॉलर का अतिरिक्त बोझ पड़ सकता है। इससे विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव बढ़ सकता है और रुपये की कमजोरी भी बढ़ सकती है।

भारत की ऊर्जा मांग भविष्य में और तेजी से बढ़ने वाली है। बढ़ती जनसंख्या, शहरीकरण और औद्योगिक विकास के कारण आने वाले वर्षों में देश की ऊर्जा खपत लगातार बढ़ेगी। ऐसे में यदि भारत ऊर्जा आयात पर अत्यधिक निर्भर बना रहता है, तो हर वैश्विक भू-राजनीतिक संकट उसकी आर्थिक स्थिरता को प्रभावित करता रहेगा।

सरकार ने इस जोखिम को कम करने के लिए कुछ कदम उठाए हैं। भारत ने रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार बनाए हैं, ताकि आपातकालीन परिस्थितियों में कुछ समय तक ऊर्जा आपूर्ति को बनाए रखा जा सके। इसके अलावा सरकार ऊर्जा आयात के स्रोतों को विविध बनाने और अमेरिका, रूस तथा अन्य देशों से ऊर्जा आयात बढ़ाने की दिशा में भी काम कर रही है।

इसके साथ-साथ भारत नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में भी तेजी से निवेश कर रहा है। सरकार ने वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करने का लक्ष्य रखा है। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन जैसे विकल्प भविष्य में भारत की ऊर्जा निर्भरता को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। अंततः यह कहा जा सकता है कि अमेरिका-इज़राइल-ईरान संघर्ष केवल एक भू-राजनीतिक घटना नहीं है, बल्कि यह भारत की ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक विकास के लिए एक गंभीर चेतावनी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

> भारत की ऊर्जा मांग भविष्य में और तेजी से बढ़ने वाली है। भारत ऊर्जा आयात पर अत्यधिक निर्भर बना रहता है, तो हर वैश्विक भू-राजनीतिक संकट उसकी आर्थिक स्थिरता को प्रभावित करता रहेगा।

### आमने सामने



बीजेपी अपना मूल स्वरूप और विचारधारा छोड़ती जा रही है। जो पार्टी कभी समर्पित कार्यकर्ताओं की पार्टी कहलाती थी, उसमें अब उन्हीं लोगों को किनारे किया जा रहा है, जिन्होंने दशकों तक जमीन पर काम किया। मौजूदा हालात देखकर कई बार उनका मन राजनीति से संन्यास लेने का होता है।
–अजेंद्र अजय
बीजेपी नेता, उत्तराखंड

पार्टी के खिलाफ इस तरह की बातें सार्वजनिक मंचों पर रखना किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। जो व्यक्ति ऐसी सोच रखता हो, वह बीजेपी का कार्यकर्ता कहलाने का अधिकारी नहीं है।
–महेंद्र भट्ट
प्रदेश अध्यक्ष
भाजपा उत्तराखंड



## सुंदरता सचमुच प्राकृतिक और शाश्वत सत्य है!



सत्य प्रकाश नायक
एक्टिविस्ट

इतिहास बताता है कि अलग-अलग समय और स्थानों पर सुंदरता के पैमाने बिल्कुल अलग रहे हैं। यूरोप में एक समय पतली कमर को स्त्री-सौंदर्य का आदर्श माना गया और कॉर्सेट इतने कसकर पहने जाते थे, कि स्त्रियों को सांस लेने में कठिनाई होने लगती थी। चिकित्सा इतिहासकारों ने दर्ज किया है कि लंबे समय तक कॉर्सेट पहनने से सांस लेने में समस्या, पाचन संबंधी दिक्कतें और पसलियों के आकार तक में बदलाव देखे गए। चीन में सदियों तक छोटे पैरों को सुंदरता, शिष्टता और विवाह-योग्यता से जोड़ा गया। बच्चियों के पैरों को बचपन से ही कसकर बांधा जाता था, ताकि वे छोटे बने रहें। इतिहासकार डोरोथी को के शोध बताते हैं कि इस प्रथा ने लाखों स्त्रियों की गतिशीलता सीमित कर दी।

दुनिया के कुछ हिस्सों में सुंदरता का अर्थ भरा-पूरा शरीर रहा है। अफ्रीका के कई समुदायों में शरीर पर बने विशेष चिह्न, अलंकरण या आभूषण सुंदरता और पहचान का हिस्सा रहे हैं। भारत में भी समय और क्षेत्र के अनुसार सुंदरता के मानक बदलते रहे हैं। कहीं गोरी त्वचा को सुंदरता का प्रतीक माना गया, कहीं बड़ी आंखों और लंबे बालों को, कहीं पतले शरीर को आधुनिक आकर्षण का संकेत बनाया गया, तो कहीं भरे-पूरे शरीर को स्वास्थ्य और समृद्धि से जोड़ा गया। औपनिवेशिक दौर और उसके बाद के विज्ञापन इतिहास पर हुए अध्ययनों से यह भी सामने आता है कि गोरी त्वचा को वरीयता देने वाली प्रवृत्तियां आधुनिक बाज़ार और उपनिवेशवादी सौंदर्य-राजनीति से भी जुड़ी रहीं।

इन सभी उदाहरणों से एक बात साफ़ होती है, सुंदरता कोई स्थायी सत्य नहीं है। वह समय, समाज और संस्कृति के साथ बदलती रहती है, लेकिन इन मानकों के अनुसार खुद को ढालने का सबसे अधिक दबाव लगभग हर समाज में स्त्रियों पर ही पड़ा है। धीरे-धीरे यह दबाव इतना सामान्य बना दिया जाता है कि वह नियम जैसा लगने लगता है।

कई घरों में यह शिक्षा डांट की तरह नहीं, सलाह की तरह आती है। धूप में कम खेलो, रंग दब जाएगा। बाल ठीक रखो। ज़रा सलीके से बैठो। लड़की हो, अपने ऊपर ध्यान देना सीखो। ऐसे ही जाओगी क्या, थोड़ा तैयार हो लो। इन वाक्यों में कोई एक बड़ा अत्याचार दिखाई नहीं देता, पर इन्हीं से वह लंबी मानसिक रचना शुरू होती है, जिसमें लड़की अपने आप को व्यक्ति से पहले प्रस्तुति के रूप में देखना सीखती है।

यही वह जगह है, जहां सुंदरता पसंद नहीं रहती, वह एक सामाजिक अभ्यास में बदल जाती है। लड़की को केवल पढ़ना, काम करना, विनम्र रहना और संबंध निभाना ही नहीं सिखाया जाता, उसे अपने चेहरे, त्वचा, बाल, चाल, देह, कपड़ों और गंध तक पर चौकन्ना रहना भी सिखाया जाता है। बहुत-सी लड़कियां बहुत जल्दी सीख जाती हैं कि उन्हें कमरे में मौजूद होने भर से काम नहीं चलेगा; उन्हें 'ढंग से' मौजूद होना होगा। यह ढंग कोई निजी खोज नहीं होता; उसे परिवार, विद्यालय, बाज़ार, परदा, साथियों की राय और अब सामाजिक माध्यम मिलकर गढ़ते हैं।

देह-छवि पर हुए समकालीन अध्ययनों ने भी यही दिखाया है कि साथियों का दबाव, पारिवारिक टिप्पणी, मीडिया और विद्यालयी वातावरण मिलकर युवाओं की देह-धारणा बनाते हैं। ब्रिटेन की मेंटल हेल्थ फ़ाउंडेशन की रिपोर्ट में पाया गया कि 54 प्रतिशत लड़कियों ने कहा कि सामाजिक माध्यमों की छवियों ने उन्हें अपने शरीर को लेकर चिंतित किया। अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन द्वारा 2023 में प्रकाशित विश्लेषणों में संकेत मिला कि सामाजिक माध्यमों का उपयोग सीमित करने पर किशोरों और युवाओं में अपने रूप और वज़न को लेकर बेहतर महसूस करने की प्रवृत्ति दिखाई देती है। यहीं बाज़ार अपना सबसे चतुर काम शुरू करता है। वह स्त्री से यह नहीं कहता कि तुम गलत हो; वह उससे कहता है कि तुम और बेहतर हो सकती हो। यह भाषा सुनने में प्रेरक लगती है, पर उसका पूरा ढांचा एक स्थायी कमी पर टिका होता है।

मनोविज्ञान में इस अनुभव को समझाने के लिए कुछ महत्वपूर्ण अवधारणाएं दी गई हैं। उनमें से एक हैस्व-वस्तुकरण (Self-Objectification)। इसका अर्थ है कि व्यक्ति स्वयं को एक जीवित अनुभव की तरह नहीं, बल्कि दूसरों की नज़र से देखी जाने वाली वस्तु की तरह देखने लगता है। इसके साथ जुड़ी होती हैदेह-निगरानी (Body Surveillance) यानी लगातार यह देखना कि हम कैसे दिख रहे हैं। इससे रूप-संबंधी चिंता (Appearance Anxiety) बढ़ती है और व्यक्ति दूसरों से लगातार अपनी तुलना करने लगता है, जिसे मनोविज्ञान में सामाजिक तुलना (Social Comparison) कहा जाता है। इन प्रक्रियाओं पर अमेरिकी मनोवैज्ञानिक बारबरा फ्रेडरिकसन और टोमी-ऐन रॉबर्ट्स के प्रसिद्ध 'ऑब्जेक्टिफिकेशन सिद्धांत' में विस्तार से चर्चा की गई है।

अंत में बात बस इतनी है, लड़कियों को सुंदर बनने की नहीं, बिना सुंदर ठहराए भी पूरी तरह मनुष्य माने जाने की ज़रूरत है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

> यूरोप में कभी पतली कमर के लिए महिलाओं के कॉर्सेट इतने कसकर पहने जाते थे कि वह सांस भी मुश्किल से ले पाती थीं।

### सोशल फोरम

## पहलवी की दावत और नीलो





साकिब सलीम
ब्लॉगर

जब शाह रज़ा पहलवी की दावत ने एक पाकिस्तानी अभिनेत्री को आत्महत्या की कोशिश तक पहुंचा दिया और इससे हबीब जालिब की बग़ावती नज्म पैदा हुई, जिसका रिश्ता बाद में फ़िलिस्तीन से भी जुड़ा।

नीलो 1960 के दशक में पाकिस्तान की बेहद लोकप्रिय फ़िल्म अभिनेत्री थीं। उनका जन्म एक कैथोलिक परिवार में हुआ था। उनका नाम था, सिंथिया अलेक्ज़ेंडर फ़र्नांडिस। 1956 में उन्होंने फ़िल्मी दुनिया में आते ही अपना स्क्रीन नाम नीलो रख लिया और 1965 तक वे पाकिस्तान की सबसे मशहूर अभिनेत्रियों में गिनी जाने लगीं।

11 फ़रवरी 1965 को उन्हें उस वक़्त के पाकिस्तान के गवर्नर अयूब ख़ान के क़रीबी सहयोगी आमिर मोहम्मद ख़ान ने बुलाया। ईरान के शासक शाह रज़ा पहलवी के सम्मान में एक डिनर पार्टी रखी गई थी और नीलो से उसमें नृत्य करने को कहा गया, लेकिन नीलो के विचार समाजवादी थे। उनका मानना था कि तानाशाहों और शासकों की निजी महफ़िलों में नाचना उनके उसूलों के ख़िलाफ़ है।

उन्होंने उस दावत में प्रदर्शन करने से साफ़ इंकार कर दिया। जैसा कि उम्मीद थी, यह बात गवर्नर को बेहद नागवार गुज़री। पुलिस भेजी गई और नीलो को गिरफ़्तार कर लिया गया। उन्हें ज़बरदस्ती उस पार्टी में लाया गया, ताकि वे नृत्य करें। इस अपमान और ज़िल्लत से टूटकर नीलो ने नींद की गोलियों की भारी मात्रा खा ली। पुलिस ने जैसे ही उन्हें नाचने पर मजबूर किया, वे बेहोश होकर फ़र्श पर गिर पड़ीं। डॉक्टरों को उन्हें बचाने में कई दिन लग गए।

तानाशाहों के सामने उनके इस साहसिक विरोध के अलावा पाकिस्तान की फ़िल्म इंडस्ट्री की प्रतिक्रिया भी बेहद मज़बूत और एकजुट थी। फ़िल्मकारों ने नीलो के समर्थन में एक दिन की हड़ताल का एलान किया। मशहूर प्रगतिशील शायर हबीब जालिब, जो फ़िल्मों के लिए भी लिखते थे, उन्हें अस्पताल में देखने जा रहे थे। रास्ते में ही उन्होंने एक बेहद ताक़तवर और बग़ावती नज़्म लिखी- 'नीलो'।

–फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## निंदा प्रस्ताव से ज्यादा बड़ी भूमिका में आए यूएन

अमेरिका और रूस जैसी महाशक्तियों के सामने संयुक्त राष्ट्र संघ लाचार और मजबूर है। न तो इसके पास कोई अधिकार है न ही इसकी कोई सुनता है। पूरी शक्ति का प्रयोग यह संगठन सिर्फ छोटे देशों पर ही कर पाता है। बड़ी महाशक्तियां उसकी सुनती नहीं। अपनी आर्थिक, सामरिक ताकत के दम पर इस संगठन को अमेरिका, रूस, चीन जैसे देशों ने बंधक बना लिया है। कई ध्रुवों में बंट चुके देशों को अब एकजुट होना होगा और अपने हितों के लिए दंतविहीन इस संगठन को मजबूत करना होगा।

अब भी अगर सदस्य देश एकजुट नहीं हुए, तो फिर अमेरिका जैसे देशों की दादागिरी चलती रहेगी। आज ईरान में बेनुगाह मारे जा रहे हैं, कल किसी और देश की धरती को बारूद से पाट दिया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा संघ की फिर से बैठक बुलाई जाएगी। निंदा प्रस्ताव पास किया जाएगा, लेकिन युद्ध नहीं रुकेगा।



डॉ. विकास शुक्ला
चिकित्सक

यूक्रेन के बड़े भूभाग पर कब्जा जमाने की चाहत में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पड़ोसी देश की धरती को खंडहर में तब्दील कर दिया। बम रूस की धरती पर भी फट रहे हैं। जानें वहां भी जा रही हैं, लेकिन चार साल से संयुक्त राष्ट्र संघ बार-बार निंदा प्रस्ताव पास करने के अतिरिक्त कुछ नहीं कर सका। कई बार वहां युद्ध रोकने का प्रस्ताव भी पास हुआ, पर नतीजा ढाक के तीन पात ही रहा। फरवरी 2022 में शुरू हुए रूस-यूक्रेन युद्ध में दोनों पक्षों के 10 लाख से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। सेंटर फॉर स्ट्रेटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज की रिपोर्ट 2026 के अनुसार इस युद्ध में लगभग 325,000 रूसी सैनिक व 140,000 यूक्रेनी सैनिकों की मौत हो चुकी है।

संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना 1945 में की गई थी। इसका उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने, भविष्य में युद्धों को रोकने, राष्ट्रों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध विकसित करना था। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से मानव अधिकारों की रक्षा व सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देना था, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या यह अपने उद्देश्य को पूरा कर पा रहा है? तो जवाब आता है, नहीं।

1950 के दशक में संयुक्त राष्ट्र के महासचिव डैग हैमरस्कजोल्ड ने मजाकिया लहजे में कहा था कि संयुक्त राष्ट्र हमें स्वर्ग तक पहुंचाने के लिए नहीं, बल्कि नरक से बचाने के लिए बनाया गया था, लेकिन यह संस्था हमें युद्ध रूपी नरक से बचा नहीं पा रही है, इसलिए अब यह धारणा बनती जा रही है कि संयुक्त राष्ट्र एक संगठन के रूप में तेजी से अक्षम और अप्रभावी होता जा रहा है।

वैसे तो इस संगठन में 193 देश हैं, लेकिन कब्जा सिर्फ वीटो पॉवर वाले देशों अमेरिका, रूस, फ्रांस, चीन और ब्रिटेन का ही है। रूस ने यूक्रेन पर यह कहकर हमला किया था कि वह नाटो का सदस्य बनकर उसके लिए खतरा बन रहा है, लेकिन इस युद्ध के पीछे यूक्रेन के बड़े भूभाग पर कब्जे की योजना थी, जो साफ दिखती है। यूक्रेन-रूस युद्ध रुकवाने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावे तो बड़े- बड़े किए थे। रूस के राष्ट्रपति के साथ बैठक भी की थी, लेकिन दुनिया को शांति का संदेश देते-देते वे खुद ही युद्ध करने में जुट गए।

ईरान में सत्ता किसकी रहेगी यह तय करने का अधिकार वहां की जनता का है, लेकिन सत्ता परिवर्तन के नाम पर ट्रंप ने इजरायल के साथ मिलकर इस देश को युद्ध में झोंक दिया और इसकी आग से सऊदी अरब, बहरीन, ओमान, यूएई जैसे देश भी झुलस रहे हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# युद्ध ने बढ़ाया संकट मुसीबत में ऑटो सेक्टर

भारत में निर्मित होने वाली कारों के लिए मध्य पूर्व के देश एक बड़ा और प्रमुख बाजार है। लेकिन वहां लगी युद्ध की आग से कार निर्माता कंपनियां मुसीबत में आ गई हैं।

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच छिड़ी जंग... सुरक्षा और बढ़े हुए बीमा शुल्क के कारण टाटा, मारुति और हुंडई जैसी कंपनियों को अपनी शिपमेंट रोकनी या टालनी पड़ रही हैं। हालांकि घरेलू बाजार में कारों की मांग पर अभी कोई असर नहीं पड़ा है, बीते माह यात्री और दोपहिया वाहनों की बिक्री में दो अंकों की वृद्धि दर्ज की गई है। लेकिन पेट्रोल-डीजल की कीमतें और आर्थिक अनिश्चितता अगर बढ़ती है, तो इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि तमाम लोग नए वाहन खरीदने का फैसला टाल सकते हैं। देश का ऑटोमोबाइल सेक्टर अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच छिड़ी जंग से गंभीर दबाव में आ गया है। इसमें सबसे बड़ी चुनौती सप्लाई चेन बनाए रखना और निर्यात की राह में खड़ी बाधाएं हैं। मध्य पूर्व देशों में तनाव और समुद्री रास्तों पर खतरे के कारण भारतीय ऑटो कंपनियों ने मिडिल ईस्ट और अफ्रीका के कुछ देशों में गाड़ियों की शिपमेंट टाल दी हैं। कंपनियों को डर है कि युद्ध के कारण शिपिंग लागत बढ़ सकती है और सुरक्षा का जोखिम भी है। इसी तरह कच्चे माल की आपूर्ति बाधित होने से उत्पादन लागत बढ़ना शुरू हो गई है। इनपुट लागत बढ़ने का असर घरेलू बाजार में कारों की कीमतों और ईवी की मांग पर पड़ सकता है।

- सप्लाई चेन में व्यवधान, दबाव में निर्यात
- लॉजिस्टिक्स और शिपिंग लागत में वृद्धि
- उत्पादन लागत बढ़ने का मंडराता खतरा

## भारतीय कारों व दो पहिया वाहनों के लिए बड़ा बाजार है मध्य पूर्व

- मध्य पूर्व और नार्थ अफ्रीका के करीब 20 देशों का क्षेत्र, जिसे 'मीना' कहा जाता है, भारतीय कारों और दो पहिया वाहनों के लिए अहम बाजार है। ऐसे में वैश्विक तनाव से भारतीय ऑटो कंपनियों के सामने सबसे बड़ी चिंता इन देशों को होने वाले निर्यात तथा माल ढुलाई की लागत बढ़ने को लेकर है। हुंडई इंडिया अपने कुल उत्पादन का लगभग 21 फीसदी इन्हीं देशों को निर्यात करती है। टाटा मोटर्स का भी सबसे ज्यादा कारोबार यहां है। अशोक लेलैंड अपने निर्यात का 35 फीसदी इन देशों को भेजती है, तो बजाज ऑटो भी 15 फीसदी तक निर्यात मध्य पूर्व और नॉर्थ अफ्रीका देशों को करता है। जाहिर है, इस स्थिति में युद्ध लंबा खिंचने से जिन कंपनियों का मध्य पूर्व और नॉर्थ अफ्रीका क्षेत्र में ज्यादा निर्यात है, उनकी बिक्री पर तो सीधा असर पड़ेगा, लेकिन बाकी कंपनियों को भी माल ढुलाई दरें और कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने से कच्चे माल की लागत बढ़ने का असर झेलना पड़ेगा।



## टायर उद्योग को सता रहा महंगाई की मार का खतरा



मौजूदा संघर्ष से देश के टायर उद्योग की उत्पादन लागत बढ़ सकती है। सप्लाई चेन पर दबाव आ सकता है। वाहन टायर निर्माताओं के संगठन (एटमा) ने केंद्र सरकार को बताया है कि भारत से पश्चिम एशिया को सालाना लगभग 25-26 करोड़ डॉलर के टायरों का निर्यात होता है। होर्मुज स्ट्रेट और स्वेज नहर सहित प्रमुख समुद्री मार्गों में अस्थिरता यूरोप, अमेरिका और अफ्रीका को होने वाली खेपों को प्रभावित कर सकती है, जिससे माल भेजने में देरी और माल ढुलाई की लागत बढ़ सकती है। टायर बनाने में कच्चे माल की लागत का 60 से 70 प्रतिशत हिस्सा कच्चे तेल से जुड़ा होता है। सिंथेटिक रबर, कार्बन ब्लैक, प्रोसेसिंग ऑयल और टायर कॉर्ड फैब्रिक जैसे मुख्य इनपुट कच्चे तेल से ही आते हैं।

## टोयोटा, हुंडई और मारुति ने पिछले साल किया करोड़ों डॉलर का निर्यात

- सीमा शुल्क के आंकड़ों के अनुसार भारत से साल 2025 में 8 .8 बिलियन डॉलर मूल्य की कारों का वैश्विक निर्यात किया गया था, जिसका एक चौथाई हिस्सा सिर्फ मध्य पूर्व के देशों के लिए था। टोयोटा ने पिछले साल 47 करोड़ डॉलर का निर्यात किया, जिसमें 30 करोड़ डॉलर की कीमत की कारें सिर्फ मध्य पूर्व के देशों में भेजी गई थीं। इसी तरह हुंडई मोटर ने करीब 75 करोड़ डॉलर का निर्यात खाड़ी देशों को किया था, जबकि मारुति सुजुकी की मिडिल ईस्ट के निर्यात में हिस्सेदारी करीब 45 करोड़ डॉलर थी।

## वाहन पुर्जा उद्योग भी मौजूदा हालात को लेकर परेशान

- वाहन पुर्जा उद्योग ने चेताया है कि पश्चिम एशिया में संघर्ष और लाल सागर में जहाजों के मार्ग में बाधाओं के कारण निर्यात की लॉजिस्टिक लागत बढ़ रही है, खेप भेजने में में देरी हो रही है तथा महत्त्वपूर्ण कच्चे माल का आयात बाधित हो रहा है। इसके साथ ही उत्पादन के लिए जरूरी एलपीजी और पीएनजी की उपलब्धता को लेकर भी चिंताएं बढ़ रही हैं। ऑटोमोटिव कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष विक्रमपति सिंघानिया का कहना है कि निर्यात के उत्पादन से जुड़े प्रमुख इनपुट का निर्यात और आयात दोनों ही प्रभावित हो रहे हैं।

## ऑटो न्यूज



### 42 % स्कूटरों की बिक्री में पिछले माह दर्ज हुआ उछाल

- स्कूटरों की बिक्री में बीते माह फरवरी में 42 .3% का बड़ा उछाल आया। देश भर में 7,29,774 यूनिट स्कूटरों की खरीद हुई। इसके मुकाबले मोटरसाइकिलों की बिक्री में 30 .8% की वृद्धि दर्ज की गई और 10,96,537 यूनिट बाइक्स बेची गईं। इस तरह फरवरी में टू-व्हीलर की बिक्री में कुल मिलाकर 35 .2% की बढ़त सामने आई और 18,71,406 यूनिट लोगों ने खरीदीं। इसके मुकाबले पिछले साल इस माह में 13,84,605 यूनिट टू-व्हीलर की बिक्री हुई थी।



### 74,573 थ्री-व्हीलर की पिछले माह हुई बिक्री

- तीन पहिया यानी थ्री-व्हीलर सेगमेंट में भी मजबूत प्रदर्शन सामने आया। फरवरी में तीन पहिया वाहनों की बिक्री 29% बढ़कर 74,573 यूनिट रही, जबकि पिछले साल यह 57,788 यूनिट थी पैसेंजर व्हीकल सेगमेंट में भी फरवरी माह में अच्छी वृद्धि देखने को मिली। कुल 4,17,705 यूनिट की बिक्री हुई। यह पिछले साल के 3,77,689 यूनिट के मुकाबले 10 .6% ज्यादा रही, जबकि इसमें लग्जरी ब्रांड की बिक्री शामिल नहीं रहे।

# नई कारें : हाईटेक फीचर्स, नए स्टैंडर्ड्स

नई कार खरीदने की योजना बना रहे लोगों के लिए नई लॉन्चिग ने नए अवसर और विकल्प दिए हैं। मसलन, पुरानी यादों में खोए रहने वाले खरीदारों को आखिरकार अपनी डस्टर वापस मिल गई है। टाटा सिएरा को हाथोहाथ लिए जाने के बाद अब टाटा सिएरा ईवी धमाल मचाने की तैयारी में है, तो इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने वालों के लिए एबेला भी भरोसेमंद विकल्प बन सकती है, जबकि रफ्तार और परफॉर्मेंस के दीवाने एसक्यू8 को देखकर ललचा सकते हैं।

### रेनॉल्ट डस्टर की पुरानी यादें नए अवतार में

- रेनॉल्ट डस्टर यह एसयूवी साल 2022 में भारत में बंद कर दी गई थी, चार साल बाद अब इसे नए अवतार में फिर से लॉन्च किया गया है। यह कार उन परिवारों के लिए आदर्श है जो सुविधाओं से भरपूर कॉम्पैक्ट एसयूवी की तलाश में हैं। माना जा रहा है कि नई डस्टर एक परिपक्व डिजाइन और अपडेटेड तकनीक के साथ क्रेटा और सेल्टोस को कड़ी टक्कर देगी। ग्राहकों को इसकी डिलीवरी अगले माह शुरू होने की उम्मीद है।
- नई डस्टर में दो टर्बो पेट्रोल इंजन ऑप्शन होंगे। पहला 1 .0 लीटर टर्बो इंजन जो 100बीएचपी की पावर देगा, दूसरा 1 .3 लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन 163बीएचपी की पावर पैदा करेगा। सुरक्षा के लिए इसमें छह एयरबैग और 360 डिग्री कैमरा के साथ लेवल-2 एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम है। नए मॉडल में लेन कीप असिस्ट और एडैप्टिव क्रूज कंट्रोल भी होगा। मजबूत बाहरी डिजाइन और अंदर डुअल डिजिटल डिस्प्ले दिए गए हैं। टॉप वेरिएंट में पैनोरमिक सनरूफ और वेंटिलेटेड फ्रंट सीटें भी मिलेंगी। रेनॉल्ट डस्टर के नए अवतार की कीमत करीब 11 से 20 लाख के बीच रहेगी।



### ई-विटारा से अलग है टोयोटा की अर्बन क्रूजर एबेला

- टोयोटा की पहली इलेक्ट्रिक एसयूवी अर्बन क्रूजर एबेला भी मार्केट में आ गई है। इसकी 25 हजार रुपये के साथ दो माह पहले बुकिंग की गई थी। इसकी कीमत 17 से 23 लाख रुपये एक्स शोरूम है। यह मारुति ई विटारा का टोयोटा संस्करण है, लेकिन उससे थोड़ी अलग तथा प्रीमियम है। इसमें 49 किलोवाट घंटे और 61 किलोवाट घंटे की दो बैटरी विकल्प उपलब्ध हैं, जो 543 किलोमीटर तक की रेंज प्रदान करेंगे। इस एसयूवी में छह एयरबैग, डुअल 10 .25 इंच की डिजिटल स्क्रीन, जेबीएल साउंड सिस्टम, पैनोरमिक ग्लास रूफ और टॉप वेरिएंट में लेवल 2 एडीएएस मिलेगा। जानकारों के मुताबिक यह हुंडई क्रेटा इलेक्ट्रिक और महिंद्रा बीई 6 को टक्कर देती नजर आएगी।





### 25 अपडेट्स के साथ आई नई हुंडई वरना

हुंडई इंडिया ने अपनी पॉपुलर सेडान 'वरना' का नया मॉडल पेश किया है, इसके जरिए कंपनी की नजर मिड साइज सेडान सेगमेंट के खरीदारों पर है। कंपनी ने इस लग्जरी सेडान में डिजाइन, टेक्नोलॉजी और सेफ्टी से जुड़े 25 से ज्यादा बड़े बदलाव किए हैं। एक्सटीरियर में भी कई कॉस्मेटिक और स्टाइलिश बदलाव हुए हैं। इसमें ब्लैक क्रोम रेडिएटर ग्रिल, डुअल एलईडी प्रोजेक्टर हेडलैंप्स और नए डिजाइन के फ्रंट और रियर बंपर दिए गए हैं। कार को स्पोर्टी लुक देने के लिए 16-इंच के डायमंड-कट अलॉय व्हील्स लगाए गए हैं। 5 स्टार सेफ्टी रेटिंग के कारण इस कार का मुकाबला होंडा सिटी, स्कोडा स्लाविया और फॉक्सवैगन वर्टस से माना जा रहा है। इस कार को 25 हजार रुपये की राशि देकर बुक किया जा सकता है। इसकी शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 11 लाख रुपये है।



### अब धमाल मचाने आ रही टाटा सिएरा ईवी

- टाटा सिएरा पिछले दिनों लॉन्च हुई चर्चित गाड़ियों में शुमार रही थी। इस कार को ग्राहकों ने कितना पसंद किया, इसका अंदाजा इसकी बुकिंग से लगाया जा सकता है, जिसने वेटिंग पीरियड लंबा कर दिया। अब टाटा सिएरा ईवी की लॉन्चिग आकर्षण के केंद्र में है। कंपनी इस इलेक्ट्रिक वेरिएंट को भी हाथोहाथ लिए जाने की उम्मीद लगाए है। टाटा सिएरा ईवी को अगले दो माह के भीतर लॉन्च किया जाएगा। यह कार रोज यात्रा करने वालों के लिए उन लोगों के लिए भरोसेमंद होगी, जिनके पास घर में चार्जिंग की सुविधा है और जो अपना मासिक ईंधन खर्च काफी कम करना चाहते हैं। सिएरा ईवी रेट्रो-प्रेरित डिजाइन को आधुनिक ईवी आर्किटेक्चर के साथ जोड़ती है। इसके इंटीरियर में टिकाऊ सामग्री और सिएरा श्रृंखला की खासियत वाला विशाल केबिन लेआउट होगा। एक बार चार्ज करने पर इसकी रेंज लगभग 500 किलोमीटर होने की उम्मीद है। डीसी फास्ट चार्जर से एक घंटे से कम समय में इसे 60 फीसदी तक चार्ज किया जा सकेगा। कंपनी का दावा है कि सिएरा ईवी ईंधन की लागत को खत्म कर देती है। कम रखरखाव और संचालन लागत इसे समान मूल्य वर्ग में पेट्रोल से चलने वाली कारों के मुकाबले बेहतर दावेदार बनाती हैं। इस कार की अनुमानित कीमत 18 से 24 लाख के बीच होने की उम्मीद है।



### ऑडी एसक्यू 8 में पावर और भव्यता का संतुलन

- जिन लोगों को लगता रहा है कि ऑडी स्टैंडर्ड क्यू 8 में ताकत की थोड़ी कमी है, तो एसक्यू 8 उम्मीदों पर खरी उतरने वाली है। एसक्यू 8 में इंजन तो 4 .0-लीटर ट्विन-टर्बो वी8 ही लगा है, लेकिन कम ट्यूनिंग के साथ, जो 507एचपी और 770 एएम का पावर जनरेट करता है। ऑडी का दावा है कि यह कार 100 किमी प्रति घंटा की रफ्तार 4 .1 सेकंड में पकड़ लेती है। इस एसयूवी में मैट्रिक्स एलईडी हेडलाइट्स, स्पोर्टी डिजाइन एलिमेंट्स और प्रीमियम केबिन जैसी सुविधाएं हैं और इसे कस्टमाइज्ड यूनिट के रूप में लाया गया है। यह स्टैंडर्ड क्यू8 और टॉप-रेंज आरएस क्यू8 के बीच सटीक रूप से फिट बैठती है, जिससे खरीदारों को एक आकर्षक मध्य विकल्प मिलता है। इसकी अनुमानित कीमत 1.50 से 1.90 करोड़ एक्स-शोरूम रहने वाली है।

**महाराष्ट्र: अदाणी पावर को 1,600 मेगावाट बिजली आपूर्ति का ठेका**

**नई दिल्ली।** अदाणी पावर ने रविवार को बताया कि उसे महाराष्ट्र राज्य बिजली वितरण कंपनी लिमिटेड (एमएसईडीसीएल) से 1,600 मेगावाट बिजली की आपूर्ति के लिए 'लेटर ऑफ अवार्ड' (एलओए) मिला है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि प्रस्तावित 25 वर्षीय बिजली आपूर्ति समझौते (पीएसए) के तहत आपूर्ति वित्त वर्ष 2030-31 से शुरू होगी।

अमृत विचार
बरेली, सोमवार, 16 मार्च 2026
www.amritvichar.com



## न्यूज ब्रीफ

### एल्युमिनियम ढलाई बंद होने का हिंडाल्को ने खंडन किया

**नई दिल्ली।** दिग्गज धातु विनिर्माता कंपनी हिंडाल्को इंडस्ट्रीज ने रविवार को एल्युमिनियम ढलाई व्यवसाय बंद होने की खबरों का खंडन करते हुए कहा कि कंपनी के इस व्यवसाय की बिक्री या संचालन को नहीं रोका गया है। कंपनी ने कहा कि हाल ही में ग्राहकों को भेजी गई सूचना केवल संभावित आपूर्ति व्यवधान के संबंध में सामान्य व्यावसायिक जानकारी थी। वैश्विक व्यापार और अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने वाले बदलते भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के बीच, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज ने स्पष्ट किया कि वर्तमान में कंपनी के समग्र परिचालन या वित्तीय प्रदर्शन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।

### पंजाब : मान का उद्योग जगत से पूर्ण सरकारी सहयोग का वादा

**मोहाली।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने रविवार को उद्योगपतियों को पूर्ण सरकारी सहयोग और प्रोत्साहन का आश्वासन देते हुए कहा कि उनकी सरकार राज्य को एक प्रमुख औद्योगिक और निर्यात केंद्र बनाने के लक्ष्य पर काम कर रही है। तीन दिवसीय प्रगतिशील पंजाब निवेशक सम्मेलन के समापन अवसर पर मान ने कहा कि इस आयोजन में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों की भागीदारी ने औद्योगिक विकास के लिए सही माहौल तैयार किया है और यह राज्य की आर्थिक प्रगति को तेज करेगा। उन्होंने यह भी बताया कि सम्मेलन के दौरान आए निवेश प्रस्तावों और तय परियोजनाओं की प्रगति का छह माह बाद फिर मूल्यांकन किया जाएगा।

# पेट्रोल-डीजल मूल्य स्थिर रखने का बोझ अब रिफाइनरी भी भुगतेंगी

## विपणन कंपनियां कर रही हैं रिफाइनरी हस्तांतरण शुल्क पर रोक लगाने की तैयारी

नई दिल्ली, एजेंसी

सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियां (ओएमसी) ईंधन की खुदरा कीमतों में वृद्धि नहीं करने की वजह से खुद को हो रहे घाटे को कम करने के लिए रिफाइनरियों को पेट्रोल और डीजल की आयातित दरों से कम कीमत देने की तैयारी कर रही हैं। माना जा रहा है कि इस कदम से एमआरपीएल, सीपीसीएल और एचएमएल जैसी एकल रिफाइनरी कंपनियों पर बुरा असर पड़ सकता है।

पश्चिम एशिया संकट से पहले अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें लगभग 70 डॉलर प्रति बैरल थीं जो अब बढ़कर 100 डॉलर के पार पहुंच गई हैं। हालांकि, भारत में पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतें स्थिर बनी हुई हैं, जिस वजह से पेट्रोलियम विपणन कंपनियों को इस बढ़ोतरी का बोझ खुद उठाना पड़ रहा है। सूत्रों का कहना है कि ओएमसी अब रिफाइनरी हस्तांतरण शुल्क (आरटीपी) पर रोक लगाने या उस पर छूट तय करने के विकल्प पर विचार कर रही हैं। आरटीपी वह आंतरिक कीमत होती है, जिस पर रिफाइनरियां अपने विपणन खंड को ईंधन बेचती हैं। इस कदम का मकसद रिफाइनरियों को पेट्रोल और डीजल की आयात-समता लागत से कम भुगतान करना है।

यदि वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतें ऊंची बनी रहती हैं, तो इस प्रस्तावित कदम से रिफाइनरियां कच्चे तेल की बढ़ी हुई लागत का पूरा बोझ आरटीपी के जरिये आगे नहीं बढ़ा पाएंगी और उन्हें इस प्रभाव का एक हिस्सा खुद वहन करना होगा। सूत्रों के अनुसार, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन जैसी एकीकृत कंपनियां अपने रिफाइनिंग और विपणन परिचालन के बीच इस घाटे की भरपाई कर सकती हैं।



### इन रिफाइनरी पर असर

मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड, चेन्नई पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड और एचपीसीएल-मित्तल एनर्जी लिमिटेड जैसी एकल रिफाइनरियों का खुदरा बाजार में न के बराबर दखल है, वे अपना अधिकांश उत्पादन ओएमसी को बेचती हैं। ऐसे में उनके मार्जिन पर सबसे ज्यादा असर पड़ेगा। नायरा एनर्जी और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी रिफाइनरी भी प्रभावित होंगी। ये दोनों अपने उत्पादन का एक बड़ा हिस्सा ओएमसी को बेचती हैं।

### युद्ध के बीच उचित कीमत पर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करेगा कोल इंडिया

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड ने कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच देश में बिजली की आपूर्ति को उचित कीमत पर सुनिश्चित करना उसकी प्राथमिकता रहेगी। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह संकट वैश्विक पोत परिवहन मार्गों और आयातित कोयले की कीमतों को प्रभावित कर रहा है। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) देश में कुल घरेलू कोयला उत्पादन का 80 प्रतिशत और कोयले पर आधारित कुल बिजली उत्पादन का 75 प्रतिशत योगदान देती है। सीआईएल देश के कुल बिजली उत्पादन में 55 प्रतिशत का योगदान देती है और देश की मुख्य वाणिज्यिक ऊर्जा आवश्यकताओं का 40 प्रतिशत पूरा करती है। कंपनी के अधिकारी ने कहा कि गर्मियों में बिजली की मांग में अनुमानित वृद्धि को पूरा करने के लिए देश में पर्याप्त कोयले का भंडार है।

### अदाणी-टोटल गैस ने कुछ औद्योगिक ग्राहकों के लिए गैस की कीमत घटाई

कुछ औद्योगिक ग्राहकों के लिए अदाणी टोटल गैस लिमिटेड ने अतिरिक्त प्राकृतिक गैस के दाम प्रति मानक घन मीटर 119.90 से घटाकर 82.95 रुपये कर दिए हैं। कहा है कि यह संशोधन उपभोक्ताओं तक कम कीमत का लाभ पहुंचाने के लिए किया गया है।

# आईआईए ने केंद्र से एमएसएमई इकाइयों में गैस संकट के समाधान की उम्मीद जताई

- एमएसएमई इकाइयों में प्रभावित हो रही हैं विनिर्माण गतिविधियां

## आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा- वास्तविक कमी से ज्यादा ये रसद-आपूर्ति श्रृंखला का मामला

**बरेली, अमृत विचार:** एलपीजी और औद्योगिक गैस की आपूर्ति में रुकावट के कारण कई एमएसएमई इकाइयों ने विनिर्माण गतिविधियों के प्रभावित होने की बात कही है, जिस पर इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) ने भी चिंता जताई है। आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल ने कहा है कि वर्तमान स्थिति गैस की वास्तविक कमी से कहीं अधिक रसद और आपूर्ति श्रृंखला से संबंधित है। उन्होंने इसके समाधान के लिए केंद्र सरकार और संबंधित आपूर्ति एजेंसियों के हस्तक्षेप और समन्वय की उम्मीद जताई है।

आईआईए अध्यक्ष ने कहा है कि संस्था को इस समस्या के कारण बंद हुई औद्योगिक इकाइयों की संख्या के संबंध में पुष्ट आंकड़े प्राप्त नहीं हुए हैं। हालांकि, उसने देश भर में अपने सदस्यों से गैस संकट के कारण हो रही परिचालन संबंधी कठिनाई, उत्पादन में व्यवधान या बंद होने की सूचनाएं मांगी हैं ताकि जरूरत पड़ने पर उन्हें उचित मंच पर रखा जा सके। दिनेश गोयल ने कहा, गैस की कमी से भट्टियों, हीटिंग सिस्टम और प्रसंस्करण इकाइयों में गैस का उपयोग करने वाले उद्योग भी काफी प्रभावित होते हैं। इंडक्शन-आधारित भट्टियां और हीटिंग सिस्टम जैसे इलेक्ट्रिक विकल्प कुछ औद्योगिक प्रक्रियाओं में आंशिक समाधान ही प्रदान कर सकते हैं। उनकी व्यवहारिकता तकनीकी उपयुक्तता और बिजली लागत पर भी निर्भर करेगी। उन्होंने कहा, संस्था स्थिति पर लगातार नजर रख रही है और हितधारकों के साथ संपर्क में है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि एमएसएमई के संचालन में गंभीर रूप से बाधा न आए।



### ये उद्योग सबसे ज्यादा संकट में

पैकेजिंग सामग्री निर्माण, प्लास्टिक घटक और एक्सट्रूजन इकाइयां, ऑटो पार्ट्स निर्माण इकाइयां, मशीनरी निर्माण और फेब्रिकेशन इकाइयां, रखरखाव और इंजीनियरिंग कार्यशालाएं, बिस्कुट और बन बनाने वाली बेकरी यूनिट और कांच और चूड़ी ढलाई इकाइयां, विशेष रूप से फिरोजाबाद में।

### भविष्य में गैस पर निर्भरता कम करने की भी कोशिश

आईआईए गैस आधारित प्रक्रियाओं पर निर्भरता कम करने के लिए दीर्घकालिक समाधानों पर भी काम कर रहा है। बताया गया कि इस दिशा में उसने आईआईटी रुड़की, आईआईटी वाराणसी और आईआईटी धनबाद सहित प्रमुख तकनीकी संस्थानों के साथ परामर्श शुरू किया है। ताकि औद्योगिक गैस खपत कम करने की तकनीक, लघु एवं मध्यम उद्यमों की विनिर्माण प्रक्रियाओं के लिए वैकल्पिक ऊर्जा विकल्प और टिकाऊ उत्पादन प्रणालियों जैसी संभावनाओं का पता लगाया जा सके।

# आयकर विभाग की मुकदमा प्रणाली में बदलाव किया जाए

- संसदीय समिति ने की विशेषज्ञ मुकदमा समिति बनाने की संस्तुति

नई दिल्ली, एजेंसी

संसद की एक समिति ने आयकर विभाग से उच्च न्यायालयों या उच्चतम न्यायालय में अपील दायर करने से पहले कर विवाद के मामलों की जांच के लिए एक विशेषज्ञ मुकदमा समिति गठित करने को कहा है। समिति ने मुकदमेबाजी के प्रति विभाग के दृष्टिकोण में व्यापक बदलाव का आह्वान भी किया है।

वित्त मामलों की स्थायी समिति ने 2024-25 में उच्च न्यायालय के स्तर पर आयकर विभाग की सफलता दर महज 12.07 प्रतिशत और आईटीएटी स्तर पर 14.50 प्रतिशत रहने पर चिंता जताई है। भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब की अध्यक्षता वाली समिति ने संसद में पेश अपनी रिपोर्ट में कहा कि बार-बार आने वाले प्रतिकूल परिणाम प्रणालीगत कमजोरियों की ओर इशारा करते हैं। समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा, इसलिए केवल यांत्रिक तरीके से अपील दायर करने के मुद्दे को हल करने की आवश्यकता है। अक्सर व्यक्तिगत जिम्मेदारी या सतर्कता जांच से बचने के लिए ऐसा किया जाता है। आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 तक आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी) के समक्ष 3.64 लाख करोड़ रुपये से अधिक की विवादित राशि वाले 23,230 मामले लंबित हैं। इसी तरह, उच्च न्यायालय में 5.65 लाख करोड़ रुपये के 41,321 मामले और उच्चतम न्यायालय में 25,403 करोड़ रुपये की मांग वाले 6,880 मामले लंबित हैं।

## स्थाई लाइसेंस देने का एफएसएसएआई का निर्णय परिवर्तनकारी

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ (कैट) ने भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं संरक्षा प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा खाने-पीने की चीजों को व्यवसायियों को स्थायी लाइसेंस देने के निर्णय को परिवर्तनकारी बताया है।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री लोकसभा सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने रविवार को कहा कि इससे व्यवसायियों को बार-बार लाइसेंस नवीनीकरण नहीं कराना होगा और अनुपालना का बोझ कम होगा। उन्होंने कहा कि ये बड़े सुधार सरकार के उस विजन के अनुरूप हैं जिसके तहत नियामकीय प्रक्रियाओं को सरल बनाकर व्यापारियों, छोटे उद्यमियों और स्ट्रीट वेंडर्स के लिए पारदर्शी और व्यापार-अनुकूल वातावरण बनाया जा रहा है।

# यात्रा नीति के दुरुपयोग में फंसे एयर इंडिया के 4,000 कर्मचारी

- अब भारी जुर्माने के साथ वसूली जा रही है हड़पी गई धनराशि

नई दिल्ली/मुंबई, एजेंसी

एयर इंडिया ने अपने कर्मचारियों के लिए निर्धारित अवकाश यात्रा नीति (ईएलटी) के उपयोग में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां पाई हैं। इस मामले में 4,000 से अधिक कर्मचारियों को चिह्नित किया गया है जिसके बाद एयरलाइन ने दोषी कर्मचारियों पर जुर्माना लगाने के साथ सुधारात्मक कार्रवाई भी शुरू कर दी है।

टाटा समूह ने जनवरी, 2022 में घाटे में चल रही एयर इंडिया का अधिग्रहण किया था। इस समय एयरलाइन एक महत्वाकांक्षी परिवर्तन योजना को लागू कर रही है। एयर इंडिया में कुल 24,000 से अधिक कर्मचारी हैं। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया कि एयर इंडिया की ईएलटी नीति के उपयोग में बड़ी गड़बड़ियों का पता एक विस्तृत आंतरिक जांच के बाद चला। सूत्र ने बताया कि 4,000 से अधिक कर्मचारियों को ईएलटी नीति का दुरुपयोग करते पाया गया है। उल्लंघन के ये मामले पिछले वित्त वर्ष से जुड़े हुए हैं। हालांकि, इस दुरुपयोग के कारण हुए कुल वित्तीय नुकसान और सटीक समय अवधि का पता नहीं चल सका है। एयर इंडिया ने संबंधित कर्मचारियों से धोखाधड़ी के जरिए ली गई राशि वापस करने को कहा है। इसके साथ कई दोषी कर्मचारियों पर भारी जुर्माना भी लगाया गया है।

### मुफ्त टिकट लेकर ऊंचे दाम पर दूसरों को बेचे

ईएलटी नीति के तहत कर्मचारियों और उनके परिजनों को मुफ्त हवाई टिकट दिए जाते हैं। यह सुविधा कुछ शर्तों के अधीन होती है। कई कर्मचारियों ने उन लोगों को अपना रिश्तेदार बताकर इस नीति का दुरुपयोग किया, जिनसे उनका कोई संबंध नहीं था। कुछ मामलों में तो कर्मचारियों ने मुफ्त टिकट लेकर उन्हें ऊंचे दामों पर बाहरी लोगों को बेच दिया।

## विदेशी मुद्रा भंडार में 11.68 अरब डॉलर की बड़ी गिरावट

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा भंडार में 6 मार्च को समाप्त सप्ताह 11.683 अरब डॉलर की गिरावट रही और सप्ताहांत पर यह 716.81 अरब डॉलर रहा।

रिजर्व बैंक की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 9.88 अरब डॉलर बढ़कर 563.245 अरब रुपये रह गई। इसमें अमेरिकी डॉलर के अलावा जापानी येन, ब्रितानी पाउंड और यूरो शामिल हैं जिनके मूल्य का निर्धारण डॉलर के मुकाबले उनके संदर्भ दर से होता है। स्वर्ण भंडार में 1.612 अरब डॉलर की गिरावट दर्ज की गई और यह 6 मार्च को 130.017 अरब डॉलर रहा। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 4.5 करोड़ डॉलर और विशेष आहरण अधिकार 14.6 करोड़ डॉलर घटकर क्रमशः 4.828 अरब डॉलर और 18.72 अरब डॉलर पर रहे।

## उपभोक्ता आयोग का आदेश असफल एटीएम लेनदेन पर मुआवजा देगा बैंक

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नागपुर स्थित उपभोक्ता आयोग ने सेवा में कमी के मामले में एक्सिस बैंक को फटकार लगाते हुए उसे एक ग्राहक को राशि वापस करने और 10,000 रुपये मुआवजा देने का निर्देश दिया है। ग्राहक को आठ वर्ष पहले एक असफल एटीएम लेनदेन में 5,000 रुपये का नुकसान हुआ था।

जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने एटीएम में ग्राहक के बैंक खाते से राशि डेबिट होने के बाद नकदी नहीं मिलने को गंभीर मामला बताया। कहा कि ऐसे लेनदेन की जांच करना और ग्राहक को तत्काल राहत देना बैंक की जिम्मेदारी है। आयोग ने पाया कि बैंक ने शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया, न लोकपाल के माध्यम से निष्पक्ष सुनवाई प्रदान की। यह असफल लेनदेन 19 अगस्त, 2018 का है। मामले की सुनवाई आयोग के अध्यक्ष सतीश सप्रे और सदस्य मिलिंद केदार ने एकपक्षीय रूप से की, क्योंकि कानूनी नोटिस दिए जाने के बावजूद एक्सिस बैंक आयोग के समक्ष उपस्थित नहीं हुआ।



मेरठ में रविवार को एक गैस एजेंसी के बाहर सिलेंडर रिफिल कराने के लिए लगी लोगों को लंबी कतार।

## देश में एलपीजी बुकिंग घटकर 77 लाख

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच देश में घरेलू एलपीजी रिफिल बुकिंग में गिरावट आई है और यह अब लगभग 77 लाख पर पहुंच गई है। सरकार की ओर से यह दावा करते हुए बताया गया है कि बुकिंग की स्थिति 13 मार्च को यह 88.8 लाख थी।

सरकार ने कहा है कि पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की आपूर्ति पूरी तरह से सुरक्षित है और किसी तरह की कमी नहीं है। सरकार ने पश्चिम एशिया की स्थिति के प्रभाव पर जारी दैनिक अपडेट में बताया कि ऑनलाइन एलपीजी बुकिंग का हिस्सा बढ़कर लगभग 87 प्रतिशत हो गया है, जो पहले 84 प्रतिशत था। इसका श्रेय तेल विपणन कंपनियों द्वारा डिजिटल बुकिंग को बढ़ावा देने और लोगों को एलपीजी डीलरशिप पर लंबी कतारों में खड़ा होकर ज़रूरत से ज्यादा खरीदारी करने से रोकने वाले अभियान को दिया गया है। सरकार ने बताया कि देश की सभी घरेलू रिफाइनरी पूरी क्षमता पर काम कर रही हैं और पर्याप्त कच्चे तेल का भंडारण बनाए हुए हैं। सरकार ने कहा कि देश पेट्रोल और डीजल के उत्पादन में आत्मनिर्भर है और घरेलू मांग पूरी करने के लिए इन ईंधनों का कोई आयात आवश्यक नहीं है।

**सरकार ने किया दावा डीजल-पेट्रोल एलपीजी की कोई कमी नहीं**

## 1 अप्रैल से निवेश के नए नियम

# कुछ आसानी, कुछ मुश्किल

नया वित्तीय वर्ष 2026-27 शुरू होने के साथ एक अप्रैल से भारत में निवेश और कराधान से संबंधित कई महत्वपूर्ण नियम लागू हो रहे हैं जो मुख्य रूप से आयकर अधिनियम 2025 और हालिया बजट घोषणाओं पर आधारित हैं। नए नियम आम आदमी की बचत, निवेश और खर्च करने के तरीके पर गहरा प्रभाव डालेंगे। हालांकि, दावा किया गया है कि इन बदलावों से मध्यम वर्ग और नौकरीपेशा लोगों पर सकारात्मक असर पड़ेगा और उनके हाथ में अधिक बचत आएगी।




### म्यूचुअल फंड निवेश

- इक्विटी म्यूचुअल फंड और लिस्टेड शेयरों पर 1.25 लाख से अधिक के लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स पर 12.5% की दर से टैक्स लगेगा।
- बजट 2026 के प्रस्ताव के अनुसार, म्यूचुअल फंड या डिविडेंड से होने वाली कमाई पर अब ब्याज खर्च की कोई कटौती नहीं मिलेगी।
- इंडेक्स फंड और ईटीएफ के लिए अधिकतम व्यय सीमा 1.00% से घटाकर 0.90% कर दी गई है, इससे लागत का बोझ कम होगा।

### ईपीएफ और पीपीएफ

- अब सदस्य अपने ईपीएफ बैलेंस का 100% तक विशिष्ट जरूरतों के लिए निकाल सकते हैं, लेकिन खाते में कम से कम 25% बैलेंस रखना अनिवार्य।
- पेंशन (ईपीएस) निकासी के लिए प्रतीक्षा अवधि को दो महीने से बढ़ाकर 36 महीने कर दिया गया है ताकि लंबी अवधि की बचत को बढ़ावा मिले।
- इसी के साथ सार्वजनिक भविष्य निधि यानी पीपीएफ की वार्षिक निवेश सीमा को 1.5 लाख रुपये से बढ़ाकर दो लाख रुपये कर दिया गया है।

कंपनियों की ओर से शेयर बायबैक से मिलने वाले पैसे पर डिविडेंड के बजाय अब कैपिटल गेन्स के रूप में टैक्स लगेगा।

### बीमा और यूलिप पर टैक्स

- ऐसी यूलिप जिनका वार्षिक प्रीमियम 2.5 लाख रुपये से अधिक है, उनसे होने वाले लाभ को अब पूंजीगत लाभ माना जाएगा।
- नए वर्ष से लागू होने जा रहे नियम के तहत एक साल से अधिक समय तक रखने पर इस पर 12.5% एलटीसीजी टैक्स लगेगा।

### बैंकिंग और डिजिटल लेनदेन

- यदि आपकी यूपीआई आईडी लंबे समय से निष्क्रिय है, तो उसे 1 अप्रैल से बंद कर दिया जाएगा।
- बैंक धोखाधड़ी रोकने को 50,000 से अधिक के चेक के लिए 'पॉजिटिव पे सिस्टम' लागू करेंगे।

म्यूचुअल फंड और शेयरों से डिविडेंड प्राप्ति के लिए पैन आधार लिंकिंग, केवाईसी अनिवार्य कर दी जाएगी।

### आम लोगों को ये प्रमुख फायदे

- अब 12 लाख तक की आय पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। इससे मध्यम वर्ग के पास खर्च और निवेश के लिए अधिक पैसा बचेगा।
- व्यक्तिगत जीवन और स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर जीएसटी को 0% कर दिया गया है। पॉलिसी रिन्यू 18% सस्ता हो जाएगा।

### ये नुकसान भी संभावित

- लिस्टेड शेयरों और इक्विटी म्यूचुअल फंड पर लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स टैक्स 10% से बढ़ाकर 12.5% कर दिया गया है।
- फ्यूचर्स एंड ऑप्शन्स में ट्रेडिंग करने वालों के लिए सिक्योरिटी ट्रांजेक्शन टैक्स बढ़ा दिया गया है, ये लोगों को महंगा पड़ेगा।
- नई टैक्स व्यवस्था में धारा 80सी जैसी महत्वपूर्ण कटौतियां नहीं मिलतीं। निवेश के जरिए टैक्स बचाने की व्यवस्था खत्म।

## प्रवासी भारतीयों ने डीएलएफ की 5,250 करोड़ की संपत्तियां खरीदीं

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट क्षेत्र की दिग्गज कंपनी डीएलएफ ने चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-दिसंबर अवधि में प्रवासी भारतीयों को 5,250 करोड़ रुपये की संपत्तियां बेची हैं।

यह कंपनी की कुल बिक्री बुकिंग का लगभग एक-तिहाई हिस्सा है। निवेशक प्रस्तुति के अनुसार, डीएलएफ लिमिटेड की वित्त वर्ष 2025-26 के पहले नौ महीनों में कुल बिक्री बुकिंग 16,176 करोड़ रुपये रही। इनमें से विभिन्न परियोजनाओं के तहत प्रवासी भारतीयों को 5,247 करोड़ रुपये की संपत्तियां बेची गईं। इस तरह कुल बिक्री में प्रवासी भारतीयों की हिस्सेदारी बढ़कर 32.5 प्रतिशत हो गई है।

## शीर्ष 10 कंपनियों का पूंजीकरण 4,48,478 करोड़ रुपये घटा

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही बड़ी गिरावट से बीएसई की शीर्ष 10 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 4,48,478 करोड़ रुपये कम हो गया है।

सबसे अधिक 89,306 करोड़ रुपये का साप्ताहिक नुकसान सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक को हुआ। निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक के एमकैप में 61,715 करोड़ रुपये और बजाज फाइनेंस में 59,082 करोड़ रुपये की गिरावट रही। आईटी क्षेत्र की कंपनी टीसीएस को 53,314 करोड़ रुपये और निजी क्षेत्र के आईसीआईसीआई बैंक को 42,205 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 38,689 करोड़ रुपये और विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज का 33,290 करोड़ रुपये घट गया है।

सार्वजनिक बीमा कंपनी एलआईसी का एमकैप 31,245 करोड़ रुपये और सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी इंफोसिस का 24,230.96 करोड़ रुपये कम हुआ। एफएमसीजी कंपनी हिंदुस्तान यूनीलिवर के एमकैप में 15,402 करोड़ रुपये की गिरावट रही। बाजार पूंजीकरण के मामले में 18,68,293 करोड़ रुपये के साथ रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर रही। एचडीएफसी बैंक 12,57,392 करोड़ के साथ दूसरे और एयरटेल 10,28,432 करोड़ रुपये के साथ तीसरे स्थान पर रही।

**विश्लेषकों की राय** — कच्चे तेल की कीमतों के साथ अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर के फैसले का भी पड़ेगा प्रभाव

# ईरान में युद्ध के हालात से तय होगी शेयर बाजार की चाल

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव इस सप्ताह शेयर बाजार की दिशा तय करने वाले प्रमुख कारक होंगे। विश्लेषकों के मुताबिक इसके अलावा अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर के फैसले और मुद्रास्फीति के आंकड़े भी बाजार को प्रभावित करेंगे।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के शोध उपाध्यक्ष अजित मिश्रा ने कहा कि यह सप्ताह घरेलू और वैश्विक स्तर पर कई महत्वपूर्ण घटनाक्रमों और आंकड़ों से भरा है। इसी कारण भूराजनीतिक घटनाक्रमों पर विशेष नजर रहेगी, क्योंकि कच्चे तेल की कीमतों पर उनका प्रभाव बाजार की समग्र दिशा को प्रभावित कर सकता है। घरेलू मोर्चे पर, बाजार थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति, व्यापार संतुलन के आंकड़े और विदेशी मुद्रा भंडार जैसे प्रमुख व्यापक आर्थिक संकेतकों पर नजर रखेंगे। लाइवलॉन्ग वेल्थ के संस्थापक और शोध विश्लेषक हरिप्रसाद के. ने बताया कि वैश्विक जोखिम धारणा बिगड़ने, पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लगातार बिकवाली के कारण भारतीय बाजार पिछले सप्ताह भारी दबाव में रहे। एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा है कि इस संघर्ष के कारण पोत परिवहन में होने वाली किसी भी देरी से भारत जैसे उभरते बाजारों में वैश्विक पूंजी आवंटन पर असर पड़ सकता है।



### उथल-पुथल से भरा रहा पिछला सप्ताह

- पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 4,354.98 अंक या 5.51 प्रतिशत टूट गया, जबकि एनएसई निफ्टी में 1,299.35 अंक या 5.31 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। पिछले महीने 27 फरवरी से अब तक सेंसेक्स 6,723.27 अंक या 8.27 प्रतिशत नीचे आ चुका है।
- पश्चिम एशिया में तनाव, रुपये की कमजोरी और भारतीय वृद्धि दर पर कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के प्रभाव को देखते हुए विदेशी निवेशकों ने मार्च के पहले पखवाड़े में घरेलू शेयरों से 52,704 करोड़ रुपये निकाले हैं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### वियतनाम में नेशनल एसेंबली को मतदान

**हनोई।** वियतनाम में मतदाताओं ने रविवार को नई नेशनल एसेंबली के चुनाव के लिए मतदान किया। सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा नेता तो लाम को देश के सर्वोच्च राजनीतिक पद पर पुनः निर्वाचित किए जाने के दो महीने बाद यह मतदान हुआ। देश भर में लगभग 7.90 करोड़ मतदाता नेशनल एसेंबली के लिए 864 उम्मीदवारों में से 500 प्रतिनिधियों को चुनने के पात्र हैं। सभी उम्मीदवारों को कम्युनिस्ट पार्टी ने पहले ही मंजूरी दे दी है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि एसेंबली पार्टी की राजनीतिक दिशा के अनुरूप बनी रहे। कम्युनिस्ट पार्टी राजनीतिक गतिविधियों को यह दलील देते हुए सख्ती से नियंत्रित करती है कि केंद्रीकृत नेतृत्व देश को बिना किसी बाधा के दीर्घकालिक विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में सक्षम बनाता है।

### इजराइली सैनिकों की गोलीबारी में चार मरे

**रामल्ला।** बेस्ट बैंक के उत्तरी पश्चिमी तट में इजराइली सैनिकों ने एक कार पर गोलीबारी की, जिससे उसमें सवार दो बच्चों सहित चार लोगों की मौत हो गई। फलस्तीनी आधिकारिक समाचार एजेंसी ने बताया कि ईद के लिए नए कपड़े खरीदने निकले परिवार पर शनिवार देर रात गोली चलाई गई। इजराइल ने कहा कि वह गोलीबारी की जांच कर रहा है। फलस्तीनी रेड क्रिसेंट राहत सेवा ने कहा कि अली और वाएद ओदेह और उनके चार बच्चों में से दो को सिर में गोली लगी थी। समूह ने कहा कि ओदेह परिवार के दो जीवित बच्चों को छर्रे के घाव लगे थे, जिनका उपचार बचाव दल ने घटनास्थल तक पहुंचने की अनुमति मिलने के बाद की। समूह ने आरोप लगाया कि इजराइल ने घटनास्थल पर एम्बुलेंस देरी से भेजी।

### किम ने देखा रॉकेट प्रणालियों का परीक्षण

**सियोल।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने अपनी बेटी के साथ बहु रॉकेट प्रक्षेपण प्रणालियों के परीक्षण का निरीक्षण किया। इसे अमेरिका और दक्षिण कोरिया के जारी सैन्य प्रशिक्षण के संभावित जवाब के रूप में देखा जा रहा है। उत्तर कोरिया ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यासों का जवाब देने की हाल में धमकी दी थी। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच 'फ्रीडम शील्ड' सैन्य अभ्यास जारी है। दोनों देश के संयुक्त सैन्य अभ्यासों को उत्तर कोरिया अपने ऊपर आक्रमण की तैयारी बताता रहा है। सरकारी न्यूज एजेंसी ने बताया कि किम ने शनिवार को पूर्वी तट के पास 12 अति-सटीक 600 मिमी कैलिबर के रॉकेट प्रक्षेपकों के परीक्षण को देखा।

# यूएई के तीन शहरों के लिए एयर इंडिया ने रद्द कीं उड़ानें

- अबु धाबी, रस अल खैमा और शारजाह के लिए संचालित की जा रही थीं विशेष उड़ानें

नई दिल्ली, एजेंसी

एयर इंडिया और उसकी सहायक कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की रविवार 15 मार्च की अपनी कई विशेष उड़ानें रद्द कर दी हैं। टाटा समूह की कंपनियों ने रविवार को बताया कि यूएई हवाई अड्डा प्राधिकरण के निर्देश पर ये उड़ानें रद्द की गई हैं।

अबु धाबी, रस अल खैमा और शारजाह को जाने वाली विशेष उड़ानों को रद्द किया गया है। सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में खेद व्यक्त करते हुए बताया गया है कि प्रभावित यात्री बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के आगे की तारीखों के लिए टिकट बुक करा सकते हैं या पूरा रिफंड पा सकते हैं। इनके अलावा, दिल्ली से दुबई की एयर इंडिया की पांच में से चार और एयर इंडिया एक्सप्रेस की छह में से पांच उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। इससे पहले एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने आज नियमित और विशेष के रूप से कुल 72 उड़ानों के परिचालन की सूचना दी थी। नियमित उड़ानें सऊदी अरब के जेद्दा और ओमान की राजधानी मस्कट के लिए उपलब्ध हैं। प्रमुख विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने भी दुबई से परिचालन पर प्रतिबंध बढ़ाये जाने की सूचना दी है।

## ताइवान द्वीप के करीब चीनी सैन्य विमानों से हड़कंप

**हांगकांग।** ताइवान ने द्वीप के निकट बड़े पैमाने पर चीनी सैन्य विमानों की मौजूदगी देखी है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। ताइवान के मुताबिक पिछले दो हफ्तों में क्षेत्र में चीनी सैन्य विमानों की गतिविधि में आई भारी गिरावट के बाद यह वृद्धि देखी गई है।

इसने कहा कि शनिवार को मंत्रालय ने द्वीप के आसपास 26 चीनी सैन्य विमानों का पता लगाया, जिनमें से 16 विमान उसके मध्य और दक्षिण-पश्चिमी वायु रक्षा क्षेत्र में प्रवेश कर गए। विमानों की संख्या में यह वृद्धि से विश्लेषक यह समझने में असमंजस में पड़ गए कि चीन की सेना आखिर क्या कर रही है।

# वीटो के चलते सुरक्षा परिषद संघर्ष रोकने में असमर्थ

- संरा प्रमुख गुतारेस बोले-सुरक्षा परिषद की व्यस्था में समस्या

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुतारेस ने कहा है कि यह स्वीकार करना आवश्यक है कि सुरक्षा परिषद की व्यवस्था में समस्या है और यह वर्तमान दुनिया का प्रतिनिधित्व नहीं करती तथा स्थायी सदस्यों द्वारा वीटो का इस्तेमाल किए जाने के कारण संघर्षों को रोकने में असमर्थ है।

गुतारेस ने शनिवार को बेरूत में संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में कहा कि मुझे लगता है कि हमें यह स्वीकार करना होगा कि सुरक्षा परिषद के साथ एक समस्या है।

आज सुरक्षा परिषद मौजूदा विश्व का प्रतिनिधित्व नहीं करती। यह दरअसल 1945 के



बाद के विश्व का प्रतिनिधित्व करती है। उन्होंने कहा कि 15 देशों की परिषद में तीन स्थायी सदस्य यूरोप से, एक एशिया से और एक अमेरिका से हैं, जबकि अफ्रीका या लैटिन अमेरिका से कोई स्थायी सदस्य नहीं है। उन्होंने कहा कि इसलिए, वीटो के कारण परिषद को वैधता और दक्षता दोनों की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। हमने बार-बार देखा है कि जब भी संघर्ष की स्थिति उत्पन्न होती है और उसे रोकना आवश्यक होता है, तो कोई देश वीटो का इस्तेमाल कर लेता है और सुरक्षा परिषद कार्रवाई नहीं कर पाती। गुतारेस ने कहा कि दुर्भाग्य से, यह एक ऐसी चीज है जिसे हम बार-बार देख रहे हैं और मुझे उम्मीद नहीं है कि निकट भविष्य में स्थिति में कोई बदलाव आएगा।

बता दें कि पिछले दिनों से सुरक्षा परिषद की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। भारत-पाकिस्तान और यूक्रेन-रूस संघर्ष से लेकर पिछले कई संघर्षों में उसकी भूमिका लगभग निष्प्रभावी रही है। ऐसे में कई देशों ने संयुक्त राष्ट्र सहित सुरक्ष परिषद के क्रियाकलाप पर सवाल उठाए हैं। अमेरिका सहित कई देशों ने तो संयुक्त राष्ट के होने को लेकर सवाल उठाए हैं कि संयुक्त राष्ट्र की जरूरत ही क्या है। भारत सहित कई देशों ने सुरक्षा परिषद में स्थायी देशों की संख्या बढ़ाने की मांग की है।

### पांच स्थायी सदस्य

सुरक्षा परिषद में चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका वीटो शक्ति वाले पांच स्थायी सदस्य हैं, जबकि 10 अस्थायी सदस्य दो साल के कार्यकाल के लिए निर्वाचित होते हैं और उनके पास वीटो शक्ति नहीं होती। भारत सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग करने के प्रयासों में दशकों से अग्रणी रहा है जिसमें इसकी स्थायी और अस्थायी दोनों श्रेणियों में विस्तार की मांग शामिल है।

# कांग्रेस ने असम के स्वास्थ्य बजट से हर साल 150 करोड़ रुपये हड़पे

## केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा-कांग्रेस के शासनकाल में राज्य में व्याप्त था भ्रष्टाचार

- कहा-भाजपा ने अपने 10 साल के शासन में व्यवस्था को बदल दिया

गुवाहाटी, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस ने असम में 15 वर्ष के अपने शासनकाल के दौरान राज्य के स्वास्थ्य सेवा बजट से प्रति वर्ष 150 करोड़ रुपये अपनी जेब में डाल लिए। शाह ने कहा कि दूसरी ओर, भाजपा ने राज्य में अपने 10 साल के शासनकाल में इस क्षेत्र को पूरी तरह से बदल दिया है।

शाह ने 2,092 करोड़ रुपये की स्वास्थ्य सेवा परियोजनाओं का उद्घाटन और आधारशिला रखते हुए कहा कि 10 साल पहले असम की स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था बदहाल थी क्योंकि कांग्रेस केवल अपने नेताओं के परिवारों की आर्थिक स्थिति के लिए काम कर रही थी।

केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि 2016 तक कांग्रेस के शासनकाल के दौरान इस क्षेत्र में भ्रष्टाचार हुआ था और कहा कि 15 वर्षों तक, हर साल, राज्य के स्वास्थ्य बजट से 150 करोड़ रुपये उन्होंने अपनी जेब में डाल लिए।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को गुवाहाटी में प्राग्ज्योतिषपुर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल का उद्घाटन किया। असम के सीएम हेमंत बिश्वा शर्मा भी मौजूद रहे।

उन्होंने कहा कि इन रुपयों को नौ लाख ऐसे बच्चों के इलाज पर खर्च दिखाया गया जो कभी पैदा ही नहीं हुए और 390 आंगनवाड़ी केंद्रों पर खर्च दिखाया गया जिनका निर्माण कभी हुआ ही नहीं। शाह ने कहा कि भाजपा समाज के सभी वर्गों के लिए सस्ती स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लिए काम करती है और उन्होंने राज्य की चिकित्सा सुविधाओं को गुजरात, महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे राज्यों के बराबर लाने के लिए मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि दस वर्षों में असम चिकित्सा देखभाल और शिक्षा दोनों क्षेत्रों में आत्मनिर्भर हो गया है। इससे पहले शाह ने यहां 675 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित प्राग्ज्योतिषपुर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का उद्घाटन किया। गोलाघाट और तिनसुकिया में निर्मित कैंसर केंद्रों का भी ऑनलाइन उद्घाटन किया। इनमें से प्रत्येक केंद्र का निर्माण 135 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। उन्होंने दीफू मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (220 करोड़ रुपये), जोरहाट मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (310 करोड़) और बारपेटा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (284 करोड़) में सुपर-स्पेशियलिटी अस्पतालों की ऑनलाइन माध्यम से आधारशिला रखी। शाह ने गुवाहाटी में 218 करोड़ रुपये से बनने वाले स्वास्थ्य भवन और 115 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले अभयपुरी जिला अस्पताल की भी आधारशिला रखी।

### गृहमंत्री ने राहुल गांधी पर साधा निशाना

कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विरोध करने के उनके प्रयास में देश को बदनाम करने के उनके कृत्यों का कोई भी भारतीय समर्थन नहीं करता। उन्होंने नयी दिल्ली में हाल में हुए एआई शिखर सम्मेलन में कांग्रेस के शर्ट उतारकर विरोध प्रदर्शन करने और संसद भवन की सीढ़ियों पर चाय-पकौड़ा खाने के लिए गांधी की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि हम भी विपक्ष में थे और हमने भी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किए थे।

## श्रीलंका में क्यूआर कोड से वाहनों को अब मिलेगा ईंधन

**कोलंबो।** पश्चिम एशिया में जारी सैन्य संघर्ष के कारण तेल आपूर्ति मार्गों में आए व्यवधानों को देखते हुए श्रीलंका सरकार ने रविवार से देश भर में वाहनों के लिए अनिवार्य क्यूआर कोड प्रणाली के माध्यम से ईंधन वितरण शुरू कर दिया है। ऊर्जा मंत्रालय की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह कदम देश के ईंधन भंडार का कुशल प्रबंधन करने और आर्थिक गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने के लिए उठाया गया है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि यह व्यवस्था आज सुबह से प्रभावी हो गई है। अब किसी भी पेट्रोल पंप पर बिना पंजीकृत क्यूआर कोड के वाहनों को ईंधन जारी नहीं किया जाएगा। सरकार ने इस प्रणाली के साथ-साथ वाहनों के लिए साप्ताहिक ईंधन कोटा भी निर्धारित किया है। इसके तहत बसों को 60 लीटर, कारों को 15 लीटर, मोटरसाइकिल को 5 लीटर, वैन को 40 लीटर और भारी वाहनों (लॉरी) को 200 लीटर ईंधन आवंटित किया गया है। इसके अलावा थ्री-व्हीलर्स के लिए 15 लीटर और विशेष प्रयोजन वाहनों के लिए 40 लीटर की सीमा तय की गई है। ऊर्जा मंत्रालय के अनुसार, अंतर्राष्ट्रीय आपूर्ति में बाधा और घरेलू मांग में अचानक आई तेजी के कारण मौजूदा स्टॉक का सावधानीपूर्वक प्रबंधन करना जरूरी हो गया था।

# नेतन्याहू ने मौत की अटकलों का दिया जवाब, कॉफी पीते हुए दिखे

- सड़क किनारे बाजार में कॉफी का ऑर्डर देते हुए वीडियो जारी

यरुशलम, एजेंसी

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अपनी मौत की अफवाहों पर चुटकी लेते हुए रविवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया जिसमें वह सड़क किनारे बाजार में कॉफी का ऑर्डर देते नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर पिछले एक सप्ताह से नेतन्याहू की सार्वजनिक रूप से अनुपस्थिति को लेकर अटकलें तेज थीं, खासकर तब जब एक वीडियो सामने आया जिसमें नेतन्याहू के हाथ में छह उंगलियां दिखीं।

इस वीडियो ने अमेरिका-इजराइल के 28 फरवरी के संयुक्त हमले और ईरान की तीव्र प्रतिक्रिया के बीच खाड़ी क्षेत्र में फैले युद्ध की पृष्ठभूमि में नयी बहस और अफवाहों को हवा दे दी। रविवार को नेतन्याहू ने अपने एक्स खाते से एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें उन्हें कॉफी लेने के दौरान कहते सुना जा सकता है, बहुत बढ़िया (कॉफी देने वाले विक्रेता से), धन्यवाद। वीडियोग्राफर से पूछते हुए वह कहते हैं, तुम मुझसे क्या पूछना चाहते हो? जब उन्हें बताया गया कि कुछ चैनल यह खबर फैला रहे हैं कि उनकी मौत हो चुकी है तो नेतन्याहू हंसते हुए उत्तर देते हैं, मैं तो कॉफी के लिए ही मर रहा हूं। इजराइल के प्रधानमंत्री ने कहा,



आप जानते हैं, मैं अपने लोगों के लिए पागल (मरता) हूं। अगर आप अंगलियों की संख्या गिनना चाहते हैं, तो आप दिखा सकते हैं।। यह वीडियो उन खबरों पर व्यंग्य भी प्रतीत होता जिनमें उनकी मौत की अटकलें लगाई जा रही थीं। अटकलें पैदा करने वाले वीडियो में उनके बाएं हाथ में छह उंगलियां दिखी थीं, जिससे छेड़छाड़ की गई प्रतीत होती है। कॉफी उठाते हुए नेतन्याहू ने वीडियो में कहा, चीयर्स (जीवन के लिए)। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह बाहर जाने की इच्छा रखने वाले लोगों को कोई संदेश देना चाहते हैं, तो प्रधानमंत्री ने आगाह किया कि वे ताजी हवा के लिए बाहर जा सकते हैं, लेकिन उन्हें सुरक्षित आश्रयों के पास ही रहना चाहिए।

# उरी में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, आतंकी हुआ ढेर

श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर में बारामूला जिले के उरी सेक्टर में सुरक्षा बलों ने घुसपैठ की कोशिश नाकाम करते हुए रात भर चले अभियान के दौरान एक संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादी को मार गिराया। कश्मीर पुलिस (जेकेपी) की विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर सुरक्षा बलों ने केन्द्र शासित प्रदेश में इस वर्ष नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की पहली कोशिश शनिवार-रविवार की मध्य रात्रि को उरी सेक्टर के बुच्छर इलाके में विफल करने में सफलता हासिल की है।

सेना के श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि डिग्गी 2 उरी नामक ऑपरेशन अभी भी जारी है। सेना ने कहा कि जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा घुसपैठ की कोशिश की विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर, 14-15 मार्च की मध्य रात्रि को



- सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ स्थल से बरामद किया एके राइफल और भारी मात्रा में गोला-बारूद

उरी सेक्टर के बुच्छर क्षेत्र में एक संयुक्त अभियान चलाया गया। सतर्क सैनिकों ने झाड़ियों में एक आतंकवादी की संदिग्ध गतिविधि देखी। घात लगाकर किए गए हमले की रणनीति में बदलाव किया गया और आतंकवादी को चुनौती दी गई, जिसके परिणामस्वरूप आतंकवादी ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। मुठभेड़ में एक पाकिस्तानी आतंकवादी मारा गया। सेना ने एके राइफल, पिस्तौल और भारी मात्रा में गोला-बारूद तथा अन्य सामग्री बरामद किया है।

## पश्चिम बंगाल में पुजारियों मुअज्जिनों का मानदेय बढ़ा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को राज्य में हिंदू पुजारियों और मुस्लिम मुअज्जिनों के मासिक मानदेय में वृद्धि की घोषणा की और कहा कि यह कदम राज्य की आध्यात्मिक एवं सामाजिक परंपराओं को बनाए रखने में उनकी भूमिका को मान्यता देने के उद्देश्य से उठाया गया है। बनर्जी ने अपने आधिकारिक व्हाट्सएप चैनल पर एक संदेश में कहा कि पुजारियों और मुअज्जिनों को दिए जाने वाले मासिक मानदेय में 500 रुपये की वृद्धि की जाएगी, जिससे कुल मानदेय 2,000 रुपये प्रति माह हो जाएगा। यह घोषणा ऐसे समय में आई है जब राज्य सरकार विभिन्न सामुदायिक समूहों को लक्षित कल्याणकारी योजनाओं का विस्तार कर रही है।

राज्य की व्यापक कल्याणकारी पहलों के अंतर्गत बनर्जी के कार्यकाल में धार्मिक पदाधिकारियों के लिए मानदेय योजना शुरू की गई थी। इस कार्यक्रम के अंतर्गत, पंजीकृत हिंदू पुजारियों और मुस्लिम मुअज्जिनों को सरकार से मासिक वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, जिसका उद्देश्य उन व्यक्तियों की सहायता करना है जो अक्सर अपनी आजीविका के लिए समुदाय के मामूली योगदान पर निर्भर रहते हैं। ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस की नेता बनर्जी ने कहा कि यह निर्णय सांस्कृतिक रूप से विविध राज्य में सामाजिक सद्भाव एवं समावेशिता के प्रति उनकी सरकार के दृष्टिकोण को दर्शाता है।

# यूरोपीय यूनियन से अपने द्विपक्षीय संबंध को और मजबूत करेगा भारत

- दो दिवसीय यात्रा पर ब्रसेल्स के लिए रवाना हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने यूरोपीय यूनियन (ईयू) के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों के साथ वार्ता के लिए रविवार को ब्रसेल्स का दो दिवसीय दौरा शुरू किया। जनवरी में दोनों पक्षों के बीच एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर मुहर लगने के बाद भारत की ओर से ब्रसेल्स का यह पहला उच्चस्तरीय दौरा है। ब्रसेल्स में ईयू का मुख्यालय है।



विदेश मंत्रालय ने कहा कि जयशंकर यूरोपीय आयोग की उपाध्यक्ष काजा कैलास के निमंत्रण पर बेल्जियम की राजधानी ब्रसेल्स जा रहे हैं, जहां वह 27 देशों वाले ईयू के विदेश मंत्रियों से एक बैठक के दौरान बातचीत करेंगे। मंत्रालय ने कहा, यात्रा के दौरान, विदेश मंत्री यूरोपीय यूनियन के नेताओं और बेल्जियम तथा अन्य ईयू सदस्य देशों के अपने समकक्षों के साथ बैठकें भी करेंगे। मंत्रालय ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि ऐतिहासिक 16वें भारत-ईयू शिखर सम्मेलन के ठीक बाद हो रही विदेश मंत्री की इस यात्रा से भारत और यूरोपीय यूनियन के बीच रणनीतिक साझेदारी मजबूत होने की उम्मीद है।

### जर्मनी के प्रसिद्ध दार्शनिक युर्गेन हाबरमास का निधन

**बर्लिन।** जर्मनी के प्रसिद्ध दार्शनिक और सामाजिक विचारक युर्गेन हाबरमास का 96 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। उनके निधन की जानकारी शनिवार को उनके प्रकाशक सुह्रकैंप वर्लाग ने दी। जर्मनी के डसेलडोर्फ में 1929 में जन्मे हाबरमास द्वितीय विश्व युद्ध के बाद के दौर में जर्मनी के सबसे प्रभावशाली दार्शनिकों और सार्वजनिक बुद्धिजीवियों में गिने जाते थे। उन्होंने 1960 के दशक में फ्रैंकफर्ट विश्वविद्यालय में दर्शनशास्त्र और समाजशास्त्र का अध्यापन शुरू किया और उस समय पश्चिम जर्मनी के विश्वविद्यालयों में हुए छात्र आंदोलनों का समर्थन किया। हाबरमास को फ्रैंकफर्ट स्कूल का प्रमुख विचारक माना जाता है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज आय के नए स्रोत बन सकते हैं। घर में मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। आपके व्यक्तित्व में सुधार आएगा।

**तुला** – आज प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। छात्रों को शिक्षा में मनोनुकूल परिणाम मिलेगा। करियर में सहकर्मियों का सहयोग प्राप्त होगा।

**वृष** – आज कार्यक्षेत्र में आपकी योग्यता की प्रशंसा होगी। अपने काम में लगातार सुधार करते रहें। आर्थिक लाभ होने की संभावना है।

**वृश्चिक** – आज भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में अपनी उन्नति से उल्लासित रहेंगे। प्रतिष्ठित लोगों से मुलाकात होगी।

**मिथुन** – आज अपनी कमियों में सुधार लाने का प्रयास करें। बनते कार्यों में विघ्न आने की संभावना है। अनावश्यक यात्रा करने से बचें।

**धनु** – आज संतान के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। भविष्य के विषय में आपको थोड़ा सोच-विचार करना पड़ेगा। परिजनों के व्यवहार से क्षुब्ध रहेंगे।

**कर्क** – आज मन में संदेह की भावना न आने दें। परिजनों की चिंता हो सकती है। खर्चों को लेकर अत्यंत चिंतित रहेंगे।

**मकर** – आज अपना व्यवहार संयमित रखें। अधिकारी वर्ग आपसे अत्यंत प्रसन्न रहेगा। किसी मित्र की आर्थिक सहायता करनी पड़ सकती है।

**सिंह** – आज कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। धन के लेन-देन वाले कार्य कर सकते हैं। भविष्य को लेकर आप योजना बनाएंगे।


**कुंभ** – आज दिनचर्या अनुशासित रखने का प्रयास करें। संतान के विवाह की चिंता दूर होगी। मित्रों के साथ हंसी-मजाक में समय बिताएंगे।

**कन्या** – आज गृह कार्यों में व्यस्त रहेंगे। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। शांतिपूर्ण तरीके से आपके काम होंगे।

**मीन** – आज कार्यक्षमता में कमी महसूस होगी। अपनी कमियों में सुधार लाने का प्रयास करें। कारोबार में उतार-चढ़ाव हो सकता है।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 16 मार्च, सोमवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, द्वादशी 09.40 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
**ताराबल**-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- धनिष्ठा पूर्ण रात्रि।

### सुडोकू - 89 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 |
| 7 | 6 | 2 | 8 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 |
| 9 | 8 | 1 | 5 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 |
| 4 | 3 | 7 | 9 | 5 | 1 | 6 | 2 | 8 |
| 1 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 3 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 3 | 2 | 5 | 4 | 1 |
| 8 | 4 | 9 | 2 | 7 | 5 | 3 | 1 | 6 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 4 | 8 | 2 | 7 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 6 | 1 | 9 | 8 | 5 | 4 |

### सुडोकू -90

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 9 | 2 | | | | | 5 |
| 3 | | | | | 6 | | 2 | |
| | | 2 | 4 | | 1 | | | |
| | 7 | | | 6 | | | | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | | | | 2 | | 8 | 9 | |
| 2 | | | 5 | | 9 | | | |
| | 8 | | 6 | | | | | 3 |
| | | | | | 7 | 2 | | 1 |

## साक्षरता शिविर

न्यायमूर्ति सूर्यकांत बोले-लोग राहत और न्याय पाने की उम्मीद में आते हैं अदालत

# सेवाभाव से काम करें न्यायिक प्रणालियां : सीजेआई

मंडी (हिमाचल प्रदेश), एजेंसी

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने रविवार को कहा कि न्यायिक परिसरों को अस्पतालों की तरह ही सेवाभाव की भावना से काम करना चाहिए, क्योंकि लोग न्याय और राहत की उम्मीद लेकर अदालतों में आते हैं।

मंडी के न्यायिक अदालत परिसर की आधारशिला रखने के बाद एक विधि साक्षरता शिविर को संबोधित करते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि सुविधाओं में वृद्धि के साथ न्यायिक प्रणाली की जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि चर्चा अक्सर मौलिक अधिकारों पर केंद्रित रहती है, लेकिन मौलिक कर्तव्य भी संविधान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और उनका पालन किया जाना चाहिए। उन्होंने मौलिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित करने का आग्रह किया। बताया कि प्रस्तावित मंडी न्यायिक अदालत परिसर का निर्माण 9.6 हेक्टेयर क्षेत्र में 152 करोड़ से किया जाएगा। परिसर में चार ब्लॉक होंगे, जो न्यायाधीशों, वकीलों और आम लोगों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे। कार्यक्रम में मौजूद मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य के प्रत्येक नागरिक को न्याय और अधिकार उपलब्ध कराना सरकार की प्रतिबद्धता है। कहा कि सरकार संविधान की भावना के अनुरूप समावेशी विकास और सामाजिक न्याय की दिशा में काम कर रही है।

### लोक अदालतों में 5.5 लाख लंबित वाद निपटे

उन्होंने बताया कि सरकार ने लोक अदालतों के माध्यम से लगभग 5.5 लाख लंबित मामलों का निपटारा किया है। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया ने कहा कि आज की चर्चा न्याय की पहुंच हर व्यक्ति तक सुनिश्चित करने के सामूहिक प्रयासों का परिणाम हैं।

# अरावली पहाड़ियों के लिए बनाई गई समिति के नामों को केंद्र ने दी मंजूरी

- परिभाषा तय करने के लिए गठित की गई है उच्चाधिकार समिति

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने उच्चतम न्यायालय से कहा है कि उसे केंद्रीय उच्चाधिकार प्राप्त समिति द्वारा प्रस्तावित 10 सदस्यीय उच्च-स्तरीय विशेषज्ञ समिति पर कोई आपत्ति नहीं है, जिसे अरावली की पहाड़ियों और पर्वतमाला की एक समान परिभाषा तय करने का कार्य सौंपा गया है। शीर्ष अदालत में दाखिल एक हलफनामे में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने उच्च-स्तरीय विशेषज्ञ समिति के लिए सुझाए गए नामों का समर्थन किया है। इस समिति में भारतीय वन सर्वेक्षण (एफएसआई), भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) और भारतीय सर्वेक्षण विभाग से जुड़े वर्तमान तथा सेवानिवृत्त नौकरशाहों के साथ-साथ शिक्षाविद भी शामिल हैं। हलफनामे में कहा गया है, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय निवेदन करता है कि उच्च-स्तरीय समिति के गठन के लिए सुझाए गए उपरोक्त नामों पर यदि यह न्यायालय विचार करता है, तो उसे कोई आपत्ति नहीं है।





स्टेडियम

बरेली, सोमवार, 16 मार्च 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com

हाईलाइट

## मर्सीडीज के किमी एंटोनेली ने चीन ग्रां प्री में दर्ज की पहली जीत



**शंघाई।** किमी एंटोनेली ने रविवार को हुई चीन ग्रां प्री में मर्सीडीज के लिए शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की जिससे वह फॉर्मूला वन के दूसरे सबसे कम उम्र के विजेता बन गए। इटली के 19 वर्षीय एंटोनेली पोल पोजिशन से शुरुआत करने वाले सबसे कम उम्र के ड्राइवर थे। रेस की शुरुआत में कुछ समय के लिए फेरारी के लुईस हैमिल्टन ने बढ़त बनाई लेकिन जल्द ही एंटोनेली ने फिर से बढ़त बना ली। इसके बाद पूरी रेस पर उनका ही नियंत्रण रहा। सत्र की शुरुआत में मर्सीडीज के लिए यह एक और पहले-दूसरे स्थान वाला प्रदर्शन रहा। एंटोनेली के साथी जॉर्ज रसेल ने फेरारी ड्राइवरों के साथ कड़ा मुकाबला करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। लुईस हैमिल्टन तीसरे स्थान पर रहे। फेरारी के लिए यह लंबे समय में पहला ग्रां प्री पोडियम स्थान रहा।

## सेल्वा प्रभु ने एनसीएए इंडोर चैंपियनशिप में रजत पदक जीता

**नई दिल्ली।** भारत के सेल्वा प्रभु ने अमेरिका के फेयेटविले में चल रही एनसीएए इंडोर चैंपियनशिप में पुरुषों की त्रिकूद (ट्रिपल जंप) में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। विश्व एथलेटिक्स अंडर-20 चैंपियनशिप 2022 के रजत पदक विजेता और अंडर-20 राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक प्रभु ने शनिवार को 17.05 मीटर की छलांग लगाकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी करियर में पहली बार 17 मीटर की बाधा को पार किया।

## भारत और हांगकांग के बीच क्वालीफाइंग मैच 31 मार्च को

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम एएफसी एशियाई कप सऊदी अरब 2027 के क्वालीफायर का अपना अंतिम मैच हांगकांग के खिलाफ 31 मार्च को कोच्चि में खेलेगी। भारत पहले ही एएफसी एशियाई कप 2027 में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो चुका है। अब उसका लक्ष्य अपने क्वालीफाइंग अभियान का अंत जीत के साथ करना होगा। हांगकांग की टीम भी क्वालीफाई करने की दौड़ से बाहर हो चुकी है।

## पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सरफराज ने लिया संन्यास

**कराची।** भारत के खिलाफ आईसीसी के दो प्रमुख टूर्नामेंट के फाइनल में जीत हासिल करने वाले एकमात्र पाकिस्तानी कप्तान विकेटकीपर-बल्लेबाज सरफराज अहमद ने रविवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया। उन्होंने अपना अंतिम अंतर्राष्ट्रीय मैच दिसंबर 2023 में पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच के रूप में खेला था। उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के बयान में संन्यास लेने की घोषणा की। पीसीबी उन्हें लंबी अवधि के लिए राष्ट्रीय टेस्ट टीम का मुख्य कोच नियुक्त कर सकता है।

# संजू लय में आ जाए तो पहले छह ओवरों में ही जिता सकता है मैच : गंभीर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि जब संजू सैमसन अपनी फॉर्म में होते हैं तो वह पावरप्ले में ही विपक्षी टीम से मैच छीन सकते हैं। आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के अंतिम चरण में सैमसन ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने सेमीफाइनल और फाइनल में तूफानी अंदाज में अर्धशतक जड़कर भारत को रिकॉर्ड तीसरी बार खिताब जीतने में मदद की। अभिषेक शर्मा औरर सैमसन ने फाइनल में मिलकर पावरप्ले में 92 रन बनाए और इस तरह से न्यूजीलैंड से मैच छीन लिया।

गंभीर ने कहा हम जानते हैं कि संजू क्या कर सकता है। उसकी प्रतिभा और विस्फोटक बल्लेबाजी पर कभी कोई संदेह नहीं था। अगर वह लय में आ जाए तो पहले छह ओवरों में ही मैच जिता सकता है। सैमसन का विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था और इसलिए उन्हें आईसीसी टूर्नामेंट के शुरुआती मैचों में अंतिम एकादश में जगह नहीं मिली थी। लेकिन जिम्बाब्वे के खिलाफ करो या मरो के मैच में मौका मिलने पर सैमसन ने 15 गेंदों में 24 रन बनाकर लय हासिल की और इसके बाद अगले तीन मैच में नाबाद 97, 89 रन और



89 रन बनाए। गंभीर ने कहा मैंने उसे जिम में यह बात बताई। दरअसल हम दोनों साथ में ट्रेनिंग कर रहे थे और मैंने उसे बस इतना बताया कि तुम जिम्बाब्वे के खिलाफ खेलोगे और उसने कहा, ठीक है। हमारी बातचीत कुछ इसी तरह से अनौपचारिक होती है। यह किसी मुख्य कोच और खिलाड़ी के रिश्ते जैसा नहीं है। यह एक ऐसा रिश्ता है जिसमें हमारी आमने-सामने की अधिकतर बातचीत अभ्यास सत्रों के दौरान होती है। टीम में सैमसन की अनुपस्थिति में भारत के शीर्ष क्रम में ईशान किशन, अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा के रूप में तीन बाएं हाथ के बल्लेबाज शामिल थे। लेकिन गंभीर ने जोर देकर कहा कि सैमसन को अंतिम एकादश में शामिल करने का फैसला बाएं हाथ के बल्लेबाजों के संयोजन को तोड़ने के उद्देश्य से नहीं बल्कि टीम को अधिक आक्रामक ताकत देने के लिए लिया गया था।

उन्होंने कहा मुझे पता है कि बहुत से लोग इस बारे में बात करेंगे कि हम शीर्ष क्रम पर मौजूद तीनों बाएं हाथ के बल्लेबाजों के संयोजन को तोड़ना चाहते थे, ऐसा बिल्कुल नहीं है। हम बस और अधिक आक्रामक होना चाहते थे। पिछले डेढ़ साल से हमारी मानसिकता यही रही है कि मैदान पर उतरकर हम जितना हो सके उतना आक्रामक प्रदर्शन करें।

संजू को टीम में लाने का कारण दूसरे छोर से ऑफ-स्पिनर को नियंत्रित करना नहीं बल्कि इस बात पर आधारित था कि क्या हम पहले छह ओवरों में और अधिक आक्रामक हो सकते हैं। अभिषेक टूर्नामेंट के पहले तीन मैच में खाता भी नहीं खोल पाए थे लेकिन उन्होंने इसके बाद दो अर्धशतक लगाए जिनमें फाइनल में लगाया गया अर्धशतक भी शामिल है। आईपीएल 2014 में मेरा अनुभव उससे भी बदतर रहा था जब मैं लगातार चार मैचों में शून्य पर आउट हुआ। मैंने उससे बस इतना कहा था कि लोग आपके स्कोर देखेंगे और आपकी फॉर्म के बारे में बात करेंगे, लेकिन असल में आप खराब फॉर्म नहीं हो, बस रन नहीं बना पा रहे हैं।



# गिल और मंधाना को बीसीसीआई के शीर्ष पुरस्कार से नवाजा गया

### रोजर बिन्नी, राहुल द्रविड़ और मिताली राज को कर्नल सी के नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल और स्मृति मंधाना को 2024-2025 में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए रविवार को यहां आयोजित बीसीसीआई नमन पुरस्कार 2026 समारोह में सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर (क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग) चुना गया।

गिल ने प्रतिष्ठित 'पॉली उमरीगर पुरस्कार' जीता जबकि मंधाना को यह पुरस्कार पांचवीं बार मिला। गिल का यह दूसरा 'क्रिकेटर ऑफ द ईयर' पुरस्कार है, इससे पहले उन्होंने 2023 में यह पुरस्कार जीता था। पूर्व दिग्गज खिलाड़ी रोजर बिन्नी, राहुल द्रविड़ और मिताली राज को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सर्वोच्च सम्मान 'कर्नल सी के नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान भारतीय क्रिकेट में उनके बेहतरीन योगदान को देखते हुए दिया गया। गिल के लिए 2025 का साल बेहद शानदार रहा और उन्होंने क्रिकेट के लंबे प्रारूपों में खुद को टीम के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज में से एक के तौर पर स्थापित किया। गिल ने कहा, मैं सबसे पहले यह पुरस्कार देने के लिए बीसीसीआई का धन्यवाद करना चाहता हूं। भारतीय क्रिकेट के कई महान और दिग्गज खिलाड़ी पहले यह सम्मान प्राप्त कर चुके हैं इसलिए यहां होना मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है। पिछले साल हमने भारतीय क्रिकेट टीम के रूप में जो हासिल किया, पांच आईसीसी ट्रॉफियां जीतना, वह वास्तव में शानदार था। मुझे नहीं लगता कि पहले ऐसा कभी हुआ होगा। इंग्लैंड दौरे पर कप्तान गिल ने पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में टीम की अगुवाई करते हुए 10 पारियों में 75.40 के औसत से कुल 754 रन बनाए जिससे वह सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। पिछले साल भारत की 'चैंपियंस ट्रॉफी' जीत में भी गिल ने अहम भूमिका निभाई थी। मंधाना ने 2025 का समापन कुल 1,703 अंतरराष्ट्रीय रनों के साथ किया। इसमें वनडे में 1,362 रन शामिल हैं जो किसी भी महिला क्रिकेटर द्वारा एक कैलेंडर वर्ष में बनाए गए सबसे ज्यादा रन हैं। ऐसा करके मंधाना महिला वनडे क्रिकेट के इतिहास में एक ही कैलेंडर वर्ष में 1,000 रन बनाने वाली पहली बल्लेबाज बन गईं। मंधाना ने कहा मैं इस पुरस्कार के बारे में बात कर सकती हूं, लेकिन टीम का जिक्र किए बिना व्यक्तिगत उपलब्धियों के बारे में बात करना संभव नहीं है। भारत को अपना पहला महिला विश्व कप खिताब दिलाने में भी मंधाना ने अहम योगदान दिया। उन्होंने नौ मैचों में कुल 434 रन बनाए और टूर्नामेंट में भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज रहीं। पूरे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में वह दूसरे स्थान पर रहीं।





नमन अवार्ड्स के दौरान टी-20 विश्व कप विजेता टीम के साथ कप्तान सूर्यकुमार यादव। महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी स्नेह राणा, रेणुका सिंह, शेफाली वर्मा और क्रांति गौड़।

## मैदान पर अब दिख रही है भारतीय क्रिकेट की असली क्षमता : राहुल द्रविड़

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय कप्तान और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने रविवार को कहा कि देश की समृद्ध क्रिकेट प्रतिभा अब मैदान पर असली सफलता में बदल रही है और वैश्विक टूर्नामेंटों में लगातार मिल रही जीत भारतीय क्रिकेट में लंबे समय से मौजूद प्रतिभा को दर्शाती है। पिछले दो वर्षों में भारत ने आईसीसी टूर्नामेंटों में शानदार प्रदर्शन किया है। टीम ने पुरुषों के पिछले दो टी20 विश्व कप, महिला वनडे विश्व कप, पुरुष अंडर-19 विश्व कप और महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप जीते हैं। बीसीसीआई के वार्षिक पुरस्कार समारोह में 'कर्नल सी के नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से सम्मानित किए जाने के बाद द्रविड़ ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा यह सब कुछ सही लग रहा है, है ना? उन्होंने कहा भारतीय क्रिकेट में हमेशा से अपार क्षमता रही है और अब वह मैदान पर भी दिखाई दे रही है। मैदान के बाहर हमारे पास वह सबकुछ था जिसकी हमें जरूरत थी और अब मैदान पर भी उस क्षमता का साकार होते देखना बहुत अच्छा लग रहा है। द्रविड़ ने कहा कि यह सफलता कई कारकों के एक साथ आने का परिणाम है, खिलाड़ियों से लेकर प्रशासकों और प्रशंसकों तक, सभी ने इसमें योगदान दिया है। उन्होंने 1996 में अपने पदार्पण के समय को याद करते हुए कहा यह अभूतपूर्व रहा है। पिछले तीन दशकों में भारतीय क्रिकेट जिस तरह से आगे बढ़ा है, उसे देखना वाकई कमाल का रहा है। द्रविड़ ने कहा भारतीय क्रिकेट में हमेशा से अद्भुत प्रतिभा रही है।

## भारत अब ऐसा बार-बार करेगा : संजू सैमसन

**नई दिल्ली।** भारत की टी20 विश्व कप खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाने वाले संजू सैमसन ने रविवार को कहा कि देश आने वाले कई वर्षों तक वैश्विक क्रिकेट पर राज करने के लिए तैयार है। यहां बीसीसीआई नमन पुरस्कार 2026 के मौके पर सैमसन ने भारत की जीत के सफर के दौरान अपने प्रदर्शन की तुलना एक फिल्म से की और कहा कि उन्हें अब भी इस पर यकीन नहीं हो रहा है। पिछले रविवार की जीत के बारे में पूछे जाने पर सैमसन ने कहा अब भी जब मैं सुबह उठता हूं तो सोचता हूं कि क्या सच में ऐसा हुआ है? ईमानदारी से कहूं तो यही अहसास है। उन्होंने कहा लेकिन मुझे लगता है कि हमारे देश में जिस तरह के बेहतरीन खिलाड़ी हैं उसे देखते हुए आने वाले वर्षों में यह जीत बार-बार दोहराई जाएगी। जिस बड़ी संख्या में नए खिलाड़ी सामने आ रहे हैं उसे देखते हुए भारत निश्चित रूप से अब ऐसा बार-बार करेगा। टी20 विश्व कप 2026 में ऐतिहासिक प्रदर्शन के बाद सैमसन को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। उन्होंने सिर्फ पांच पारियों में लगभग 200 के स्ट्राइक रेट से 321 रन बनाकर भारत को खिताब दिलाया।

# वेस्टइंडीज के खिलाड़ी स्वदेश पहुंचे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण यात्रा में हुआ विलंब

क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने बताया कि आईसीसी टी-20 विश्व कप के बाद भारत में फंसे वेस्टइंडीज के खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के सदस्य अब सुरक्षित स्वदेश लौट आए हैं। उन्हें पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण यात्रा में आई रुकावटों की वजह से भारत में रुकना पड़ा था। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध ने यात्रा की योजनाओं को पूरी तरह से बिगाड़ दिया था जिसके चलते वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका की टीमें कोलकाता में फंस गई थीं। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि दुबई में हवाई क्षेत्र और हवाई अड्डे बंद कर दिए गए थे। वेस्टइंडीज ने टी20 विश्व कप में अपना आखिरी मैच एक मार्च को कोलकाता में खेला था। आईसीसी ने बृहस्पतिवार को घोषणा की थी कि खिलाड़ियों का आखिरी समूह भी रवाना हो गया है। शनिवार को जारी एक बयान में सीडब्ल्यूआई ने पुष्टि की कि टूर्नामेंट में वेस्टइंडीज टीम का हिस्सा रहे सभी खिलाड़ी और टीम प्रबंधन के सदस्य अपनी यात्रा पूरी करके अपने-अपने गंतव्य तक पहुंच गए हैं। सीडब्ल्यूआई ने कहा, ''''खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ का आखिरी समूह पिछले कुछ दिनों में अपनी यात्रा पूरी करके अब सुरक्षित रूप से अपने-अपने गंतव्य तक पहुंच गया है।'''' वेस्टइंडीज के नौ खिलाड़ी इस हफ्ते की शुरुआत में ही रवाना हो गए थे जबकि बाकी 16 खिलाड़ियों के लिए व्यावसायिक उड़ाने बुक की गई थीं। सीडब्ल्यूआई ने खिलाड़ियों और स्टाफ की वापसी में मदद करने और तालमेल बैठाने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट बोर्ड, क्षेत्रीय क्रिकेट बोर्ड और अन्य संबंधित पक्षों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा हम वेस्टइंडीज के प्रशंसकों और पूरे क्रिकेट जगत का भी उनकी चिंता और शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद करते हैं।



घर पहुंचने की खुशी।

## गुलवीर ने न्यूयॉर्क में राष्ट्रीय हॉफ मैराथन रिकॉर्ड तोड़ा

**नई दिल्ली।** भारत के लंबी दूरी के स्टार धावक गुलवीर सिंह ने अपने करियर में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए रविवार को प्रतिष्ठित न्यूयॉर्क सिटी हाफ मैराथन में तीसरा स्थान हासिल किया और साथ ही 21.1 किमी की दूरी का पुरुषों का राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी तोड़ दिया।

सेना के इस 27 वर्षीय धावक ने 59 मिनट 42 सेकेंड का समय लेकर दौड़ पूरी की। वह दक्षिण अफ्रीका के एड्रियन वाइल्डशट से पीछे रहे जिन्होंने 59 मिनट 30 सेकेंड के समय के साथ पहला स्थान हासिल किया। मोरक्को में जन्मे अमेरिका के लंबी दूरी के धावक जुहैर तालबी 59 मिनट 41 सेकेंड के साथ दूसरे स्थान पर रहे।

# मेदवेदेव ने अल्काराज को साल की पहली हार का स्वाद चखाया

**इंडियन वेल्स (अमेरिका)**

दानिल मेदवेदेव ने शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज को इस साल की पहली हार का स्वाद चखाया और सीधे सेटों में जीत दर्ज करके इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। मेदवेदेव ने सेमीफाइनल में अल्काराज को 6-3, 7-6 (3) से पराजित किया। फाइनल में रूस के 11वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी मेदवेदेव का मुकाबला इटली के दूसरी वरीयता प्राप्त यानिक सिनर से होगा। सिनर ने अलेक्जेंडर ज़्वेरेव को 6-2, 6-4 से हराया। अल्काराज़ ने इससे पहले इस साल लगातार 16 मैच जीते थे, जिनमें ऑस्ट्रेलियाई ओपन और कतर ओपन के खिताब शामिल हैं। मेदवेदेव ने इस जीत से अल्काराज़ और सिनर के बीच एक और फाइनल की संभावना को खत्म कर दिया।

मेदवेदेव इससे पहले अल्काराज़ के खिलाफ अपने पिछले चार मुकाबलों में हार गए थे, जिनमें 2024 में इंडियन वेल्स के फाइनल में मिली हार भी शामिल है। मेदवेदेव की 2023 में यूएस ओपन के सेमीफाइनल के बाद यह अल्काराज पर पहली जीत है। सिनर ने ज्वेरेव को एक घंटे 23 मिनट में ही हरा दिया। सिनर ने चौथी वरीयता प्राप्त ज़्वेरेव के खिलाफ छह ऐस लगाए। सिनर का ज़्वेरेव के खिलाफ रिकॉर्ड अब 7-4 हो गया है। इस टूर्नामेंट में मेदवेदेव और सिनर दोनों ने ही अभी तक एक भी सेट नहीं गंवाया है। सिनर ने मेदवेदेव के खिलाफ अपने पिछले तीन मैच जीते हैं, जिनमें 2024 में यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल की जीत भी शामिल है।

इंडियन वेल्स



दानिल मेदवेदेव व कार्लोस अल्काराज।

रिकॉर्ड

### 16 वर्ष के विंगर मैक्स डोमैन ने एवर्टन के खिलाफ अपनी टीम के लिए स्टॉपेज टाइम में किया गोल

# प्रीमियर लीग में सबसे कम उम्र के गोल स्कोरर बने मैक्स डोमैन

**लंदन, एजेंसी**

आर्सेनल के 16 वर्षीय विंगर मैक्स डोमैन इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में सबसे कम उम्र के गोल स्कोरर बन गए। उन्होंने एवर्टन के खिलाफ अपनी टीम की 2-0 की जीत में स्टॉपेज टाइम में गोल किया। डोमैन ने अपने हाफ के बीच में गेंद को अपने कब्जे में लिया। वह एवर्टन के दो खिलाड़ियों को चकमा देकर आगे बढ़े और फिर गोल दाग दिया। उन्होंने 16 साल और 73 दिन की उम्र में यह गोल करके नया रिकॉर्ड बनाया। प्रीमियर लीग में यह उनका केवल तीसरा मैच था।

आर्सेनल के कोच मिकेल आर्टेटा ने कहा वह किसी भी अवसर, परिस्थिति या प्रतिद्वंद्वी टीम से विचलित नहीं होता है और अपना स्वाभाविक खेल खेलता है। उसका यह प्रदर्शन अविश्वसनीय था। डोमैन ने एवर्टन के पूर्व खिलाड़ी जेम्स वॉन का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2005 में 16 साल और 270 दिन की उम्र में क्रिस्टल पैलेस के खिलाफ गोल किया था। डोमैन ने पिछले साल नवंबर में सबसे कम उम्र में चैंपियंस लीग में खेलने का रिकॉर्ड बनाया था। जब उन्होंने स्लाविया प्राग के खिलाफ दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर कदम रखा था तब उनकी उम्र 15 साल और 308 दिन थी। आर्सेनल ने इस जीत से अंक तालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। उसके अब 31 मैच में 70 अंक हो गए हैं। दूसरे स्थान पर काबिज मैनचेस्टर सिटी के 30 मैच में 61 अंक हैं। मैनचेस्टर सिटी ने वेस्ट हैम के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला।



### प्रीमियर लीग के सबसे कम उम्र के गोल स्कोररों की सूची

1. मैक्स डोमैन : 16 वर्ष, 73 दिन (2026 में आर्सेनल बनाम एवर्टन)
2. जेम्स वॉन : 16 वर्ष, 270 दिन (2005 में एवर्टन बनाम क्रिस्टल पैलेस)
3. जेम्स मिलनर : 16 वर्ष, 356 दिन (2002 में लीड्स बनाम सुंदरलैंड)
4. वायने रूनी : 16 साल, 360 दिन (2002 में एवर्टन बनाम आर्सेनल)
5. रियो न्गुमोहा : 16 वर्ष, 361 दिन (2025 में न्यूकैसल बनाम सेलिवरपूल)

